

पटना : रविवार, 15 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-261 ■ पृष्ठ-12 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

छुट्टी की सूचना

छठ पूजा के अवसर पर 15.11.26 को दैनिक नव संदेश कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 नवम्बर को प्रकाशित होगा

-संपादक

संक्षिप्त खबरें

हसीना की वापसी को भारत ने 2 शर्त रखीं

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी को लेकर भारत ने दो शर्तें रखी हैं। इइउ बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि बांग्लादेश की सेना खुद भारत आए और हसीना को अपने साथ वापस ले जाए। भारत की दूसरी शर्त है कि फांसी की सजा के खिलाफ बांग्लादेश सरकार उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का भरोसा दे। यानी बांग्लादेश लौटने पर उन्हें अदालत में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका मिले। हालांकि, भारत सरकार ने इन दोनों शर्तों पर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हसीना ने दिसंबर में बांग्लादेश लौटने की इच्छा जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत पिछले कुछ महीनों से उनकी वापसी को लेकर बांग्लादेश सरकार से बातचीत कर रहा है।

सूर्यवंशी बने दुनिया के सबसे युवा टी-20 कप्तान

नई दिल्ली। भारत के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का नया सीजन आज से शुरू हो गया। शनिवार को 19 मैच हो रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा कप्तान होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बिहार और सौराष्ट्र के बीच मैच खेला गया। वैभव 15 साल 232 दिन की उम्र में बिहार की कप्तानी कर रहे हैं। इसके साथ ही वे इस फॉर्मेट में अब तक के सबसे युवा कप्तान बन गए।

गलवान झड़प के बाद बॉर्डर पर सैन्य तैनाती बढ़ी : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को हिंदुस्तान टाइम्स से जुड़े कार्यक्रम में कहा कि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों के बाद भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपनी सैन्य ताकत बढ़ाई है। वहां लंबे समय तक बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात रखना जरूरी हो गया है। जयशंकर ने कहा कि सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर को पहले नजरअंदाज किया गया था। लेकिन पिछले 10 साल में सीमा पर सड़कें, पुल, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने का काम तेजी से हुआ है। 15 जून 2020 को चीन ने पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में सैन्य अभ्यास के नाम पर बड़ी संख्या में सैनिक जुटाने शुरू कर दिए थे।



खरना संपन्न, छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ

पटना (एनएसबी)। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन में शनिवार को खरना पूजा में व्रतियों ने दिनभर उपवास के बाद सायंकाल में भगवान भास्कर की पूजा कर निष्ठा व पवित्रता से निर्मित गुड़ के खीर एवं घी लगी रोटी और ऋतुफल के प्रसाद को ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास का संकल्प लिया। व्रती के घरों पर खरना पूजा का प्रसाद खाने और खिलाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश झा ने बताया कि छठ महापर्व पर ग्रह-गोचरों का मंगलकारी संयोग बन रहा है। रविवार को षष्ठी होने से यह अतिशुभकारी संयोग बन गया है। आज सूर्यदेव को संध्या अर्घ्य पर सर्वार्थ सिद्धि एवं रवियोग का संयोग रहेगा। वहीं सोमवार 16 नवंबर को सप्तमी तिथि में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य वृद्धि योग एवं सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में दिया जाएगा। इसी के साथ महापर्व का समापन हो जाएगा। ज्योतिषी झा के अनुसार देवताओ में सूर्य ऐसे देवता हैं, जिनको प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। सूर्य की शक्ति का मुख्य स्त्रोत उनकी पत्नी उषा और प्रत्युषा है। सायंकालीन अर्घ्य में सूर्य की अंतिम किरण प्रत्युषा और फिर उदीयमान सूर्य की पहली किरण उषा को अर्घ्य देकर नमन किया जाता है।

किशनगंज में सबसे पहले होगा सूर्यास्त : खगोल शास्त्रियों की माने तो बिहार में सबसे पहलेकिशनगंज में सूर्यास्त होगा। जानकारों का कहना है कि किशनगंज बिहार के पूर्वी छोर पर है, जबकि भभुआ पश्चिमी हिस्से में। पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है, इसलिए पूर्व में स्थित जगहों पर सूर्य पहले डूबता दिखाई देता है। यही वजह है कि किशनगंज में सूर्यास्त पहले और भभुआ में करीब 19 मिनट बाद होता है।

सर्वार्थ सिद्धि योग में संध्या अर्घ्य आज, पारण कल

सूर्यदेव को जल देने वाला अर्घ्य पात्र

सूर्य उपासना के महापर्व में भगवान भास्कर को पीतल के पात्र से दूध एवं तांबे के पात्र से जल से अर्घ्य देने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। जबकि चांदी, स्टील, शीशा व प्लास्टिक के पात्र से सूर्य को अर्घ्य नहीं देना चाहिए।

छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें : सम्राट

सीएम ने भोजपुर के प्राचीन देव सूर्य मंदिर के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

■ सभी लोगों से छठ महापर्व को शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 14.78 करोड़ रुपए की लागत से भोजपुर जिला अंतर्गत देव सूर्य मंदिर परिसर तरारी के विकास कार्यों का रिमोर्ट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि आज 14.78 करोड़ रुपए की लागत से भोजपुर जिला अंतर्गत देव सूर्य मंदिर परिसर तरारी के विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया है। यह तरारीवासियों सहित हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग को भी बधाई देता हूं। सीएम ने कहा कि देव सूर्य मंदिर अत्यंत प्राचीन एवं धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना के लिए पहुंचते हैं। इस परिसर का विकास होने से धार्मिक पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा तथा स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के माध्यम से विभिन्न घाटों का निर्माण एवं विकास कराया जा रहा है, ताकि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। सीएम ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सीएम ने राज्यवासियों से अपील की कि वे छठ महापर्व को पूरी श्रद्धा, शांति और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर मनाएं। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से देवग्राम में सूर्य मंदिर परिसर के विकास कार्यों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, पर्यटन निदेशक उदयन मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



नितिन नवीन के आवास पर खरना पूजा, सीएम और राज्यपाल अता हसनैन समेत कई दिग्गज हुए शामिल

लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना के पावन अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना स्थित 3, टेलर रोड आवास पर पारंपरिक विधि-विधान से खरना पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठ महापर्व की पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक मान्यताओं का विशेष ध्यान रखते हुए खरना का प्रसाद तैयार किया गया। पूरे आवासीय परिसर में भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। विदित हो कि नितिन नवीन स्वयं भी उपवास रखते हैं। राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र के अतिरिक्त कई मंत्री मौजूद थे।

बाढ़ में बाइक-ट्रक की टक्कर में 2 की मौत

बाढ़ (एनएसबी)। बाढ़ में भीषण सड़क हादसा हो गया. पंडारक थाना क्षेत्र में सरहन डैम के पास फोरलेन पर हाईवा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद घायल युवक करीब दो घंटे तक हाईवा के नीचे फंसा रहा और मदद के लिए चिल्लाता रहा. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला. बाइक पर तीन युवक सवार थे. तीनों खगड़िया से अपने एक दोस्त का जन्मदिन मनाकर कैमूर लौट रहे थे. इसी दौरान सरहन डैम के पास फोरलेन पर तेज रफ्तार से मुड़ रहे हाईवा से उनकी बाइक टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, तीसरा युवक छोटू हाईवा के नीचे फंस गया. हादसे के बाद घायल छोटू करीब दो घंटे तक हाईवा के नीचे फंसा रहा।



पटना साहिब रेलवे स्टेशन की जेपी गंगा पथ से होगी सीधी कनेक्टिविटी

■ सीएम ने किया निमार्णाधीन संपर्क पथ के निर्माण कार्य का निरीक्षण

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना सिटी के समीप जेपी गंगा पथ अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निमार्णाधीन संपर्क पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार पाल ने इस परियोजना के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

सीएम ने कहा कि इस संपर्क पथ के निर्माण से पटना साहिब रेलवे स्टेशन की जेपी गंगा पथ से सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। साथ ही अशोक राजपथ एवं मारूफगंज मंडी क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। यह संपर्क पथ दलहट्टा, चरखीपर सहित आसपास के क्षेत्रों को भी बेहतर सड़क संपर्कता प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर आरओबी के माध्यम से जेपी गंगा पथ को नए एनएच-30 से भी जोड़ा जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अनिमेष पराशर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, डीएम कुंदन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अररिया में रजिस्ट्री कोर्ट के क्लर्क की गोली मार हत्या

पटना (एनएसबी)। बिहार के अररिया जिले में शनिवार को रजिस्ट्री कोर्ट के एक क्लर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। छठ पूजा के पावन अवसर पर हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान अमित भगत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जब वह अपनी गाड़ी से अपने गांव जा रहे थे, तब हथियारबंद हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।इलाज के लिए पूर्णिया ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शुरूआती जानकारी के अनुसार, गाड़ियों की टक्कर को लेकर हुए विवाद के बाद हमलावरों ने अमित की कार को रोका और उन पर गोलियां चला दीं। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।मृतक के रिश्तेदार देवेंद्र नाथ भगत के मुताबिक, अमित अपनी कार से पहुंसी गांव जा रहे थे। इसी दौरान बालचंदा की तरफ से आ रही एक बोलेरो पिकअप ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। बताया जाता है कि टक्कर के बाद तीखी बहस हुई। इस दौरान, पिकअप में सवार कुछ लोगों ने कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और अमित पर गोली चला दी।







एक नजर

गोरियाटोली छठ पूजा समिति द्वारा 1,000 से भी अधिक छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। गोरियाटोली छठ पूजा समिति ,पटना के तत्वावधान में राजा मार्केट, एक्जीबिशन रोड स्टेशन रोड कर्नर पर छठ वतियों के बीच पूजा सामग्री अर्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान लगभग




1,000(एक हजार) से अधिक छठ वतियों के बीच छठ पूजा की सामग्री का वितरण" किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव के साथ स्थानीय पार्षद एवं पूर्व उपमहापौर विनय कुमार पप्पु तथा वार्ड नं-28 के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री रामकृपाल यादव ने छठ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छठ पूजा लोक आस्था,सामाजिक समरसता, स्वच्छता और आपसी भाईचारे का महान पर्व है। इस प्रकार के आयोजन से समाज में सहयोग एवं सेवा की भावना मजबूत होती है।

छठ महापर्व को लेकर पटना जिला प्रशासन की सभी तैयारियाँ पूरी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना जिला अंतर्गत छठ महापर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए घाटों से लेकर संपर्क मार्गो तक व्यापक व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि लोक आस्था का यह महापर्व पूरी श्रद्धा, विश्वास एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी लगातार विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जहाँ कहीं भी किसी व्यवस्था में सुधार अथवा अतिरिक्त इंतजाम की आवश्यकता सामने आ रही है, वहाँ संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया जा रहा है।

छठ महापर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए विस्तृत रूट प्लान निर्धारित किया गया है। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित



कलेक्ट्रेट घाट पर व्यापक तैयारी।

कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को घाटों तक आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। यातायात प्रबंधन के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

सभी छठ घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग सहित सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें तथा प्रशिक्षित गोताखोर पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे। संबंधित टीमों को सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया गया है।

श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के लिए व्यापक इंतजामय घाटों से लेकर संपर्क मार्गो तक प्रकाश, चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था

प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक लगातार कर रहे हैं घाटों का निरीक्षण

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहकर निगरानी करने का निर्देश

सभी घाटों पर मेडिकल टीम को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। विशेष रूप से सर्पदंश की आशंका को देखते हुए मेडिकल टीमों के पास पर्याप्त मात्रा में सर्पदंश की दवा भी उपलब्ध रखने को कहा गया है।

छठ घाटों के साथ-साथ वहाँ तक पहुँचने वाले सभी प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संध्या एवं रात्रि के समय श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी प्रकाश व्यवस्था निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से बैकअप के रूप में जनरेटर को चालू हालत में रखने का निर्देश दिया गया है।

खबरें — खास-खास

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विभाग के उत्कृष्ट कार्यो व लंदन प्रवास से कराया अवगत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बीते दिनों पर्यटन विभाग लंदन प्रवास के दौरान लंदन की संसद के लर्ड रैमी रेंजर द्वारा बिहार में हो रहे विकास कार्यो एवं 'विकसित बिहार, समृद्ध बिहार' के संकल्प की सराहना करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लिए भेंट स्वरूप प्रदान किए गए अंगवस्त्र को पटना स्थित आवास पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने ससम्मान पूर्वक सादर भेंट किये व उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान बिहार की बढ़ती वैश्विक पहचान, विकास के प्रति अंतरराष्ट्रीय विश्वास और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार को पर्यटन, संस्कृति एवं विकास के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए हम निरंतर संकल्पित हैं।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता।

शिक्षा मंत्री के आवास पर जुटे आम और खास,मंत्री ने खुद बांटा खरना का प्रसाद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के आवास पर आम से लेकर खास लोगों का जुटान हुआ। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार समेत कई नेता खरना का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। शिक्षा मंत्री की पत्नी छठ वत कर रही हैं। इस दौरान शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने आवास पर पहुंचे सभी लोगों का आत्मीय स्वागत किया और अपने हाथों से खरना का प्रसाद वितरित किया।



ऐतिहासिक मंदिर में 14.78 करोड़ के खर्च से हो रहा आधारभूत एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास

देव सूर्य मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण का सीएम ने किया लोकार्पण एवं उद्घाटन

आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के अधीन भोजपुर जिलांतर्गत तरारी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव सूर्य मंदिर परिसर में कराए गए विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में तरारी विधायक विशाल प्रशांत, सहायक समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा देव सूर्य मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की योजना क्रियान्वित की गई है। इस योजना के तहत कुल 14.78 करोड़ की स्वीकृत राशि से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजना के प्रमुख कार्यों में सामुदायिक भवन (जी.1) का निर्माण, मंदिर परिसर की चहारदीवारी, तालाब में सीढ़ियों का निर्माण, तालाब के चारों ओर पाथवे का निर्माण एवं रेड सैंड स्टोन लगाने, मंदिर परिसर में पाथवे निर्माण एवं पौधारोपण तथा मुख्य पथ के समीप मुख्य द्वार का निर्माण शामिल है।



लोकार्पण एवं उद् घाटन समारोह में मंचासीन जिले के अधिकारी।

देव सूर्य मंदिर का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। उपलब्ध ऐतिहासिक विवरण के अनुसार, मंदिर का निर्माण द्वापर युग के राजा वरुण तथा चैथी से छठी शताब्दी के बीच गुप्त वंश के शासनकाल से संबंधित बताया जाता है। मंदिर परिसर में काले पत्थरों एवं बलुआ पत्थरों से निर्मित भगवान सूर्य की छोटी-बड़ी 12 मूर्तियों सहित लगभग 100 मूर्तियां विद्यमान हैं, जिनमें कुछ खंडित तथा कुछ अच्छी अवस्था में हैं।

इस विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के पूर्ण होने से देव सूर्य मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, क्षेत्र में धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा भोजपुर जिले की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान मिलेगी।

बेलाउर सूर्य मंदिर एवं छठ घाटों का डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाउर सूर्य मंदिर एवं छठ घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही, घाटों पर एसडीआरएफ की टीम की उपलब्धता एवं तैनाती की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने का निर्देश दिया गया।

घाटों पर एसडीआरएफ की टीम की उपलब्धता एवं तैनाती की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया

संक्षिप्त खबरें

संघर्ष सेवा समिति ने छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री एवं फल का वितरण

सहार (दैनिक नवसंदेश)। संघर्ष सेवा समिति की ओर से सहार तथा खैरा बाजार में छठ व्रतियों के बीच कलसूप, नारियल एवं विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित कर पर्व की खुशियों को साझा किया। समिति की इस पहल की लोगों ने सराहना की। समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार चांद और नवीन राय ने कहे फल वितरण कार्य समाजित सभी के सहयोग से सफल होता है। उक्त कार्यक्रम में नवीन कुमार, सुजीत कुमार, मुन्ना पांडे,सुधीर पांडे, अक्षय राय, सुरेंद्र सिंह, रौशन सिंह, पंकज सिंह, पंकज सिंह, अंकुश कुमार, ओमनारायण सिंह, गोरख कुमार, चितरंजन सिंह, मुकेश कुमार इत्यादि सम्मिलित रहें।



धर्मावती नदी के तट पर बरिसवन गांव में छठ की तैयारी पूरी, बीडीओ ने किया घाटों का निरीक्षण

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के धर्मावती नदी के तट पर बरिसवन गांव में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाट पर पंडाल, लाइटिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह ने छठ घाट का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि बरिसवन गांव में धर्मावती नदी के तट पर लगभग चार से पांच हजार परिवार छठ व्रत करते हैं। इसे देखते हुए प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जाते हैं। घाट पर रोशनी और पंडाल की व्यवस्था के साथ नदी के गहरे पानी वाले हिस्से में बैरिकेडिंग भी की जाती है। ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति सदस्य कमलदेव तिवारी सहित कई ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



नवनिर्मित पक्के छठ घाट का महापौर ने किया उद्घाटन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। महापौर इंदु देवी ने शनिवार को वार्ड संख्या-35 स्थित धरहरा मठिया में नवनिर्मित पक्के छठ घाट का उद्घाटन किया। इस घाट के निर्माण से स्थानीय छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को अपने ही क्षेत्र में छठ पूजा करने की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर महापौर इंदु देवी ने कहा कि पहले छठ घाट की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण क्षेत्र के व्रतियों को पूजा-अर्चना के लिए दूर जाना पड़ता था। अब नवनिर्मित घाट से उनकी वर्षों पुरानी परेशानी दूर होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की सुविधा और जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत है। समारोह में वार्ड-35 की पार्षद उषा देवी, पार्षद प्रतिनिधि अरुण कुमार उर्फ टुनटुन महतो, वार्ड-6 के पार्षद प्रतिनिधि मुन्नू सिंह, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश सह-संयोजक सह मेयर प्रतिनिधि आलोक अंजन उर्फ छोटे, महेश पासवान, विनोद ठाकुर, ऋषिकेश कुमार, महेश कुमार, लखन देव कुमार, प्रमिला देवी, मोहिनी कुमारी, ज्योति कुमारी, मालती देवी, सुषमा देवी, केशव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



नगरांव में हुआ नाटक का मंचन

चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। नगरॉव गांव में लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा के पहले दिन नहाए खाये के अवसर पर सामाजिक भोजपुरी नाटक दामी दूल्हा का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगरी पंचायत की पूर्व मुखिया शारदा देवी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साधु राम ने जबकि मंच का संचालन अशोक सिंह ने किया। नाटक में शामिल कलाकारों में स्वतंत्र कुमार, मिथिलेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अमित सिंह, राहुल कुमार, सुरेश राम, लखु राम, प्रिंस कुमार छोटू, अमित राम, मुन्ना प्रसाद, अमरजीत, हिमांशु, आकाश कुमार, आदित्या विक्की सहित निर्देशक सुमन्त कुमार सिंह ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का मन मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर एनआईसी कंप्यूटर चरपोखरी की ओर से कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया वहीं नाटक में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष राणा यादव, लक्ष्मण सिंह, जानार्दन सिंह, प्रवीण कुमार, रुदल सिंह, प्रिया रंजन कुमार, छोटे लाल सिंह, संतोष सिंह एवं गुड्डू साह सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

मणिपुर और गया के तीन पर्यटकों को बंधक बना कर वसूली रंगदारी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नगर थाना के सपना सिनेमा मोड़ स्थित एक लॉज में गया और मणिपुर के तीन पर्यटकों को देसी तमंचे के बल पर बंधक बनाकर रंगदारी वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एनजीओ की फंडिंग के नाम पर बुलाने के बाद हथियार के बल पर पर्यटकों को बंधक बना लिया गया और तीन लाख की रंगदारी की मांग गयी। नहीं देने पर मारपीट की गयी। जबरन बीस हजार रुपए ऑनलाइन वसूल भी लिया गया। सूचना मिलने के बाद हरकत में आयी नगर थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों पर्यटकों को मुक्त कराया गया। मौके से एक नाबालिग समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। उनके पास से मैगजीन लोड एक देसी कट्टा, एक कारतूस और चार मोबाइल बरामद किए गए हैं।

घटना गुरुवार की रात की है। गिरफ्तार अपराधियों में नगर थाना के आनंद नगर निवासी राजेश सिंह के पुत्र सुजल कुमार, नेहरु नगर निवासी वीर बहादुर यादव के पुत्र अब्बी कुमार, तेजू यादव के पुत्र आशीष कुमार और मुफस्सिल थाना के अलिपुर गांव निवासी विनय प्रसाद के पुत्र मनी कुमार और एक किशोर शामिल हैं। सभी द्वारा मणिपुर के सेनापति निवासी डीपी फिलिप, एन मोसरिल और गया के नौवागढ़ी निवासी समीर कुमार को बंधक बनाया गया था। सदर एसडीपीओ वन सुशील कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ अपराधियों द्वारा रंगदारी वसूलने के लिए तीन बाहरी लोगों को सपना सिनेमा मोड़ स्थित एक लॉज में बंधक बना कर रखा गया। तत्काल थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में नगर थाने की पुलिस लॉज पहुंची। तलाशी के दौरान लॉज के एक बंद कमरे से तीन लोगों को बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि तीनों घूमने के लिए आरा आये थे और एक रिजॉर्ट में ठहरे थे। मनी कुमार तीनों को बहला फुसलाकर सपना सिनेमा मोड़ स्थित लॉज ले गया। तीनों को एक कमरे में बंद कर दिया गया और हथियार के बल पर तीन लाख की रंगदारी की मांग की जाने लगी। उस दौरान अपराधियों द्वारा डीपी फिलिप के परिजनों से ऑनलाइन बीस हजार रुपए भी मंगा लिया गया है। बंधक बनाने और रंगदारी वसूलने में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार, एक लॉज में बंधक बनाकर रखे गए थे पर्यटक

गर्भवती नवविवाहिता की गला दबा कर हत्या का आरोप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। ख्वासपुर थाना क्षेत्र के जानकी बाजार गांव में शुक्रवार की शाम गर्भवती नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप सामने आया। घटना के बाद पति एवं ससुराल वाले उसके शव को घर में छोड़ फरार हो गए। परिजन द्वारा दहेज में पैसे की मांग को लेकर बेल्ट से गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका ख्वासपुर थाना के जानकी बाजार गांव निवासी कल्लू साह की 20 वर्षीया पत्नी नंदनी देवी है। मृतका के चाचा नीतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के बैरिया थाना के शोभा छपरा गांव निवासी शिव कुमार साह द्वारा अपनी बेटी नंदनी की शादी इसी वर्ष 12 मार्च को जानकी बाजार गांव निवासी रामजी साह उर्फ अशोक साह के पुत्र कल्लू के साथ की थी। शादी के चार दिन बाद ही उसके पति कल्लू साह के द्वारा लड़की के बड़े भाई शैलेश कुमार गुप्ता को बंधक बनाकर दहेज में डेढ़ लाख रुपये की और मांग करने लगे। इसके बाद आपसी समझौते से उनके द्वारा उसके भाई को छोड़ा गया। इसके बाद उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा उसके साथ बराबर मारपीट की जाती थी एवं उसे प्रताड़ित भी किया जाता था। शुक्रवार की शाम ग्रामीण द्वारा फोन के माध्यम से इसकी जानकारी उसके ननिहाल वालों को दी गई। नीतीश कुमार गुप्ता ने उसके पति कल्लू साह, ससुर रामजी साह उर्फ अशोक साह एवं सास पर दहेज में डेढ़ लाख रुपए की मांग को लेकर बेल्ट से उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। ख्वासपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका की मौत के बाद उसके ससुराल वाले फरार हो गए है। वह दो माह की गर्भवती भी थी।



छठ घाटों की व्यवस्था व सुरक्षा का विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने लिया जायजा निर्देश

बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने लगातार दूसरे दिन बड़हरा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का एडीएम आपदा, बड़हरा प्रखंड विकास पदाधिकारी नीलेश कुमार,अंचलाधिकारी अंशु प्रसुन्न एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ लौहर, केशोपुर, चातर, बबुरा ,विशुनपुर सहित विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में विधायक ने बड़का लौहर छठ घाट पर पहुंचकर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। वहीं केशोपुर मुक्ति धाम घाट पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ नाव, एसडीआरएफ टीम एवं अन्य सुरक्षा इंतजामों को पूरी तरह सुदृढ़ रखने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। उन्होंने घाट पर मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके पश्चात विधायक ने चातर स्थित सूर्य मंदिर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की तैयारियों का जायजा लिया तथा स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बबुरा छठ घाट सहित पुजा पंडालो के निरीक्षण के दौरान विधायक ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया। सभी नदी घाटो पर बेरिकेडिंग लगाने का विशेष निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय, भाजपा नेता संतोष सिंह संटु, केशोपुर के पूर्व मुखिया, रंजीत गुप्ता, संदीप कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष टुनटुन महतो, नवीन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।



छठ व्रतियों के बीच वितरित किया गया कलसूप-नारियल

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बड़हरा प्रखंड के गुंडी गांव में शनिवार को महापर्व को लेकर शनिवार को छठ व्रतियों बीच कलसूप, नारियल, सेव एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर जय प्रकाश यादव उर्फ जेपी, धर्मेंद्र यादव, इच्छित, सोनू यादव, धीरज यादव समेत अन्य लोगो ने संयुक्त रुप से सवा सौ छठ व्रतियों के बीच बांस से निर्मित कलसूप, नारियल, ईख, सेव, नारंगी एवं पूजन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर जय प्रकाश यादव ने कहा कि महापर्व छठ समरसता का प्रतिक है। इस पर्व में अमीर-गरीब एवं ऊंच-नीच का भेदभाव मिट जाता है। भगवान सभी लोगो पर अपनी ऊर्जा समान रूप से बिखेरते हुए ऊंच-नीच का भेद नहीं करते है। उन्होंने ग्रामवासियों को महापर्व छठ की अग्रिम बधाई देते हुए कहा की यह महापर्व हमें पेड़-पौधों के रोपण तथा उनके संरक्षण की सीख देता है।



आरा रोटी बैंक ने किया 401 कलसुप सेट का वितरण



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में सदर हॉस्पिटल के सामने मेयर इंदु देवी, सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र सिन्हा, डीआरडीए डायरेक्टर लोक प्रकाश, विभा सिन्हा, शैलजा सिंह, संतोष सिंह भारद्वाज, सोनाली देवी, राणा प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेयर इंदु देवी ने कहा सामूहिक जनभागीदारी के द्वारा ऐसे पुण्य कार्य सामाजिक हित में होते रहने चाहिए साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन भी दियाडॉ शिवेंद्र सिन्हा ने कहा आस्था के महापर्व पर यह प्रसाद वितरण सराहनीय है। लोक प्रकाश ने बतलाया आस्था के महापर्व को मनाने दूर दराज से अपनी माटी अपने गाँव आकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते है। संतोष सिंह भारद्वाज ने कहा कि संस्था निस्वार्थ भाव से आस्था के महापर्व छठ में प्रसाद वितरण के कार्यक्रम को संकल्प रूपी ऊर्जा से विगत 2019 से सिद्ध करते आ रही है। मुक्तिकांत ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि जरूरतमंदों के बीच छठ मैया के आशीर्वाद से हमे हर वर्ष ये पुनीत कार्य करने का सौभाग्य मिल रहा है। अध्यक्ष सोनाली देवी ने कहा समाज के मुख्यधारा में जोड़ने को सदैव प्रयासरत है। अखौरी दीपक बिहारी ने कहा कि छठ पूजा प्रसाद वितरण के अंतर्गत कलसुप, नारियल, घाघल, अनानास, सेव, संतरा तथा संपूर्ण पूजन सामग्री वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रुति अग्रवाल, नेहा, हर्षिता विक्रम, राजीव सिंह, रोशन सोनी, टूना, प्रिंस श्रीवास्तव, राजा, विशाल, रितेश, अभिषेक, अंकित, आकाश, प्रभात, राकेश, अभिषेक सिन्हा, मनीष, रवि जी, राहुल आनंद आदि सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

डीजल चोरी के अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। गीधा थाना में डीजल चोरी के अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश हुआ है। खुलासे में सामने आया कि दूसरे वाहनों से डीजल चोरी करने के लिए शातिर गिरोह ने अपने ही ट्रक को चलता-फिरता तेल गोदाम बना रखा था। इसके लिए ट्रक में अलग से बड़ा गुप्त टैंक बनवाया गया था, जिसमें चोरी का डीजल जमा किया जाता था। भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऐसे ही एक अंतरराज्यीय डीजल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

ट्रक का चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। शनिवार को सदर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गीधा गांव के समीप यूपी नंबर के दस चक्का ट्रक को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान ट्रक में डीजल जमा करने के लिए बनाया गया अतिरिक्त टैंक और तेल निकालने में इस्तेमाल होने वाले कई पाइप बरामद हुए। ट्रक की विशेष बनावट देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह के सदस्य सड़क किनारे खड़े ट्रक, ट्रेलर और हाइवा से पाइप के जरिए डीजल चोरी करते थे। इसके बाद चोरी के तेल को अपने ट्रक में बने अतिरिक्त टैंक में भर लेते थे। चोरी किए गए डीजल का इस्तेमाल करने के साथ उसकी बिक्री भी की जाती थी।

विरोध करने वाले वाहन चालकों और खलासियों को हथियार तथा लाठी का भय दिखाकर चुप कराने का भी आरोप है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के मुंडाली थाना के जीसैरा निवासी ट्रक मालिक मो. रिजवान, बुलंदशहर जिले के अगोता थाना के अनहेड़ा निवासी सुनील कुमार उर्फ सुशील कुमार और बिबीनगर थाना के मंडौना निवासी सुवेंद्र सिंह के रूप में हुई है। फरार चालक की पहचान हापुड़ जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के दसना शेखपुर निवासी सराफत उर्फ भूरा के रूप में की गई है। कार्रवाई के दौरान 1.65 लाख रुपये, एक देसी कट्टा, तीन कारतूस, तीन मोबाइल फोन, एक बड़ी कैंची, लकड़ी के दो बट, 40 लीटर क्षमता वाले तीन गैलन और डीजल निकालने के छह पाइप बरामद किए हैं। डीजल चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे दस चक्का ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है।

हथियार, कारतूस, नकदी व उपकरण बरामद



गिरफ्त में बदमाश एवं मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

आमजनों की सुरक्षा अपराध नियंत्रण और तस्करी माफियागिरी पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति सख्ती से लागू रहेगी : नैयर हसनैन खान

बीएसएपी के एडीजी नैय्यर हसनैन खान पहुंचे मुजफ्फरपुर, पुलिस के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

मुजफ्फरपुर/कांटी(एनएसबी)। ।(बिहार पुलिस के बीएसएपी एडीजी व जिले के नोडल प्रभारी नैय्यर हसनैन खान शुक्रवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में प्रभारी डीआईजी, एसएसपी और जिले के तमाम वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ घंटों लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद देर शाम उन्होंने एसडीपीओ पश्चमी वन व सरैया एसडीपीओ ऑफिस का औचक निरीक्षण भी किया एवं कई आवश्यक आदेश भी दिया। मीडिया को संबोधित करते हुए एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने कहा कि बैठक में अपराध नियंत्रण, मामलों के त्वरित निष्पादन, अनुसंधान और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ जारी


एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने एसडीपीओ पश्चिम वन व सरैया एसडीपीओ ऑफिस का किया निरीक्षण, दिया कई आवश्यक निर्देश

अभियान की समीक्षा की गई है साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस को अभी से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व संपन्न हों। एडीजी ने महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस को तत्काल कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों (हॉटस्पॉट) को चिह्नित किया जाए। इन क्षेत्रों में विजिबल (दृश्य) और इनविजिबल (समान्य वेशभूषा में) दोनों तरह की पुलिसिंग तैनात की जाए। गश्ती और चेकिंग के लिए सर्विलांस व आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो। रात, सुबह और दोपहर के समय प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिले की सीमाओं और प्रवेश मार्गों पर कड़ी नाकाबंदी रहे। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू रहेगी। भू-माफिया, संगठित अपराध में शामिल तत्वों और उन्हें संरक्षण देने वाले सफेदपोशों को बेनकाब कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा साइबर धोखाधड़ी, अफवाह फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

पुलिसिंग के स्तर को बेहतर बनाने के लिए थाना, अनुमंडल और जिला स्तर पर केसेस के निष्पादन और ट्रायल का टारगेट फिक्स किया जाएगा। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में सुधार हुआ है, लेकिन जहां शिथिलता पाई जाएगी, वहां ढीले-ढाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने एसएसपी को निर्देश दिए कि पुलिस की छवि जनता के बीच बेदाग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच होगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि अनुशासनहीनता और गलत आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी डीआईजी, मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, एसडीओपी पश्चिमी वन सुचित्रा कुमारी, सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर समेत कई पुलिस के अधिकारियों उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

चार दिवसीय छठ पूजा का अनुष्ठान करेंगे सांसद डा गोपाल जी ठाकुर



दरभंगा (एनएसबी)। चार दिवसीय सूयोर्पासना के महापर्व छठ पूजा में स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर बिरौल प्रखंड के पड़री गांव स्थित अपने पैतृक आवास पर अनुष्ठान करेंगे तथा व्रत रखेंगे। सांसद डॉ ठाकुर के निजी सचिव मनीष ठाकुर ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सांसद डा ठाकुर शुक्रवार 13 नवम्बर को देर संध्या अपने गांव पहुंचेंगे तथा नहाय खाए के साथ अनुष्ठान की शुरूआत करेंगे। सांसद डॉ ठाकुर के सचिव के अनुसार 14 नवंबर शनिवार को खरना व्रत रखकर महाप्रसाद ग्रहण करेंगे एवं स्थानीय श्रद्धालुओं के महाप्रसाद के बीच वितरण भी करेंगे। सांसद के सचिव ने बताया कि छठ पूजा के तीसरे दिन रविवार को गांव के सतीस्थान स्थित तालाव में खड़ा होकर अस्तलगामी सूर्य तथा चौथे दिन सोमवार को प्रातःकालीन सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अनुष्ठान का समापन करेंगे। सांसद के सचिव के अनुसार सांसद डा ठाकुर पिछले 16 सालों से सूयोर्पासना का चार दिवसीय अनुष्ठान करते आए हैं।

पथ निर्माण मंत्री सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा ने छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

दरभंगा (एनएसबी)। छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा ई. कुमार शैलेन्द्र द्वारा जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने शहर के प्रमुख छठ घाटों में शामिल के.एम. टैंक पोखर, हराही पोखर, गंगासागर पोखर एवं दिग्घी स्थित म्यूजियम घाट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छठ महापर्व को लेकर घाटों पर की जा रही तैयारियों एवं उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के अवसर पर जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जल रड्डी, नगर आयुक्त गरिमा लोहिया, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



निरीक्षण करते मंत्री।

विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

शिक्षकों के स्थानांतरण सूची का अंतिम रूप प्रदान करने हेतु बैठक का आयोजन

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार राज्य शिक्षक स्थानान्तरण नियमावली, 2026 एवं उक्त नियमावली के आलोक में निर्गत अनुवर्ती निदेश में वर्णित प्रावधानों के आलोक में जिला के अंदर स्थानान्तरण हेतु शिक्षकों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर जिला पदाधिकारी, दरभंगा की अध्यक्षता में दिनांक - 09/09/2026 को जिला स्थापना समिति की सम्पन्न बैठक में 1341 शिक्षकों को औपबंधिक रूप से विद्यालय आवंटित किया गया था। औपबंधिक सूची के प्रकाशन के उपरांत ऑनलाइन कुल- 216 आपत्ति प्राप्त हुई,जिसे समिति द्वारा समीक्षोपरांत सही पाये गये आपत्तियों का निराकरण के उपरांत स्थानांतरण सूची का अंतिम रूप प्रदान करने हेतु जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। शिक्षकों से जिला के अंदर स्थानान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन एवं आपत्तियों, निर्धारित पात्रता, स्थानांतरण अंक, उपलब्ध रिक्तियों एवं शिक्षकों द्वारा दिये गये विकल्पों के आधार पर ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से विद्यालय आवंटन की कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण सूची को अंतिम रूप प्रदान किया गया है।

जिला के अंदर स्थानान्तरण हेतु शिक्षकों से प्राप्त कुल 3244 आवेदनों के आधार पर 1336 शिक्षकों को अंतिम रूप से विद्यालय आवंटित किया गया एवं शेष 1908 शिक्षकों को विद्यालय आवंटित नहीं हो सका।

लड़की का प्राइवेट फोटो वायरल करने के मामले में एक गिरफ्तार

दरभंगा (एनएसबी)। साइबर थाना की पुलिस ने लड़की का प्राइवेट फोटो वायरल करने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल गांव के रहने वाले मदन सहनी के रूप में हुई है। पिछले कई महीनो से एक लड़की का प्राइवेट फोटो वायरल कर रहा था और शादी करने के लिए दवाब बना रहा था। बार-बार मना करने के बावजूद युवक मदन सहनी इंटरनेट मीडिया पर फोटो वायरल कर रहा था वही व्हाट्सएप पर फोटो भेज कर शादी करने का दवाब बना रहा था। साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी विपिन बिहारी ने बताया कि मामले के गंभीरता को देखते हुए थाना कांड संख्या 70/26 इंस्पेक्टर अनिल कुमार को अनुसंधानक बनाया गया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर मंथन सहनी को कटिहार जिला के कोढ़ा गांव से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार हो गया था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

48 घंटे के अंदर बच्ची की बरामदगी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

बिरौल (एनएसबी)। विगत 7 नवंबर को बिरौल के सुपौल बाजार से गायब हुई तीन नाबालिग बच्चियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मिथिला स्टूडेंट यूनियन के प्रदेश सचिव नवीन सहनी जी अपने साथियों के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्होंने बताया कि घटना को घटित हुए 7 दिन हो गए हैं लेकिन प्रशासन के द्वारा अभी तक किसी भी तरह की सुराग का न मिल पाना कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने के साथ साथ बिरौल पुलिस प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करती है साथ ही उन्होंने स्थानीय विधायक और सांसद को भी जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि स्थानीय विधायक सुजीत सिंह और सांसद गोपालजी ठाकुर के द्वारा अभी तक पीड़ित परिवार से न मिलना और किसी भी तरह की सकारात्मक पहल न करना क्षेत्र के लोगों के प्रति उनकी हीन भावना को दशार्ती है। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि 48 घंटे के अंदर अगर बिरौल पुलिस द्वारा किसी भी तरह की सकारात्मक पहल नहीं हुई तो मिथिला स्टूडेंट यूनियन उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी।।मौके पर सत्यम सिंह, रौनक सिंह, एम पी यादव, विवेक सिंह आदि मौजूद थे।



पीड़ित परिवार से मिलते एमएससीयू के सदस्य

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

अलीनगर। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार, 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर क्षेत्र के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। अलीनगर एवं पकड़ी चौक हाट में बांस से बने छिट्टा, कोनियां सहित अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदारी के लिए विशेष रूप से महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं, छठ पर्व को लेकर गांवों में तालाब, नदी एवं नहरों के घाटों की साफ-सफाई में युवा जुटे हुए हैं। प्रशासन भी घाटों पर सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्था को लेकर सक्रिय है। बीडीओ ललित कुमार मिश्रा एवं थानाध्यक्ष रंजीत शर्मा विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर समस्याओं का जायजा ले रहे हैं।

बिहार के नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के सचिव पद पर पदस्थापना नहीं होना गंभीर प्रशासनिक चिंता का विषय

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार सरकार के नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, भा.प्र.से. का सचिव, शिक्षा विभाग के पद पर स्थानांतरण किए जाने के बाद उच्च शिक्षा विभाग के सचिव पद पर किसी अन्य पदाधिकारी की पदस्थापना अथवा अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने का उल्लेख कार्यालय आदेश संख्या 2303, दिनांक 12.11.2026 में नहीं किया गया है। इस परिस्थिति में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का पद रिक्त प्रतीत होना राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एक गंभीर प्रशासनिक एवं नीतिगत प्रश्न खड़ा करता है।

उल्लेखनीय है कि बिहार में उच्च शिक्षा के स्वतंत्र एवं प्रभावी संचालन, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक कार्यों के बेहतर समन्वय तथा उच्च शिक्षा के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अलग उच्च शिक्षा विभाग का गठन किया गया है। ऐसे महत्वपूर्ण विभाग में सचिव स्तर पर पद रिक्त रहना न केवल विभागीय प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, बल्कि इससे राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा से संबंधित संस्थानों के कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।सचिव विभाग का प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी होता है, जिसके माध्यम से विभागीय नीतिगत निर्णयों, प्रशासनिक अनुमोदनों, वित्तीय मामलों, विश्वविद्यालयों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों तथा विभिन्न लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। ऐसी स्थिति में सचिव की अनुपस्थिति से विभागीय निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब एवं प्रशासनिक बाधाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इस संदर्भ में राज्य सरकार एवं सक्षम प्राधिकार की प्रशासनिक प्राथमिकताओं तथा जवाबदेही पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि आखिर इतने महत्वपूर्ण एवं नवगठित विभाग के सचिव पद पर समय रहते किसी अन्य सक्षम पदाधिकारी की पदस्थापना अथवा अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? क्या उच्च शिक्षा विभाग के स्वतंत्र एवं प्रभावी संचालन को अपेक्षित प्राथमिकता दी जा रही है? साथ ही, यह भी विचारणीय है कि कहीं ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के स्वतंत्र अस्तित्व, कार्यक्षमता एवं प्रशासनिक स्वायत्तता को धीरे-धीरे कमजोर करने का कारण तो नहीं बन रही है? बिहार में उच्च शिक्षा का दायरा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों तथा लाखों विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग को नेतृत्वविहीन अथवा प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के अभाव में छोड़ना राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के हित में उचित नहीं माना जा सकता।

संजय कुमार झा की पहल से जरूरतमंद परिवार को मिली बड़ी राहत की उम्मीद : ललिता झा

दरभंगा (एनएसबी)। जनता दल (यूनाइटेड) की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व उपाध्यक्ष, जिला परिषद दरभंगा ललिता झा ने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के जनसेवा के प्रति समर्पण और संवेदनशील पहल की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि संजय कुमार झा जी ने एक बार फिर साबित किया है कि एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही होता है, जो आम लोगों की पीड़ा को समझे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करे।

ललिता झा ने बताया कि बिहार के एक जरूरतमंद परिवार के बच्चे के उपचार से जुड़े गंभीर मामले को संजय कुमार झा जी ने गंभीरता से उठाया। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से पहल की, जिसके परिणामस्वरूप 31 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्री द्वारा पत्र के माध्यम से उपचार में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है।ललिता झा ने कहा कि संजय कुमार झा जी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद की गरिमा के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी प्राथमिकता देते हैं। जरूरतमंदों की आवाज बनना और उनकी मदद के लिए लगातार प्रयास करना उनके जनसेवी व्यक्तित्व को दशार्ता है। राजनीति का वास्तविक उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। संजय कुमार झा इसी भावना के साथ जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। ललिता झा ने इस मानवीय पहल के लिए संजय कुमार झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जनसेवा के प्रति समर्पण और संवेदनशील नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।



संजय झा, ललिता झा एवं अन्य।

जनसेवा और संवेदनशील नेतृत्व का परिचय दे रहे हैं संजय कुमार झा

24 नवंबर को आयोजित होने वाले सुशासन दिवस : नीतीश संवाद की सफलता को लेकर दरभंगा में तैयारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

दरभंगा (एनएसबी)। आगामी 24 नवंबर 2026 को डीएमसीएच के ऑडोटोरियम में आयोजित होने वाले ह्यसुशासन दिवस नीतीश संवादह्ल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज दरभंगा में तैयारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक पंडासराय जदयू जिला कार्यालय स्थित आयोजित की गई। बैठक मंत्री लेसी सिंह एवं विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल की देखरेख में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष सह विधायक ईश्वर मंडल ने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम की सफलता से पूर्व तक जिले के हर प्रखंड टोला कस्बों तक युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही हैं।

मंत्री सह इस कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक लेशी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में बदलाव के नायक हैं। उन्होंने वर्ष 2005 से पहले की अराजकता, अंधेरे और जंगलराज को खत्म कर राज्य में सुशासन की नींव रखी। उन्होंने कहा कि पहले बिजली की उपलब्धता बड़ी समस्या थी, जबकि अब स्थिति बदल चुकी है. सड़क, पुल, अस्पताल और स्कूल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नीतीश कुमार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में उनके द्वारा किए गए कामों का उदाहरण स्वतंत्र भारत में दूसरा नहीं है। विधायक विनय चौधरी ने कहा कि नीतीश संवाद की सफलता के लिए हर स्तरों पर तैयारी की जा रही हैं जिसे ऐतिहासिक बनाना हम सबों की प्राथमिकता हैं। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय एवं जनकल्याण के विचारों और उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और पूरी प्रतिबद्धता के साथ आयोजन की सफलता में जुटने का आह्वान किया गया।

बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि 24 नवंबर का यह आयोजन जनभागीदारी, संगठनात्मक एकता और सुशासन के संकल्प का प्रभावशाली संदेश देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम बनेगा। कार्यक्रम के बेहतर संचालन, संगठनात्मक समन्वय, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आमजनों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक रणनीति तैयार की गई।

इस कार्यक्रम में दरभंगा कार्यक्रम की प्रभारी संगीता ठाकुर, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र दरभंगा के प्रत्याशी घनश्याम राय, डॉ अजीत चौधरी, शिव नंदन सिंह,कन्हैया शाह, अरूण झा, ललिता झा, मृदुला राय राम प्रवेश पासवान, डॉ अशोक कुमार सिंह, मुरारी मोहन मिश्रा,खुशबू सिंह, प्रदीप कुमार महतो, पप्पू महासेठ,अंजुला शर्मा, छेदी राय, सुदर्शन झा, पप्पू चौधरी, नागेंद्र पासवान, बोयेलाल मंडल, विनोदानंद झा, भगीरथ पासवान, मनोज कुमार सिंह, राजेश राय, राज कुमार राय, संजय झा, राजेश चौधरी, संतोष सिंह, परितोष यादव, जीतेन्द्र कुमार भानु, घनश्याम राय, आदि सैकड़ो साथी जदयू के उपस्थित रहे।



संबोधित करती मंत्री लेसी सिंह साथ में ईश्वर मंडल एवं अन्य उत्तेज।

मंत्री लेसी सिंह एवं विधायक सह जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल की देखरेख में बनी कार्यक्रम की सफलता की रणनीति

संसार की तपस्या एक तरफ और छठ की उपासना एक तरफ

बेनीपुर (एनएसबी)। छठी महारानी की महिमा अद्भुत है। शंकराचार्य महाभाग कहते हैं कि संसार की तपस्या एक तरफ और छठ की उपासना एक तरफ है। यह व्रत अत्यंत कठोरतापूर्वक संपादित किया जाता है। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व प्रकृति पूजा एवं प्रत्यक्ष देवता सूर्य उपासना का पर्व है। छठी मैया सूर्य भगवान की मानस बहिन हैं।छठ पूजा की अनेकों कथाओं में एक महत्वपूर्ण कथा इस प्रकार है। सतयुग में मनु महाराज के दो संतान हुए। ज्येष्ठ प्रियव्रत एवं दूसरे उत्तानपाद। प्रजा पालन हेतु छोटे भाई उत्तानपाद गद्दी पर बैठे। परंतु ब्रह्माजी के कहने पर प्रियव्रत गद्दीनशीन हुए। प्रियव्रत के विवाहोपरांत रानी के गर्भ से एक मृत बालक का जन्म हुआ। मृत संतान को देखकर परिवार, रनिवास, राजभवन एवं प्रजा में हाहाकार मच गया। मृत बच्चे को गोद में लेकर नदी के तट पर माटी में गाड़ने के लिए राजपरिवार पहुंचा। कारण, इक्कीस माह के बच्चे का अग्नि-संस्कार नहीं होता है। इक्कीस वर्ष के बच्चे को माटी में गाड़ा जाता है। बच्चे को माटी में गाड़ने के समय एवं राजा-रानी के करुण क्रंदन-विलाप को देखकर भगवती जगदम्बा जगतजननी षष्ठी महारानी प्रकट हुई। षष्ठी शब्द से ही छठ बना है। भगवती ने कहा कि यदि आप विधानपूर्वक मेरी पूजा-उपासना करने का वचन दें, तो बच्चे को जीवित कर दूंगी। भगवती के वचन सुनकर प्रियव्रत ने कहा कि मेरा अहोभाग्य है जो आपकी आराधना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। पूजा-उपासना का विधान बताइए जिससे श्रद्धापूर्वक व्रत पालन कर सकूं।षष्ठी देवी ने कहा, कार्तिक माह की षष्ठी तिथि को जो कोई जल में खड़े होकर विविध व्यंजन-पकवान द्वारा मेरी उपासना करेगा, सपरिवार उत्सव मनाएगा, सायंकाल-प्रातःकाल सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान करेगा, उनकी संतान की आयु को दीर्घ कर दूंगी। परिवार में सुख-शांति-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। राजा प्रियव्रत ने षष्ठी महारानी के आदेश का पालन किया। फलतः मृत बालक जीवित हो गया।वस्तुतः छठ पूजा संतान के निमित्त होती है। परिवार की मंगलकामना हेतु छठी महारानी की पूजा की जाती है। छठ पूजा सामान्य आराधना नहीं है। व्रती कठोर व्रत पालन करते हैं। यद्यपि षष्ठी महारानी की पूजा बच्चे के जन्म के उपरांत छठे दिन, ग्यारहवें दिन अथवा इक्कीसवें दिन की जाती है। सोयरी घर में भी षष्ठी महारानी की पूजा होती है, जिसे छठिहार कहा जाता है।

62 लाख 14 हजार 302 रुपये के फर्जी ऋण खाता जोड़ने का मामला सामने आया

दरभंगा। एसबीआई की मुख्य शाखा में खाताधारक के पैन कार्ड का कथित दुरुपयोग कर 62 लाख 14 हजार 302 रुपये के फर्जी ऋण खाता जोड़ने का मामला सामने आया है। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओझौल गांव के रहने वाले राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को साइबर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने के लिए मामला दर्ज कराया है। बताया कि उनके पैन कार्ड का दुरुपयोग कर बैंक खाता से 20 फर्जी लोन खाते जोड़ दिए गए हैं। इन खातों में कुल 62,14,302 रुपये का ऋण और 36,43,511 रुपये बकाया दशार्या गया है। जबकि उन्होंने अपने खाता से कभी कोई ऋण नहीं लिया है। इस संबंध में एसबीआई के डिप्टी मैनेजर प्रवीण कुमार झा, असिस्टेंट मैनेजर पंकज कुमार झा और चीफ मैनेजर प्रणय कुमार झा से शिकायत की गई थी। आरोप है कि अधिकारियों ने सिविल में शिकायत करने की सलाह देकर मामले को टालने का प्रयास किया।

चांदी लूटकांड में पिस्टल गोली के साथ युवक गिरफ्तार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी पुलिस द्वारा सात नवंबर की रात हुई पश्चिम बंगाल के सराफा व्यवसायी से हुई 62 किलो चांदी लूटकांड मामले मे कार्यवाई जारी है। पुलिस ने घटना मे शामिल आठवें बदमाश की गिरफ्तारी कर ली है। शोभन एकमी बाईपास सड़क पर हुए इस घटना मामले में सिमरी थाना पुलिस ने माधोपुर गांव में छापेमारी कर पच्चीस वर्षीय गौतम मिश्रा को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घर से 13 किलो 615 ग्राम चांदी के तीन बिस्कुट, साढ़े तीन लाख रुपये नकद, एक नौ एमएम पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस एवं मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया गया है कि गुप्त सूचना पर सिमरी पुलिस ने गौतम के घर छापेमारी की। जैसे ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल उसके घर पहुंची पुलिस को देखते वह भागने लगा। उसे पुलिस ने पीछा कर धर दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उसने लूटी गई चांदी और नकदी घर में छिपाकर रखने की बात बताई। उसकी निशानदेही पर उसके घर से साढ़े तीन लाख रुपये, बथान से पिस्टल और कारतूस तथा मिट्टी में गाड़कर रखे गए चांदी के तीन बिस्कुट बरामद किए गए। सिमरी थाना क्षेत्र के कमरौली निवासी सुमन सौरभ उर्फ सुमन को उसने दोस्त बताया। गौतम ने बताया है कि सुमन सौरभ के कहने पर उसने लूटी गई चांदी अपने घर में छिपाई थी। बरामद पिस्टल को भी उसने सुमन का बताया। पुलिस ने इस मामले में बनौली के भी एक युवक को हिरासत में लिया। लेकिन पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गौतम शराब तस्करी से जुड़े मामले में पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस सुमन सौरभ, छोटू यादव और गौतम मिश्रा समेत संबंधित आरोपितों के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। गिरफ्तारी के बाद 12 नवंबर की शाम सांस फूलने के कारण गौतम की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। स्वस्थ्य होने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। मालूम हो कि सात नवंबर की रात बदमाशों ने शोभन एकमी बाईपास सड़क पर एम्स निर्माण स्थल के समीप पश्चिम बंगाल की डस्टर कार को रोककर लूटपाट एवं गोलीबारी की थी।

13.615 किलो चांदी बरामद

पुलिस ने घटना मे शामिल आठवे बदमाश को किया गिरफ्तार

संक्षिप्त खबरें

भक्ति रस का रसास्वादन भागवत महापुराण कथा

लदनियां। प्रखंड के बेलाही गांव में आयोजित साप्ताहिक भागवत महापुराण कथा प्रवचन के दूसरे दिन शुक्रवार को यज्ञाचार्य पंडित पवन शास्त्री ने भक्ति को पके फल का रस बताया। पके फल की मिठास की तुलना भागवत महापुराण कथा श्रवण से करते हुए कहा कि जिस प्रकार मिठास का रसास्वादन कराना पौधे के अन्य अंगों के वश में नहीं, उसी प्रकार भक्ति रस का रसास्वादन भागवत महापुराण कथा श्रवण को छोड़ अन्य शास्त्रों के वश में नहीं है। भागवत तो स्वयं भगवान है। मौके पर हरिश्चन्द्र यादव, कुमार नीलारविंद, दिनेश, नवीन, विपिन, मनोज यादव, अभिषेक, पूर्णेन्दु समेत सैकड़ों थे।

जाँच सी बी आई से कराने की मांग केसाथ पुरे जिला प्रशासन के तबादला की मांग

मधुबनी (एनएसबी)। बाबूबरही प्रखंड के बलिराज गढ़ गोली कांड के अभियुक्त अपराधी चन्द्रमोहन सिंह को पकड़ने मे मधुबनी जिला पुलिस पकड़ने मे नकाम नाकारा साबित हुआ. जिला पुलिस प्रशासन के नकारा पन के चलते उक्त अपराधी की हत्या होगई. ये बाते राजद के प्रदेश महासचिव हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस बिज्ञप्ति जारी कर कहा है। राउत ने कहा कि घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी उक्त अपराधी को पकड़ने मे जिला प्रशासन बिफल रहा. सिर्फ आमलोगो के गुस्सा, आक्रोश को शांत करने के लिए जिला प्रशासन 12टीम एस आई टी गठन करने का नाटक कर के मिडिया मे छवि चमकाने मे मशगुल रहा. और उक्त अपराधी की हत्या होजाती है. उन्होंने कहा की चन्द्रमोहन सिंह की हत्या मे गहरी साजिश की संभावना से इंकार नहीं की जा सकती है. सवाल है कि क्या वो लैपटॉप साथ ले कर चलता था राउत ने इस की जाँच सी बी आई से कराने की मांग केसाथ पुरे जिला प्रशासन के तबादला की मांग किया है. इस प्रशासन के समय मे पुरे जिला मे अपराध का सुनामी लहर आगया है जिसे रोकने मे ये निकम्मी है।

बेनीपट्टी एसडीएम, एसडीपीओ की सूझबूझ से शांत हुआ बहुत बड़ा बवाल, छठ पर्व की तैयारी में व्यस्त थे लोग, अचानक हुआ माहौल बिगड़ने की स्थिति

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के बेनीपट्टी थाना अंतर्गत कछड़ा गांव में गौकशी के आरोप पर हुआ कुछ घंटे के लिए बवाल, लेकिन बेनीपट्टी के डीएसपी अमित कुमार, एसडीओ शारंग पाणि पांडेय, के द्वारा कुछ ही क्षणों में घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को नियंत्रित करने में सफल रहे! घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव में अवैध दबंग लोगों के द्वारा बूचड़खाना चलाया जा रहा था! गांव के ही एक व्यक्ति का बीती रात गौ(गाय) की चोरी कर इस अवैध बूचड़खाना में काटा गया सुबह होते ही यह मामला आग की तरह फैल गई! देखते ही देखते लोगों का आक्रोश बढ़ गया और सड़क जाम कर विरोध जताने लगे! इसकी खबर जैसे ही बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को जानकारी मिली वे कुछ ही क्षणों में घटना स्थल पर पहुंचकर मामले को गंभीरता से लेते हुए नियंत्रित करने में जुट गए! हालात को गंभीर देखकर स्थानीय सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कई थाना पुलिस को घटनास्थल पर बुला लिया गया!

तीसरी पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, वक्ताओं ने याद किया योगदान

फुलपरास। फुलपरास-घोघरडीहा मुख्य पथ स्थित बिल्ला जीरो पॉइंट के समीप शुक्रवार को हरियाणा के पूर्व राज्यपाल, भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय धनिक लाल मंडल की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता लौकहा विधानसभा के पूर्व विधायक भारत भूषण मंडल ने की। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वर्गीय धनिक लाल मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि धनिक लाल मंडल ने सार्वजनिक जीवन में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मंडल का राजनीतिक जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और जनसरोकारों से जुड़ा रहा।

छठ महापर्व में आर्थिक तंगी के मध्य नजर विधालय परिवार की ओर से मदद

लदनियां (एनएसबी)। छठ महापर्व के शुभ अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय महथा के विज्ञान शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ गोसाई के नेतृत्व में विधालय परिवार के ओर से शिक्षा समिति के अध्यक्ष कन्हैया झा, सचिव रंजना देवी के उपस्थित में मध्यान्ह भोजन संचालक शिबू भंडारी ,राज कुमार चौधरी, प्रमिला देवी,बेचन पासवान एवं सुभद्रा देवी को पाग दुपट्टा एवं फूल माला से सुस्वागतम करते हुए।अंग वस्त्र दान दिया। उक्त कार्यक्रम में शिबू महरा, भोगेंद्र सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ गोसाई ने अपने संबोधन में कहा कि रसोईया का मानदेय बहुत कम होने के कारण छठ महापर्व में आर्थिक तंगी के मध्य नजर विधालय परिवार के ओर से हर साल के भांति इस साल भी वस्त्र दान स्वरूप प्रदान किया गया है।

हत्या के मामले में दो महिलाओं की गिरफ्तारी

लदनियां (एनएसबी)। थाना क्षेत्र से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आई है। लदनियां थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। सूचक के प्राप्त लिखित जानकारी के अनुसार, लदनियां थाना कांड संख्या 484/26, दिनांक 13 नवंबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 85 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मृतक महिला के भाई द्वारा दर्ज आवेदन के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस मामले में प्राथमिकी अभियुक्त के रूप में पांच लोग नाम जद अभियुक्त है जिसमें दो महिलाओं के नाम दर्ज हैं।जिसे घटना स्थल से गिरफ्तार किया गया था। और पुलिस टीम के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेजा गया था। प्राथमिकी के अनुसार भुल्ली देवी, जिन्हें रिकॉर्ड में सास बताया गया है। इनके पति का नाम संजीव मंडल लिखा हुआ प्रतीत होता है। दुसरा अभियुक्त संजिता देवी, जिन्हें जेठानी बताया गया है। इनके पति का नाम अशोक मंडल दर्ज है।

हरिजन एक्ट मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई, कांड संख्या 178/23 में थी तलाश। समस्तीपुर कार्यालय, ठग्इ। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरिजन एक्ट मामले के एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सिमरिया भिंडी गांव निवासी पंकज कुमार चौधरी के पुत्र विवेक चौधरी के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध थाना कांड संख्या 178/23 के तहत हरिजन एक्ट से संबंधित मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया।

अज्ञात वाहन की ठोकर से छह वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से जख्मी, डीएमसीएच रेफर

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के मालीनगर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल की पहचान बख्तियारपुर गांव निवासी अजीत कुमार के छह वर्षीय पुत्र अंश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल अंश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। घटना के बाद परिजन चिंतित हैं।

बेनीपट्टी के कछड़ा गांव में गौकशी के आरोप पर बवाल, सड़क जाम कर जताया आक्रोश

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के कछड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह गौकशी के आरोप से जुड़ा एक मामला सामने आने के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया । घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति नियंत्रित की। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है। मिली जानकारी के अनुसार, कछडा उकमा टोल के एक मवेशी पालक के दरवाजे से मवेशी चोरी हो गया था। मवेशी की तलाश के दौरान स्थानीय लोगों को कछड़ा गांव की एक बांसवारी में कथित अवैध बूचड़खाने तथा मवेशी से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। गौकशी के आरोप को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर विरोध जताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेनीपट्टी के डीएसपी अमित कुमार, एसडीओ शारंग पाणि पांडेय, सीओ अभिषेक आनंद, बीडीओ महेश्वर पंडित, बेनीपट्टी थाना के अपर थानाध्यक्ष संजय सिंह सहित साहरघाट एवं अरेर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

मवेशी चोरी के बाद अवैध बूचड़खाने की मिली जानकारी, पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया; अधिकारियों के हस्तक्षेप से शांत हुआ मामला,कछड़ा गांव में पुलिस अधिकारी और पुलिस बल कर रहे हैं कैंप

प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। वहीं, पीड़ित मवेशी पालक से लिखित आवेदन लेने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट स्थानीय लोगों ने अधिकारियों के समर्थन में नारेबाजी भी की। अधिकारियों और पुलिस बल की पहल पर काफी मशक्कत के बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया। वर्तमान समय में जिला प्रशासन के निर्देश पर गांव में पुलिस अधिकारी एवं काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है!

फिलहाल स्थिति सामान्य : प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद गांव में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों एवं शिकायत के आधार पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने श्रद्धालुओं से की विशेष अपील, एहतियाती उपायों का करें पालन

मधुबनी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं समय-समय पर जारी दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन करें। विशेष रूप से आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एहतियाती उपायों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों में स्नान अथवा अर्घ्य अर्पित करते समय गहरे पानी में जाने से बचें। निर्धारित सुरक्षित सीमा के भीतर ही पूजा-अर्चना करें तथा बैरिकेडिंग का उल्लंघन नहीं करें।

उन्होंने बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को घाटों पर अकेला नहीं छोड़ें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों को अपने साथ रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अथवा प्रशासनिक नियंत्रण व्यवस्था को सूचित करें। घाटों पर अनावश्यक भीड़ एवं अफरा-तफरी से बचें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित आवागमन मार्गों का ही उपयोग करें। डीएम ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी अपुष्ट सूचना को सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामान्य परिस्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व सामूहिक आस्था, सामाजिक एकता एवं सद्भाव का पर्व है। इसे आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सहयोग के साथ मनाएं। जिला प्रशासन व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आम नागरिकों के सहयोग एवं सहभागिता से छठ महापर्व को स्वच्छ, सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। अंत में जिला पदाधिकारी ने पुनः समस्त जिलावासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक मधुबनी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता मधुबनी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुबनी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

छठ महापर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

मधुबनी (एनएसबी)। लोक आस्था, सूर्य उपासना, पवित्रता एवं सामाजिक समरसता के महापर्व छठ को जिले में सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसको लेकर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा स्वयं तैयारियों की सतत निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



छठ घाट का निरीक्षण करते डीएम।

इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने काली मंदिर घाट, नगर निगम घाट, गंगा सागर घाट, मुरली मनोहर पोखर एवं आर.के. कॉलेज घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त श्री उमेश भारती ने घाटों की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम अंतर्गत कुल 91 घाटों पर छठ व्रत के लिए तैयारी जोर-शोर से चालू है तथा अंतिम चरण में है।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पहुंच पथ की व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित सभी कार्य मिशन मोड में अविलंब पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाटों पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने समस्त मधुबनी जिलावासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ हमारी आस्था, श्रद्धा, अनुशासन, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत प्रतीक है। यह महापर्व स्वच्छता, संयम, सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रमुख एवं संवेदनशील छठ घाटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही यातायात प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

डीएम ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को मिशन मोड में सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश

छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा अफवाहों से बचने की अपील

बेनीपट्टी के कछरा गांव में अवैध बूचड़खाने का खुलासा, मुख्य सरगना हिरासत में

मधुबनी। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के कछरा गांव स्थित एक बांसवारी में कथित रूप से अवैध बूचड़खाना संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना मिलने के बाद मधुबनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से एक मृत गाय बरामद की है तथा कथित अवैध बूचड़खाने के मुख्य संचालक को हिरासत में लिया है।

मधुबनी वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के अनुसार, 13 नवंबर 2026 को कछरा गांव में अवैध रूप से बूचड़खाना संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही बेनीपट्टी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी गई। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, बेनीपट्टी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

पुलिस के प्रारंभिक निरीक्षण में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। घटनास्थल से एक मृत गाय बरामद की गई, जिसकी पहचान

पुलिस ने 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति, एक मृत गाय बरामद; 3-4 अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका

उसके वास्तविक स्वामी ने कर ली है। पुलिस ने मुख्य सरगना को हिरासत में लेकर थाने लाया है। प्रारंभिक जांच में इस मामले में तीन से चार अन्य लोगों की संलिप्तता की बात भी सामने आई है।

पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और उपलब्ध तस्वीरों के आधार पर फरार आरोपितों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि सभी संलिप्त आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं, गाय के वास्तविक स्वामी के आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की अपील और सख्त चेतावनी : घटना के बाद कछरा गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण और सामान्य बताई गई है। मधुबनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में कहीं भी अवैध बूचड़खाने का संचालन या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने रोसड़ा अनुमंडल के छठ घाटों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व स्वच्छता के दिए कड़े निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी समस्तीपुर, श्री रोशन कुशवाहा द्वारा रोसड़ा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का औचक एवं विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया।



सुरक्षा और बैरिकेडिंग पर विशेष जोर : निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील एवं गहरे पानी वाले छठ घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग और सुरक्षा के लाल निशान अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से अर्घ्य दे सकें। इसके साथ ही घाटों पर एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की तर्ज पर कुशल गोताखोरों, पर्याप्त नाविकों और लाइफ जैकेट की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

इजिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि छठ घाटों तक आने वाले सभी पहुंच मार्गों की युद्धस्तर पर साफ-सफाई कराई जाए, ताकि व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। घाटों के आसपास पर्याप्त रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था, चेंजिंग रूम, शुद्ध पेयजल और चिकित्सा शिविर (फर्स्ट एड के साथ) स्थापित करने के भी कड़े निर्देश दिए गए। इस अवसर पर रोसड़ा के अनुमंडल पदाधिकारी (रञ्ड), अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व आम जनमानस उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे महापर्व छठ को आपसी भाईचारे, सौहार्द और पूर्ण सुरक्षा के साथ मनाएं।

माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी राष्ट्रीय स्वच्छ हरित पुरस्कार के लिए चयनित

बिस्फी (एनएसबी)। स्वच्छता जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में बिहार के आठ विद्यालयों ने राष्ट्रीय पहचान बनाई है. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एनसीईआरटी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्व प्रावधान में आयोजित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन एसएचवीआर 2025 -26 में र देश के एक 191 चयनित विद्यालयों में बिहार का आठ विद्यालयों ने जगह बनाई है. जिसमें प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी 93 प्रतिशत स्कोर के साथ राज्य स्तर पर पाचवॉ स्थान हासिल किया है. चयनित विद्यालयों को 17 नवंबर को दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में होने वाले राष्ट्रीय सम्मान समारोह में ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा. तथा ग्रीन स्कूल का दर्जा भी मिलेगी. बिहार के चयनित स्कूलों में जिले के एक विद्यालय शामिल है. जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय परसौनी उत्तरी को शामिल किया गया है. जो पांचवें स्थान पर मूल्यांकन में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है. स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ शौचालय, साबुन से हाथ धोने, संचालन और रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन, क्षमता निर्माण ,मिशन लाइफ गतिविधियां मानको पर विद्यालय खड़ा उतरा है. राष्ट्रीय पुरस्कार में चयनित होने पर विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा को बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों ने कई लोगों ने बधाई और शुभकामना दी है.

छठ महापर्व का पहला दिन नहाय-खाय के साथ संपन्न, आज होगा खरना

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। ।लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत को लेकर जिले भर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। पर्व के पहले दिन व्रतियों ने सुबह स्नान कर अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद तैयार किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। छठ पर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगे और शाम को स्नान कर भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना के बाद गुड़ की खीर, रोटी और फल का प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। इधर, छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। सूप, दउरा, नारियल, केला, गन्ना, फल-फूल और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। पर्व के तीसरे दिन रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

तालाब में डूबने से किशोर की मौत

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित बी.आर.बी. कॉलेज परिसर के तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। बताया जाता है कि किशोर कॉलेज परिसर की ओर गया था, इसी दौरान वह तालाब में गिर गया। काफी देर तक नजर नहीं आने पर लोगों ने तलाश शुरू की तो उसका शव तालाब में तैरता मिला ' आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिहार विधानसभा के पूर्व सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि खुले तालाब के चारों ओर न तो बाउंड्री है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड, जिस कारण यह हादसा हुआ।

लोक आस्था के महापर्व के दूसरे दिन घर-घर में गूंजने लगे छठ पूजा के गीत, खरना के प्रसाद के लिए सगे संबंधियों के घर पहुँचे लोग

छठव्रतियों ने छठमाता का ध्यान और पूजा अर्चना कर किया खरना का अनुष्ठान

मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था का महापर्व छठपूजा के दूसरे दिन शनिवार को छठ व्रतियों ने खरना का अनुष्ठान संपन्न किया। इसके साथ हीं अब लोग छठपुजा के रविवार को पड़ने वाले भगवान भास्कर के पहले अर्घ्य की तैयारी में जुट गए है। वही नगर से लेकर गांव तक कई दिनों से चल रही छठ घाटों की साफ सफाई और उसे सजाने संवारने का काम भी अब अंतिम चरण में है। छठ घाटों को सजाने संवारने मे लगे लोगों मे बताया कि रविवार की दोपहर तक जिले से सभी छठ घाट अर्घ्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा।

इधर, शनिवार को खरना के दिन जिले के विभिन्न नदी घाटों एवं तालाबों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे माहौल को छठमय बना दिया। कहीं व्रती महिलाएं नदी या तालाब में स्नान कर खरना का प्रसाद बनाने के लिए जलबोझी करती दिखी तो कहीं परिवार के सदस्य खरना का महाप्रसाद तैयार करने के लिए गगरी, गैलन और अन्य बर्तनों में पवित्र जल भरते देखे गए। खरना अनुष्ठान को लेकर दोपहर से ही छठब्रती महिलाए एवं घर की अन्य महिला सदस्य खरना का प्रसाद बनाने में जुट गई।

इसके साथ हीं घर घर में छठपुजा के गीत गूंज उठे। वहीं गोधूलि बेला में छठ ब्रातियों ने केले के पत्ते पर गुड़, चावल और दूध की बनी खीर और रोटी तथा फल का प्रसाद सजाकर छठ माता का ध्यान कर पूजा अर्चना की तथा छठ माता को समर्पित प्रसाद पुरे परिवार के



केंद्रीय कारा में सामूहिक रूप से खरना का अनुष्ठान करते 98 महिला पुरुष बंदी।

सदस्यों के साथ ग्रहण किया। साथ हीं छठ माता का ध्यान करते हुए 36 घंटे के भगवान भास्कर की साधना आराधना का संकल्प लेकर अर्घ्य की तैयारी मे जुट गईं। ज्ञात हो कि समय और निर्धारित तिथि के अनुसार 15 नवंबर सोमवार को छठब्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे तथा 16 नवंबर मंगलवार को अहले सुबह उदियमान सूर्य को द्वितीय अर्घ्य समर्पित कर पारण का अनुष्ठान करेंगे. इसके साथ हीं लोक आस्था के इस महापर्व का समापन होगा।



अपने मित्र के घर खरना पूजा में शामिल नगर विधायक रंजन कुमार।

शनिवार की शाम खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए नगर विधायक रंजन कुमार अपने दोस्त के घर पहुंचकर छठ माता का ध्यान किया और प्रसाद ग्रहण किया। वही शनिवार को खरना अनुष्ठान को लेकर स्थानीय खुदीराम बोस सेन्ट्रल जेल में भी आस्था, भक्ति और विश्वास का उतस्वी माहौल रहा। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा की ऊंची दीवारों के भीतर भी आस्था का एक अनूठा और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। जेल के अंदर कुल 98 महिला और पुरुष बंदियों ने पूरी निष्ठा और पवित्रता के साथ खरना का व्रत रखा और संध्या बेला मे सामूहिक रूप से सभी पुरुष महिला बंदी छठब्रातियों ने एक साथ बैठकर खरना का अनुष्ठान संपन्न कर प्रसाद ग्रहण किया। इन छठ ब्रातियों के बीच नगर क्षेत्र की निवासी एक मुस्लिम महिला, जो वर्तमान में 20 वर्ष की सजा काट रही है, वह भी पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ इस महापर्व में ब्रती के रूप मे शामिल है और छठपूजा कर रही है। जेल की चारदीवारी के अंदर बंदियों का यह धार्मिक अनुष्ठान समाज में आपसी सद्भाव और आस्था की एक मिसाल पेश कर रहा है।

संक्षिप्त खबरें

छठ घाटों की व्यवस्था को लेकर विधायक ने ग्रामीण एवं नगर परिषद क्षेत्र के छठ घाट का किया निरीक्षण

कांटी(एनएसबी)। कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने शनिवार को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का अंतिम रूप देने को लेकर निरीक्षण कर पूजा की तैयारियों एवं साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी स्वरा को सभी छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं अविलंब पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने गोप टोला घाट को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष तक इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल छठ घाट के रूप में विकसित कराया जाएगा, ताकि छठ व्रतियों को बेहतर माहौल में पूजा-अर्चना करने की सुविधा मिल सके।

काँटी नगर परिषद क्षेत्र के गोप टोला घाट को मॉडल घाट बनाने की हुई घोषणा



गोप टोला छठ घाट का निरिक्षण करते अधिकारियो के साथ विधायक।

इस दौरान उन्होंने कुशी, कोठिया, एनटीपीसी डैम, वार्ड संख्या 16 स्थित कचहरी घाट समेत अन्य छठ घाटों का भी जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर ईओ स्वरा, सिटी मैनेजर शक्ति कुमार समेत मुरारी झा, नंदन महतो, विनय झा, शंकर प्रसाद समेत नगर परिषद के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। इधर, विधायक अजीत कुमार ने कांटी प्रखंड क्षेत्र के संगम घाट समेत ग्रामीण क्षेत्र के कई छठ घाट को अंतिम रूप देने को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीडीओ किशन चंद्रयान एवं सीओ मुकेश कुमार को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांटी व मड़वन क्षेत्र के सभी छठ घाटों की अंतिम रूप से तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है एवं इसकी मॉनिटरिंग वे स्वयं कर रहे हैं।

जयंती पर याद किए गए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भगवानपुर स्थित स्वामी सहजानंद किसान भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती शनिवार को जिला कॉंग्रेस कमेटी पश्चिमी के जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही की अध्यक्षता में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।



जयंती पर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते जिला पश्चिमी कांग्रेस के नेतागण।

सभा को संबोधित करते हुए सुरेश शर्मा नीरज ने कहा कि वे महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आधुनिक भारत के निमार्ता थे। प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सुशील कुमार शाही ने स्वतन्त्र भारत में एम्स, रिफाइनरी, खाद कारखानों का जाल बिछाने के लिए उन्हें साधुवाद दिया। अध्यक्षीय संबोधन में कृपा शंकर शाही ने उन्हें दूरदर्शिता से परिपूर्ण महान व्यक्तित्व का स्वामी बताया औरकहा कि देश के लिए किए गए उनके काम आज भी विकास के पर्याय हैं। इसरो, एम्स, आईआईएमएस, भाखड़ा नांगल परियोजना प्रमुख हैं। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में स्थापना प्रभारी आलोक शर्मा, रमेश तिवारी, ओंकार नाथ चौधरी, मुमताज अंसारी, त्रिभुवन पटेल, मोहम्मद अब्दुल्ला, नीरज कुमार, सिद्धार्थ सिंह, शशिकांत गुप्ता, रामनरेश सिंह, शमसुल होदा, तनवीर आलम आदि उपस्थित थे।

छठपूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण से किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : प्रमंडलीय आयुक्त

सजग, तत्पर व प्रतिबद्ध रहें सभी अधिकारी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह ने कहा है कि छठ महापर्व के अवसर पर उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन, सुचारू यातायात तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे शनिवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में इस विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित एक बैठक में प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

आयुक्त ने छठ महापर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु तैयारियों की समीक्षा की

आयुक्त ने कहा कि छठ का त्योहार लोक आस्था का महापर्व है। बाहर रहने वाले बिहार के निवासी भी बड़ी संख्या में अपने घर आते हैं। श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों की सुविधा के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सक्रिय एवं प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने निदेश दिया कि पर्व एवं त्योहार के मद्देनजर सुदृढ़ प्रशासनिक तैयारी सुनिश्चित रखें। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड सहित भीड़-भाड़ वाले सभी स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें। बैठक में आयुक्त द्वारा जिलावार विस्तृत समीक्षा की गई। सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों से एक-एक कर तैयारियों के बारे में पृच्छा की गई। आयुक्त ने कहा कि आप सभी पदाधिकारियों ने दुर्गापूजा, दशहरा, रावण वध कार्यक्रम तथा दीपावली के अवसर पर अपने-अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। आगे भी आपसे ऐसे ही प्रदर्शन की आशा है। आयुक्त ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर विशेष सतर्कता बरतें। जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात तथा अचूक सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित करें। सार्वजनिक स्थलों पर भीड़-नियंत्रण के मानकों के अनुसार दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को कर्तव्य पर मुस्तैद रखें। ड्रोन से गतिविधियों पर नजर रखें। जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक स्वयं भ्रमणशील रहें एवं क्षेत्र का जायजा लें। क्षेत्रीय पदाधिकारीगण सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से सार्थक संवाद कायम रखें। घाटों पर बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारियों का पर्यवेक्षण करें। आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सतत क्रियाशील रखें। अफवाहों का त्वरित खंडन करें। पूर्व की घटनाओं में शामिल लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। भीड़ की गतिविधियों पर सीसीटीवी से निगरानी करें तथा इस आशय का फ्लेक्स/बैनर जगह-जगह प्रदर्शित करें कि आप सीसीटीवी की नजर में हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम(क्यूआरटी) एवं क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम (क्यूएमआरटी) तैनात रखें।



प्रमंडल के सभी जिले के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह।

खरना पूजा में शामिल हो पर्यटन मंत्री ने छठी मैया के चरणों में नवाया शीश

प्रदेश की प्रगति और लोगों की सुख समृद्धि और के लिए की कामना



अपने आवास पर खरना पुजा के दौरान छठमाता का नमन वंदन करते पर्यटन मंत्री।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को छठ महापर्व दूसरे दिन अपने गोबरसही डुमरी स्थित आवास पर आयोजित खरना अनुष्ठान मे शामिल होकर छठी मैया को नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। छठी मैया के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट करते हुए उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं तथा परिवार और नाते रिश्तेदारों के साथ खरना का प्रसाद ग्रहण किया।

छठ व्रतियों की सेवा में लगे कांटी विधायक ने चौथे दिन 200 व्रतियों के बीच वस्त्र एवं पूजन सामग्री की वितरित

कांटी(एनएसबी)। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार लगातार चौथे दिन शनिवार को भी शहर के बीबीगंज स्थित अपने आवास पर 200 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री, साड़ी, गेहूं और चावल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग के रूप में नगद राशि भी प्रदान की, ताकि किसी भी परिवार को छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

विधायक अजीत कुमार की इस पहल से बड़ी संख्या में पहुंचे छठ व्रतियों और जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिली। पर्व की तैयारियों के बीच आवश्यक पूजन सामग्री और खाद्यान्न मिलने से लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। विधायक ने स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर सामग्री वितरित की और छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि छठ महापर्व हमें सादगी, पवित्रता, समर्पण और सेवा का संदेश देता है। छठ व्रतियों की सेवा करना उनके लिए केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आत्मिक संतुष्टि का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के साथ पर्व की खुशियां साझा करना बहुत जरूरी है। उनका प्रयास है कि छठ पर्व के अवसर पर किसी भी जरूरतमंद परिवार को संसाधनों के अभाव में परेशानी नहीं हो। इसी उद्देश्य से लगातार चौथे दिन भी सेवा एवं सहयोग का यह अभियान जारी रखा गया है।

डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली बथना डीह सड़क का क्षेत्रीय विधायक ने किया शिलान्यास

कांटी(एनएसबी)। कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मड़वन प्रखंड की पकड़ी पकोही पंचायत में वर्षों से जर्जर बथना डीह सड़क के निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास किया गया। लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का विधायक अजीत कुमार ने नारियल फोड़कर विधिवत आधारशीला रखी। सड़क निर्माण की शुरूआती पहल से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही वर्षों पुरानी और जर्जर सड़क की समस्या से उन्हें निजात मिलेगी। मौके पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि इस इलाके के लोगों का उन्हें लंबे समय से स्नेह और समर्थन मिलता रहा है। चुनाव के दौरान उन्होंने इस सड़क के निर्माण का वादा किया था, जिसे पूरा करने की दिशा में आज ठोस पहल की गई है।

जनता से किया गया वादा उनके लिए केवल चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण सड़क की बदहाली पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। विधायक ने कहा कि सड़क की स्थिति खराब होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों और राहगीरों को काफी परेशानी होती थी।



सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास करते क्षेत्रीय विधायक।

उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के जेई, संबंधित अधिकारियों और संवेदक को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में किसी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क किनारे जलनिकासी के लिए नाला निर्माण की मांग रखी। इस पर विधायक ने विधायक निधि से नाला निर्माण कराने की दिशा में पहल करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

सीतामढ़ी के सोनबरसा थाने के हाजत में बंद नेपाली युवक की मौत, एसकेएमसीएच में दो घंटे चला इलाज

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा थाना हाजत में बंद नेपाल के एक युवक की तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में मौत हो गई। मृतक की पहचान नेपाल के महोत्तरी जिले के गौशाला रामनगर निवासी 21 वर्षीय नूर हसन नदाफ के रूप में हुई है। पुलिस अभिरक्षा में हुई इस मौत के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक को पहले स्थानीय पीएचसी, फिर सदर अस्पताल और वहां से मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में रेफर किया गया था।

एसकेएमसीएच में भर्ती होने के करीब दो घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रेट की निगरानी



गिरफ्तारी के दो दिन बाद गंभीर हालत मे नेपाली युवक को लेकर एसकेएमसीएच पहुंची सीतामढ़ी पुलिस।

में मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसा भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने 11 नवंबर को नूर हसन नदाफ को प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया था। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद एसएसबी ने उसे सोनबरसा थाना पुलिस के हवाले कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे थाना हाजत में बंद रखा था। बताया गया है कि हाजत में रहने के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। पीएचसी में युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सीतामढ़ी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस अभिरक्षा में उसे मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच लाया गया। यहां भर्ती होने के बाद डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन लगभग दो घंटे के इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। नेपाल के युवक की एसकेएमसीएच में हुई मौत की सूचना मिलने पर एसकेएमसीएच ओपी पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान सोनबरसा थाने के चौकीदार रामकेवल राय का फर्द बयान दर्ज किया गया।पुलिस अभिरक्षा में मौत के मामलों से जुड़े निर्धारित प्रावधानों के तहत दंडाधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया। वही पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।



संक्षिप्त खबरें

छठ घाट बनाने के दौरान तालाब में डूबने से 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। प्रखंड के नन्दबारा पंचायत अंतर्गत बेगाही गांव में शनिवार को छठ घाट बनाने के दौरान तालाब में डूबने से 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के स्वर्गीय भैरव महतो के पुत्र वीरेंद्र महतो उर्फ छोटेलाल के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार छोटेलाल शनिवार दोपहर छठ पूजा की तैयारी को लेकर बौधी माता सड़क पुल के



घटना स्थल पर पहुँची पुलिस व ग्रामीणों की भीड़।

समीप स्थित तालाब में घाट बनाने गए थे। इसी दौरान वह घाट बनाने के क्रम में अधिक पानी की ओर बढ़ गए और गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। हादसे में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। वहीं परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रूणा देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि मृतक मजदूरी करता था और वह अपने पीछे पत्नी, चार पुत्रियां और दो पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने विभिन्न प्रखंडों का दौरा कर घाटों की तैयारी का लिया जायजा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। छठ महापर्व के खरना के दिन शनिवार को भी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने जिले के विभिन्न प्रखंडों का दौरा कर घाटों की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने मेजरगंज, सुरसंड, परिहार, बथनाहा तथा नानपुर प्रखंड के खरका और शीर्षी सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर छठ घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां भी व्यवस्था में



छठ घाटों का निरीक्षण के दौरान सांसद देवेश चंद्र ठाकुर व अन्य।

कमी महसूस हुई, वहां ठीक करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि छठ घाटों पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इस मौके पर सांसद ने लोगों से छठ महापर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि छठ आस्था, पवित्रता और लोक विश्वास का महान पर्व है। इसे आपसी प्रेम,भाइचारे और मिल्लत के साथ मनाना चाहिए। पर्व के दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि सभी श्रद्धालु निर्बाध रूप से भगवान भास्कर की आराधना कर सकें। निरीक्षण के दौरान सुरसंड के विधायक नागेंद्र राउत, सुरसंड नगर परिषद के सभापति पप्पू चौधरी, भाजपा नेता सरोज यादव, आशुतोष कुशवाहा, अरुण गोप एवं निर्भय कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

गोपाष्टमी पर 17 नवंबर को श्रीकृष्ण गो सेवा मंदिर में होगा वेद लक्षणा गौमाता का पूजन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। श्रीकृष्ण गो सेवा मंदिर, सिकंदरपुर इकाई, मुजफ्फरपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर दिनांक 17 नवंबर 2026, मंगलवार को वेद लक्षणा गौमाता का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विशेष पूजन किया जाएगा। मंदिर परिवार की ओर से प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक गौमाता का विधि-विधानपूर्वक हवन- पूजन एवं आराधना की व्यवस्था की गई है। इस पावन अवसर पर समस्त गोभक्तों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर गौमाता का पूजन करने तथा गौसेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है। मंदिर परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है।

डीएम-एसपी ने शहर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर अफसरों को दिये निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीएम तनय सुल्तानिया एवं एसपी अमित रंजन ने शनिवार की देर शाम शहर के विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेहसौल चौक स्थित लखनदेई छठ घाट, खड़का छठ घाट एवं पुनौरा छठ घाट पहुंचकर घाटों पर की गई साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने



देर शाम शहर के विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी।

श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक माहौल प्रशासन की प्राथमिकता

कहा कि छठ घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश, बैरिकेडिंग, पेयजल, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घाटों पर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा भीड़ को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम पहले से तैयार रखे जाएं। डीएम तनय सुल्तानिया ने कहा कि छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और घाटों पर व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाते रहें। एसपी अमित रंजन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम को विशेष सतर्कता बरतने को कहा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, सदर एसडीओ, डीपीआरओ कमल सिंह, उप नगर आयुक्त, बीडीओ, सीओ समेत जिला प्रशासन एवं नगर निगम के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

गरीबस्थान मंदिर न्यास द्वारा छठब्रतियों के बीच वस्त्र एवं पूजन सामग्री का वितरण

एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव ने छठ व्रतियों के बीच वस्त्र एव पूजा सामग्री का किया वितरण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा 2026 के अवसर पर मुजफ्फरपुर के प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर परिसर में छठ व्रतियों के बीच साड़ी एवं अन्य पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी आनंद उत्सव ने स्वयं उपस्थित होकर छठ व्रती महिलाओं के बीच साड़ी एवं पूजा सामग्री वितरित की। इस पहल का उद्देश्य छठ व्रती महिलाओं को सहयोग प्रदान करना और लोक आस्था के इस महापर्व में सेवा एवं सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान छठ व्रतियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव ने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए



सभी व्रतियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे पावन अवसर पर जरूरतमंद व्रतियों की मदद करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। मौके पर मंदिर न्यास से जुड़े प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत ने बाल दिवस पर बच्चों संग बांटी खुशियां

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बाल दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत द्वारा स्लम एरिया में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच गांधी स्मृति पुस्तकालय सिकंदरपुर में मिठाई, चॉकलेट, टॉफी एवं वस्त्रों का वितरण किया गया। छठ महापर्व के पावन अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के माध्यम से क्लब ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया।

इस अवसर पर छठ व्रतियों के बच्चों को भी मिठाई एवं टॉफियां वितरित की गईं। बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा गया कि 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस मनाया जाता है। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह और प्रेम को याद करते हुए यह दिन बच्चों के अधिकार,



बाल दिवस पर बच्चों के बीच सामग्री वितरित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी व अन्य।

शिक्षा, खुशियों और उज्ज्वल भविष्य के प्रति समर्पित है। क्लब के सदस्यों ने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों तक खुशियां पहुंचाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। यह आयोजन रोटरी के सेवा भाव और इस वर्ष की थीम क्रिएट लस्टिंग इम्पैक्ट 2026-27 को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन ऋतेश अनुपम, सचिव आशीष शंकर, रोटेरियन उदय भानु, संजीव चौधरी, अमित राज, भृगु कुमार, डॉ अंशुमान, पंकज गौतम, अंकित कुमार बांका, गोपाल तुलस्यान, नीलमणि गुप्ता ,राजीव कुमार ,आदित्य बांका सहित क्लब के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

महादलित टोले में छठ व्रतियों के बीच डीएम ने वितरित की पूजा सामग्री

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सामाजिक समरसता और सहभागिता की भावना को साकार करते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया शनिवार को डुमरा प्रखंड के

हरि छपरा में व्रतियों से किया संवाद, छठ महापर्व की दी शुभकामनाएं

हरि छपरा स्थित वार्ड संख्या-08 के महादलित टोले पहुंचे। यहां उन्होंने छठ महापर्व का अनुष्ठान कर रहे व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया तथा उनसे आत्मीय संवाद कर पर्व की तैयारियों एवं उनकी सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर टोले के लोगों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। उन्होंने व्रतियों एवं उपस्थित महिलाओं से बातचीत करते हुए छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि छठ



छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

महापर्व आस्था, पवित्रता, सामाजिक समरसता और लोककल्याण का प्रतीक है। ऐसे पावन अवसर पर समाज के सभी वर्गों के बीच खुशियां साझा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी की इस पहल से महादलित टोले के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। व्रतियों एवं स्थानीय लोगों ने इस आत्मीय पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष चंद्र राजकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर आनंद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, महादलित टोले के निवासी, महिलाएं एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।

बाल दिवस पर बसवरिया, नगर निगम वार्ड संख्या-25 में बच्चों के बीच बैलून प्रतियोगिता

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बसवरिया, नगर निगम वार्ड संख्या-25 में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए एक मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय बच्चों के बीच बैलून प्रतियोगिता आयोजित की गई। गुब्बारों के अलग अलग प्रयोगों, गतिविधियों एवं खेलों के माध्यम से बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा आनंद ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ-साथ सभी सहभागी बच्चों को पुरस्कार भेंट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। शिक्षक मुकेश रजक ने कहा कि पर्व-त्योहारों के व्यस्त समय और दिनचर्या के बावजूद समय निकालकर बच्चों के लिए इस तरह का आयोजन करना बेहद प्रेरणादायक है। इससे बच्चों के चेहरे पर खुशी लौटी और उनका उत्साह एवं उमंग दोगुना हो गया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने कहा कि बाल दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके शोषण को रोकने तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समानता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार एवं प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



प्रतिभागी बच्चों के बीच पुरस्कार भेंट करतीं डॉ. प्रतिमा आनंद व अन्य।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रवृत्ति एवं विद्यालय के कायाकल्प पर विशेष जोर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार पासवान के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान सुजीत कुमार दास एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना सौरव प्रियदर्शी सहित शिक्षा विभाग के सभी संभाग प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति तथा अब तक प्राप्त उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान ट्रांजीशन रेट (संक्रमण दर), स्टूडेंट लर्निंग आउटकम (विद्यार्थियों का अधिगम स्तर) एवं क्वालिटी एजुकेशन (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) को प्राथमिकता देते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर विशेष चर्चा की गई। विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने, कक्षावार अधिगम लक्ष्यों की प्राप्ति, विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन तथा बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की भी समीक्षा की गई। पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ समय पर उपलब्ध कराने,



शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक करते जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया व उपस्थित अन्य।

छात्रवृत्ति आवेदनों के लंबित मामलों का निष्पादन करने तथा संस्थान एवं संबंधित स्तर पर लंबित आवेदनों और त्रुटियों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। यह भी रेखांकित किया गया कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

इसके अतिरिक्त विद्यालय कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालयों में आधारभूत संरचना के विकास, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्यालय भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। विद्यालयों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय एवं निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा विद्यालयों के समग्र विकास की दिशा में समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुजफ्फरपुर में छठ घाट की सफाई के दौरान पोखर में डूबा 19 वर्षीय युवक, मचा कोहराम

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। फकुली थाना क्षेत्र के रजला पंचायत स्थित रजला पोखर में छठ घाट की सफाई के दौरान डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रजला निवासी बालेश्वर साह के पुत्र निखिल कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निखिल कुमार छठ पूजा की तैयारी को लेकर रजला पोखर में घाट की सफाई करने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पोखर से बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़नी पहुंचाया। हालांकि, जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही निखिल के परिजन अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने पर फकुली थानाध्यक्ष कृष्णकांत मिश्र अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री के पुत्र एवं भाजपा नेता मुरली गुप्ता भी कुढ़नी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए आगे की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की।





सम्पादकीय

खरना के बाद शुरू होती है कठिन तपस्या

भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं में अनेक ऐसे पर्व हैं, जो केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि जीवन को अनुशासन, संयम, त्याग और सामाजिक समरसता का संदेश भी देते हैं। इन्हीं पर्वों में सूर्योपासना का महापर्व छठ अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। छठ केवल पूजा नहीं, बल्कि प्रति, सूर्य, जल, स्वच्छता, पवित्रता और मानव जीवन के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है। इस महापर्व का दूसरा दिन, जिसे खरना कहा जाता है, श्रद्धा, साधना और आत्मसंयम की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है।

खरना का शाब्दिक और सांस्कृतिक महत्व जितना गहरा है, उसका आध्यात्मिक संदेश भी उतना ही व्यापक है। यह दिन छठ व्रत की कठिन साधना की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। नहाय-खाय के माध्यम से शरीर और मन की शुद्धता का संकल्प लेने के बाद व्रती खरना के दिन पूरे दिन उपवास रखते हैं। संध्या के समय स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं और पूरी श्रद्धा एवं पवित्रता के साथ भगवान सूर्य तथा छठी मैया की आराधना करते हैं। इसके बाद गुड़ से बनी खीर, रोटी और अन्य पारंपरिक प्रसाद का भोग लगाया जाता है। पूजा के उपरांत व्रती प्रसाद ग्रहण करते हैं और परिवार के सदस्यों तथा आसपास के लोगों के बीच भी प्रसाद वितरित किया जाता है।

खरना का यह प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास, पवित्रता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है। गुड़ की मिठास के साथ इसमें वर्षों पुरानी लोक परंपराओं की आत्मीयता भी घुली होती है। मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से प्रसाद तैयार करना, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना और पूजा की प्रत्येक प्रक्रिया को नियमपूर्वक संपन्न करना इस पर्व की विशिष्टता को दर्शाता है।

खरना का महत्व इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इसी दिन संध्या में प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती लगभग 36 घंटे के निर्जला उपवास का संकल्प निभाते हैं। इस दौरान अन्न और जल दोनों का त्याग किया जाता है। वती पूरी निष्ठा, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ इस कठिन साधना को पूरा करते हैं। छठ व्रत की यह परंपरा मानव जीवन में इच्छाशक्ति, आत्मनियंत्रण और संकल्प की शक्ति का परिचय देती है।

यह आश्चर्यजनक है कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ और सुविधाओं के बीच भी लाखों लोग इस कठिन व्रत को पूरी श्रद्धा से निभाते हैं। इसमें किसी प्रकार का दिखावा या प्रदर्शन नहीं, बल्कि आंतरिक विश्वास और आध्यात्मिक संतुष्टि की भावना प्रमुख होती है। खरना के दिन से ही घरों में भक्ति का वातावरण बन जाता है। छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंजने लगते हैं और पूरा परिवार पूजा की तैयारियों में जुट जाता है।

खरना का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक एकता और समानता भी है। इस पर्व में जाति, धर्म, वर्ग, आर्थिक स्थिति और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर लोग एक-दूसरे की सहायता करते हैं। कोई प्रसाद तैयार करने में सहयोग करता है, कोई पूजा सामग्री जुटाता है, तो कोई घाटों की सफाई और व्यवस्था में अपना योगदान देता है। इस प्रकार छठ व्यक्तिगत आस्था से आगे बढ़कर सामूहिक सामाजिक उत्सव का स्वरूप ग्रहण कर लेता है।


खरना का प्रसाद घर-घर पहुंचता है। पड़ोसी, रिश्तेदार और परिचित एक-दूसरे के यहां प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। इससे सामाजिक संबंधों में आत्मीयता और पारस्परिक सहयोग की भावना मजबूत होती है। यह पर्व बताता है कि वास्तविक धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि दूसरों के प्रति प्रेम, सम्मान, सहयोग और संवेदनशीलता में भी निहित है।

छठ पूजा का सबसे सुंदर पक्ष प्रति के प्रति कृतज्ञता की भावना है। सूर्य के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। सूर्य ऊर्जा, प्रकाश, कृषि, ऋतुचक्र और जीवन का आधार है। छठ पर्व में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर जहां जीवन के हर पड़ाव का सम्मान किया जाता है, वहीं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर नई ऊर्जा, आशा और सकारात्मकता का स्वागत किया जाता है।

खरना इसी प्रकृति उपासना की तैयारी का महत्वपूर्ण चरण है। इसमें मिट्टी के चूल्हे, प्राकृतिक सामग्री, मौसमी फल, गुड़, चावल और पारंपरिक प्रसाद का विशेष महत्व है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों और पारंपरिक जीवनशैली से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। साथ ही नदियों, तालाबों और जलस्रोतों की स्वच्छता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी एहसास कराता है।

आज जब नदियां प्रदूषण, प्लास्टिक और गंदगी की समस्या से जूझ रही हैं, तब छठ पर्व का वास्तविक संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। सूर्य और जल की पूजा करने का अर्थ केवल धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि जलस्रोतों की रक्षा करना भी है। यदि हम छठी मैया और भगवान भास्कर के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हैं, तो हमें नदियों, तालाबों और घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लेना चाहिए। पूजा के दौरान प्लास्टिक का उपयोग कम करना, पूजा सामग्री को जल में न फेंकना, घाटों पर स्वच्छता बनाए रखना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जय छठी मैया! जय सूर्यदेव!

जल और ऊर्जा संरक्षण का लोक महापर्व



प्रेम प्रकाश।

बीते कुछ दशकों में सरकार और समाज की रीति, नीति और चेतना में ऊर्जा और पानी को लेकर एक गंभीर समझ बनी है। सच्चाई तो यह है कि भारत आज जल संरक्षण और वितरण पर सर्वाधिक खर्च करने वाले देश है, तो वहीं वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।



इस पृष्ठभूमि के साथ महान लोकपर्व छठ की चर्चा करें तो भारतीय समाज और संस्कृति की उस विशिष्टता से हम नए सिरे से अवगत होते हैं, जो प्रकृति और जीवन के संतुलित संबंध पर जोर देती है।

आज जब जल और ऊर्जा के संरक्षण और उपभोग का सवाल इतना बड़ा हो गया है कि इसे अगले विश्वयुद्ध तक की वजह बताया जा रहा है, तो यह देखना दिलचस्प है कि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में इसके समाधान के कई तत्व पहले से मौजूद हैं। ऊर्जा और जल संरक्षण को लेकर छठ पर्व एक ऐसे ही सांस्कृतिक समाधान का नाम है।

करीब दो दशक पहले कई देशों के संस्कृतिप्रेमी युवाओं ने बेस्ट फॉर नेक्स्ट नाम से अपने एक अभिनव सांस्कृतिक अभियान के तहत बिहार में गंगा, गंडक, कोसी और पुनपुन नदियों के घाटों पर मनने वाले छठ व्रत पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई। इन लोगों को यह देखकर खासी हैरानी हुई कि नदियों के घाट पर उमड़ी भीड़ कुछ भी ऐसा करने से परहेज कर रही थी, जिससे वहां का जल प्रदूषित हो। लोक विवेक की इससे बड़ी पहचान क्या होगी कि जिन नदियों के नाम तक को हमने इतिहास बना दिया है, उनके नाम आज भी छठ गीतों में सुरक्षित हैं। इस तरह हम कह सकते हैं कि छठ आज परंपरा या सांस्कृतिक पर्व से ज्यादा सामयिक सरोकारों से जुड़े जरूरी सबक याद कराने का अवसर है।

यह हम सबका साझा अनुभव है कि दिल्ली, मुंबई, पुणे, चंडीगढ़, अहमदाबाद और सूरत के रेलवे स्टेशनों का नजारा वैसे तो दशहरे के साथ ही बदलने लगता है। पर दिवाली के आसपास तो रेलवे स्टेशनों पर तिल रखने तक की जगह नहीं बचती है। इन दिनों पूरब की तरफ जानेवाली ट्रेनों के लिए उमड़ी भीड़ यह जताने के लिए काफी होती हैं कि इस देश में आज भी लोग अपने लोकोत्सवों से किस कदर भावनात्मक तौर पर जुड़े हैं। तभी तो घर लौटने के लिए उमड़ी भीड़ और उत्साह को लेकर देश के दूसरे हिस्से के लोग कहते हैं, अब तो छठ तक ऐसा ही चलेगा, भैया लोगों का पर्व जो शुरू हो गया है।

छठ की बढ़ी लोकप्रियता ने इसे सियासी एजेंडे का भी हिस्सा बना दिया है। आलम यह है कि महाराष्ट्र जैसे सूबे में, जहां पुरबियों की बोली और संस्कृति को लेकर दुराव और नफरत के आह्वान कुछ साल पहले तक सियासी मंचों से होते थे, वहां आज दही-हांडी और गणेशोत्सव की तरह छठ को भी एक बड़ी सांस्कृतिक स्वीकृति मिल रही है। यह देश में सामाजिक-सांस्कृतिक साझेपन के एक ऐसे सिलसिले को आगे बढ़ाने वाली स्थिति है, जिसमें एक तरफ सिंदूरी परंपरा है तो, वहीं दूसरी तरफ प्रति से जुड़ने का तार्किक तकाजा। वैसे भी जब सार्वजनिक जीवन में शुचिता और स्वच्छता जैसे मुद्दे राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनें और यह ललक दिल्ली के लाल किले से पूरे देश में पहुंचे तो इससे वाकई एक बड़ी उम्मीद बंधती है। इस उम्मीद की ही देन है कि आजादी के बाद यह देश पहली बार ऐसा अनुभव कर रहा है जब नदियों खासतौर पर गंगा की स्वच्छता और सफाई जैसे मुद्दे राष्ट्रीय एजेंडे का हिस्सा बने हैं और वह भी सरकारी समझ-बूझ के कारण। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की नमामि गंगे मिशन को संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के शीर्ष दस पारिस्थितिकी तंत्र बहाली फ्लैगशिप पहलों में से एक माना है।

'छठ महापर्व आस्था और परंपरा का उत्सव भर नहीं, बल्कि प्रकृति, जल संरक्षण और सामाजिक समरसता का जीवंत संदेश भी है। बदलते दौर में इसकी बढ़ती प्रासंगिकता को समाज के साथ सरकार ने भी समझा है। दिल्ली से बिहार-यूपी व गुजरात-महाराष्ट्र तक घाटों पर व्यापक इंतजाम इस साझे विवेक की मिसाल है।'

छठ से पूर्व के छह दिनों में दिवाली, फिर गोवर्धन पूजा और उसके बाद भैया दूज जैसे तीन बड़े पर्व एक के बाद एक आते हैं। इस सिलसिले को अगर नवरात्र या दशहरे से शुरू मानें तो कहा जा सकता है कि अक्टूबर और नवंबर का महीना लोकानुष्ठानों के लिए लिहाज से खास है।

पिछले कुछ दशकों में एक छतरी के नीचे खड़े होने की होड़ के बीच इस लोक आस्था की एक वैश्विक छटा भी उभर रही है। हॉलैंड, सूरीनाम, मॉरिशस , त्रिनिडाड, नेपाल और दक्षिण अफ्रीका से आगे छठ के अर्घ्य के लिए हाथ अब अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में भी उठने लगे हैं।

बात अपने देश की करें तो जिस पर्व को ब्रिटिश गजेटियरों में पूर्वांचली या बिहारी पर्व कहा गया है, उसे आज बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और असम जैसे राज्यों में खासे धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

अच्छी बात यह है कि सरकारें भी छठ महापर्व से जुड़ी लोक आस्था को एक जागरूक और जिम्मेदार नजरिए से देख रही हैं। केंद्र सरकार ने रेलवे के माध्यम से 8,454 विशेष ट्रेन यात्राओं की व्यवस्था की है। दिल्ली में 1,482 घाट तैयार किए गए हैं और मुनक नहर पर 11 किलोमीटर लंबा घाट बनाया गया है। बिहार सरकार ने राज्य के 10,599 चिन्हित घाटों पर सफाई, रोशनी, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम और निर्बाध बिजली की व्यवस्था की है।

खासतौर पर पटना में विशेष सुरक्षा, बैरिकेडिंग, निगरानी टावर, मेडिकल टीम और गोताखोर तैनात किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 110 घाटों पर सुविधाएं विकसित की गई हैं। झारखंड, पश्चिम बंगाल से लेकर महाराष्ट्र और गुजरात तक घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की तैयारियां की गई हैं।

बाजार और विकास की तीखी होड़ के बीच यह बात अब समाज और सरकार दोनों की साझी समझ में आ रही है कि लोक विवेक के बूते कल्याणकारी उद्देश्यों तक पहुंचना सबसे आसान है। इस लिहाज से देखें तो छठ पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला अकेला ऐसा लोकपर्व है, जिसमें उगते के साथ डूबते सूर्य की भी आराधना होती है। यही नहीं, चार दिन तक चलने वाले इस लोक अनुष्ठान में न तो कोई पुरोहित कर्म होता है और न ही किसी तरह का पौराणिक कर्मकांड।

कह सकते हैं कि आस्था के नाम पर पोंगापंथ और अंधविश्वास के खिलाफ यह पर्व भारतीय लोक-समाज की तरफ से एक बड़ा हस्तक्षेप भी है, जिसका कारगर होना सबके हित में है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

जीवन के बाद भी दूसरों को जीवन देने वाले परिवारों को मिलेगा सम्मान, 28 नवंबर को होगा 'जीवनदाता परिवार सम्मान 2026' का आयोजन

पटना (दैनिक नवसंदेश) । अंगदान के जरिए दूसरों को नया जीवन देने वाले परिवारों और इस दिशा में जागरूकता फैलाने वाले लोगों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से 2030 का भारत द्वारा 28 नवंबर को 'जीवनदाता परिवार सम्मान 2026' आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में तीन श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए जाएंगे। इनमें अपने प्रियजन के निधन के बाद अंग या टिश्यू दान करने वाले परिवारों के लिए "जीवनदाता परिवार सम्मान", अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने वालों के लिए "जीवन प्रेरणा सम्मान" और अंगदान एवं प्रत्यारोपण प्रक्रिया में योगदान देने वाले डक्टरों, सर्जनों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए "जीवन सारथी सम्मान" शामिल हैं।



2030 का भारत के संस्थापक डा. अतुल मलिकराम ने कहा कि अंगदान करने वाले परिवार मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य उनके साहस और योगदान को पहचान देने के साथ समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस नेक पहल के महत्व को समझ सकें।

संस्था का मानना है कि अंगदान केवल एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता से जुड़ा महत्वपूर्ण सामाजिक विषय है। इस पहल के माध्यम से अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और लोगों को सही जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा।

2030 का भारत इंदौर स्थित एक सामाजिक विकास संस्था है, जो शिक्षा, आजीविका, सामुदायिक विकास और जन-जागरूकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक एवं स्थायी बदलाव लाने की दिशा में कार्यरत है।

पंडारक की पहचान केवल धार्मिक नहीं, क्षेत्रीय गौरव का विषय भी



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

बिहार की धरती सदियों से धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत की संवाहक रही है। यहां के कण-कण में प्राचीन सभ्यता की स्मृतियां, धार्मिक मान्यताएं और लोकजीवन की परंपराएं समाहित हैं। इसी गौरवशाली विरासत में पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल स्थित पंडारक का पुण्यार्क सूर्य मंदिर अपना विशिष्ट स्थान रखता है। सूर्योपासना की प्राचीन परंपरा से जुड़ा यह धार्मिक स्थल केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि मगध की सांस्कृतिक पहचान और प्राचीन धार्मिक चेतना का भी महत्वपूर्ण प्रतीक है। इसकी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को व्यापक स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती रही है।

भारत में सूर्य आराधना की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। ऋग्वेद में सूर्य की महिमा का वर्णन मिलता है। भारतीय धार्मिक दर्शन में सूर्य को प्रत्यक्ष देवता कहा गया है, क्योंकि वे प्रतिदिन समस्त जीव-जगत को प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करते हैं। कृषि, प्रकृति, ऋतुचक्र और मानव जीवन का अस्तित्व सूर्य की ऊर्जा से जुड़ा है। यही कारण है कि भारतीय समाज में सूर्य की उपासना केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि प्रति के प्रति तज्ञता और जीवन के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति भी रही है।

मगध की पांच अर्क परंपराओं में पुण्यार्क का विशेष महत्व : साम्ब पुराण और भविष्य पुराण में सूर्योपासना से संबंधित विभिन्न अर्क क्षेत्रों का उल्लेख मिलता है। मगध की धार्मिक परंपरा में पांच प्रमुख अर्क क्षेत्रों की पहचान विशेष रूप से की जाती है। इनमें देवार्क (देव, औरंगाबाद), उलार्क (उलार, पालीगंज, पटना), पुण्यार्क (पंडारक, पटना), बरार्क (बड़गांव, नालंदा) और औंगार्क (औंगारी, एकंगरसराय, नालंदा) का नाम प्रमुख है।

इन पांचों सूर्योपासना केंद्रों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व मगध की प्राचीन परंपराओं को रेखांकित करता है। इसी श्रृंखला में पंडारक का पुण्यार्क सूर्य मंदिर विशेष उल्लेखनीय है। यह मंदिर इस बात का प्रतीक है कि पटना जिले का बाढ़ क्षेत्र भी प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। पंडारक की पहचान को केवल एक ग्रामीण धार्मिक स्थल तक सीमित रखना इसकी संभावनाओं और विरासत के साथ न्याय नहीं होगा।

पुण्यार्क नाम में समाहित है धार्मिक आस्था का भाव : पुण्यार्क शब्द स्वयं में धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व का भाव समेटे हुए है। सूर्य को पुण्य, प्रकाश, आरोग्य और जीवनदायिनी ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। भारतीय परंपरा में सूर्य की उपासना से मनुष्य को अनुशासन, सकारात्मकता और कर्मशीलता की प्रेरणा मिलती है। पंडारक का सूर्य मंदिर इसी आस्था की परंपरा को आगे बढ़ाता है।

छठ महापर्व पर आस्था का अद्भुत दृश्य : बिहार की पहचान विश्वभर में छठ महापर्व से जुड़ी हुई है। सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना का यह पर्व लोकआस्था, शुद्धता, संयम, तपस्या और प्रति के प्रति तज्ञता का अनुपम उदाहरण है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य के माध्यम से श्रद्धालु सूर्यदेव की आराधना करते हैं।

पंडारक का पुण्यार्क सूर्य मंदिर छठ की इसी महान परंपरा से जुड़ा हुआ है। पंडारक जैसे प्राचीन सूर्य मंदिर इस सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पंडारक और प्राचीन इतिहास के संभावित संबंधों पर शोध की जरूरत : पंडारक के ऐतिहासिक महत्व को लेकर प्राचीन साहित्य और पौराणिक संदर्भों में भी जिज्ञासा व्यक्त की जाती रही है। श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में पौंड्रक वासुदेव नामक राजा का वर्णन मिलता है। महाभारत में भी पौंड्रक का उल्लेख प्राप्त होता है। कुछ ऐतिहासिक व्याख्याओं और स्थानीय मान्यताओं में पौंड्रक के प्रभाव क्षेत्र को मगध और अंग के सीमावर्ती भूभाग से जोड़कर देखा जाता है।

कुछ विद्वान वर्तमान पंडारक के नाम और प्राचीन पुण्ड्र अथवा पुण्ड्रक देश की अवधारणा के बीच संभावित संबंध तलाशते हैं। हालांकि, इस संबंध को प्रमाणित ऐतिहासिक तथ्य के रूप में स्थापित करने के लिए अभी पुरातात्विक साक्ष्यों, प्राचीन अभिलेखों और ऐतिहासिक भूगोल के गंभीर अध्ययन की आवश्यकता है। इस विषय पर शोध की व्यापक संभावनाएं हैं। यदि इतिहासकार, पुरातत्वविद् और विश्वविद्यालय इस दिशा में व्यवस्थित अध्ययन करें तो पंडारक के अतीत से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। किसी स्थान का इतिहास केवल उसके वर्तमान स्वरूप से नहीं समझा जा सकता। उसके नाम, भौगोलिक स्थिति, आसपास के प्राचीन स्थलों, लोककथाओं, मंदिरों और उपलब्ध साहित्यिक संदर्भों का तुलनात्मक अध्ययन जरूरी होता है। पंडारक के मामले में भी यही ष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए ऐतिहासिक प्रमाणों की खोज करना ही इस विरासत को वास्तविक प्रतिष्ठा दिला सकता है।



सूर्य मंदिर ।

ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण की जिम्मेदारी किसकी : सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा से जुड़े पुण्यार्क सूर्य मंदिर को उसकी महत्ता के अनुरूप पहचान और सुविधाएं क्यों नहीं मिल सकी हैं बिहार में कई धार्मिक स्थल पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित हो चुके हैं। देव सूर्य मंदिर इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसी तरह उलार, बड़गांव और औंगारी जैसे सूर्योपासना केंद्रों की भी अपनी अलग पहचान है। ऐसे में पंडारक को भी धार्मिक पर्यटन की व्यापक योजना से जोड़ने की जरूरत है।

किसी मंदिर की महत्ता केवल उसकी प्राचीनता से नहीं, बल्कि उसके संरक्षण, व्यवस्थापन और सामाजिक उपयोगिता से भी निर्धारित होती है। मंदिर परिसर की स्वच्छता, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, संपर्क सड़क और सुरक्षित धार्मिक वातावरण जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसके साथ ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास होना चाहिए। सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल निर्माण कार्य कर देना पर्याप्त नहीं है। विकास ऐसा हो जो मंदिर की धार्मिक गरिमा और प्राचीन स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करे।

पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित हो पुण्यार्क पंडारक : पंडारक सूर्य मंदिर को बिहार के धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं से जोड़ना समय की मांग है। इसके लिए पर्यटन विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, पुरातत्व विभाग, जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को समन्वित प्रयास करना चाहिए। मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रमाणिक शोध कराया जाए। मंदिर से संबंधित उपलब्ध प्राचीन सामग्री, स्थानीय परंपराओं और मौखिक इतिहास का दस्तावेजीकरण किया जाए।

यदि पंडारक को देव, उलार, बड़गांव और औंगारी जैसे सूर्योपासना केंद्रों के साथ एक धार्मिक पर्यटन परिपथ में शामिल किया जाता है तो इससे पूरे क्षेत्र को लाभ मिल सकता है। इससे न केवल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

धार्मिक पर्यटन का सीधा लाभ स्थानीय दुकानदारों, छोटे व्यवसायियों, परिवहन संचालकों, होटल व्यवसायियों और युवाओं को मिल सकता है। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और स्थानीय लोगों में अपनी सांसतिक विरासत के प्रति गर्व की भावना मजबूत होगी। इसके लिए योजनाएं केवल कागजों पर नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरनी चाहिए।

शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण: पंडारक सूर्य मंदिर के इतिहास को प्रमाणिक रूप से सामने लाने के लिए विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। इतिहास, पुरातत्व, प्राचीन भारतीय संस्कृति और धार्मिक अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों की एक टीम गठित कर मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्र का सर्वेक्षण कराया जा सकता है।

मंदिर के निर्माण काल, स्थापत्य शैली, मूर्तिकला, प्राचीन धार्मिक परंपराओं और उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्यों का अध्ययन किया जाना चाहिए। यदि कोई पुरातात्विक अवशेष या प्राचीन अभिलेख उपलब्ध हों तो उनका वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए। इससे पंडारक के इतिहास को लेकर प्रचलित मान्यताओं और प्रमाणिक तथ्यों के बीच स्पष्टता आएगी।

नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना होगा : आज आधुनिकता और तकनीक के दौर में नई पीढ़ी तेजी से आगे बढ़ रही है। लेकिन विकास की दौड़ में अपनी ऐतिहासिक और सांसतिक जड़ों को भूल जाना उचित नहीं है। पंडारक जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का महत्व बच्चों और युवाओं तक पहुंचाना जरूरी है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मगध की सूर्योपासना परंपरा पर परिचर्चा, निबंध प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जा सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के इतिहास और विरासत की जानकारी मिलेगी। स्थानीय इतिहास को पाठ्येतर गतिविधियों से जोड़ने पर युवाओं में संरक्षण की भावना विकसित होगी।

पंडारक की पहचान केवल धार्मिक नहीं, क्षेत्रीय गौरव का विषय भी : बाढ़ अनुमंडल और आसपास के क्षेत्रों के लिए पंडारक सूर्य मंदिर गौरव का विषय है। जिस क्षेत्र में प्राचीन सूर्योपासना की ऐसी परंपरा मौजूद हो, वहां पर्यटन और सांस्कृतिक विकास की संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। पंडारक को व्यापक पहचान मिलने से बाढ़ क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों और आम नागरिकों को मिलकर पहल करनी चाहिए। सरकार के समक्ष मंदिर के संरक्षण, विकास और पर्यटन सुविधाओं को लेकर ठोस प्रस्ताव रखा जाना चाहिए। स्थानीय स्तर पर एक ऐसी पहल की जरूरत है, जो केवल किसी पर्व या आयोजन तक सीमित न रहे, बल्कि मंदिर के दीर्घकालीन विकास का आधार बने।

राजद ने छठ की देशवासियों और राज्य वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

पटना / एनएसबी। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, , पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, मो इसराइल मंसूरी , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू,विधान पार्षद कारी मो सोहैब, नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, डा उर्मिला ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने आस्था के महापर्व छठ की देशवासियों और राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। नेताओं ने कहा कि लोक आस्था एवं श्रद्धा के महापर्व छठ में छठी मैया की असीम कृपा से आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली बनी रहे। यह पावन पर्व हमारी आस्था, संस्कृति और समृद्ध परंपराओं के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण को और प्रगाढ़ करे।

आभा फाउंडेशन द्वारा नेपाल में छठ व्रती महिलाओं को साड़ी वितरित



विराटनगर/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । आभा फाउंडेशन नेपाल द्वारा छठ पर्व के अवसर पर दरैया की छठ व्रत करने वाली 35 छठ व्रती महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। आभा फाउंडेशन नेपाल प्रत्येक वर्ष छठ पर्व के अवसर पर विभिन्न बस्तियों एवं जरूरतमंद परिवारों की व्रती महिलाओं को साड़ी तथा छठ पूजा के लिए आवश्यक प्रसाद की व्यवस्था करता आ रहा है। महापर्व के अवसर पर इस कार्य के माध्यम से संस्था समाज में सेवा, सहयोग एवं आपसी सद्भाव की भावना को बढ़ावा देती आ रही है। पूजा बहार ने बताया कि मानव सेवा ही सच्ची माधव सेवा है।

भजन सम्राट अनूप जलोटा बने आनंद प्रज्ञा ओटीटी ऐप के ब्रांड एंबेसडर



मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारतीय भजन जगत के शिखर पुरुष, पद्मश्री से सम्मानित भजन सम्राट अनूप जलोटा अब आनंद प्रज्ञा ओटीटी ऐप के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। आनंद प्रज्ञा ओटीटी ने आधिकारिक तौर पर इस साझेदारी की घोषणा की है।

आनंद प्रज्ञा ओटीटी हमेशा से संदेशपरक, संस्कारवान और परिवार के साथ बैठकर देखने योग्य कंटेंट के लिए जाना जाता है। इससे पहले आनंद प्रज्ञा ओटीटी पर फिल्म हिन्दुत्व स्ट्रीम हुई थी, जिसमें अनूप जलोटा ने अभिनय के साथ अपनी आवाज में भजन और गीत भी गाए थे। यही जुड़ाव अब एक नई जिम्मेदारी के रूप में सामने आया है।

इस अवसर पर अनूप जलोटा ने कहा, आनंद प्रज्ञा ओटीटी सिर्फ एक ओटीटी प्लेटफार्म नहीं है, यह हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार और हमारी आस्था का मंच है। मुझे गर्व है कि मैं इस परिवार का हिस्सा बना हूं। आज जब मनोरंजन के नाम पर अश्लीलता और हिंसा परोसी जा रही है, तब आनंद प्रज्ञा ओटीटी ने साफ-सुथरा, पारिवारिक और भक्तिमय कंटेंट देने का बीड़ा उठाया है। मेरा मानना है कि भजन, भक्ति और भारतीय संगीत ही हमारी आत्मा है। मैं दर्शकों से यही कहूंगा, आनंद प्रज्ञा ओटीटी देखिए, अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़िए। क्योंकि जो अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वही आगे बढ़ता है।

आनंद प्रज्ञा ओटीटी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट और निर्माता अंजू भट्ट व चिरंजीवी भट्ट ने कहा, अनूप जलोटा जी सिर्फ एक कलाकार नहीं, एक संस्था हैं। उनकी आवाज ने करोड़ों लोगों को भक्ति से जोड़ा है। जब हमने आनंद प्रज्ञा ओटीटी की शुरुआत की थी, तब से हमारा सपना था कि हम ऐसा प्लेटफार्म बनाएं जो समाज को गौरव महसूस कराए। अनूप जी का ब्रांड एंबेसडर बनना हमारे लिए गौरव का पल है।

आनंद प्रज्ञा ओटीटी पर हमेशा से संदेशपरक फिल्में ही वेबकास्ट की जाती रही ह

संक्षिप्त खबरें

छठ महापर्व को लेकर मोतिहारी के घाटों का हो रहा सौंदर्यीकरण, नगर निगम ने बदली घाटों की सूरत

मोतिहारी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर निगम मोतिहारी की ओर से शहर के विभिन्न छठ घाटों को सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। छठ वतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन घाटों के सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई को लेकर लगातार प्रयासरत है। घाटों को आकर्षक रंग-रूप देने के साथ ही पर्व के अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों में धर्म समाज छठ घाट (वार्ड संख्या 13), एनएच-28 (वार्ड संख्या 18), वार्ड संख्या 46, रबिन क्लब छठ घाट (वार्ड संख्या 14), जानपुल छठ घाट (वार्ड संख्या 18), माई स्थान छतौनी (वार्ड संख्या 11) एवं मलंग छठ घाट सहित अन्य स्थलों पर सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है।नगर प्रशासन का प्रयास है कि छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को घाटों पर बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण मिले। घाटों को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, ताकि वती श्रद्धालु पूरी श्रद्धा एवं सुविधा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सकें।

बोलेरो सीखने निकले युवक ने सात वर्षीय बच्चे को कुचला, दादी गंभीर रूप से घायल

मधुबन (एस एन बी)। गृहियां बाजार थाना क्षेत्र के कोईलाहरा मठ में बोलेरो चलाना सीखने निकले एक युवक ने सड़क किनारे खेल रहे सात वर्षीय बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पास में काम कर रही बच्चे की दादी भी बोलेरो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, कोईलाहरा मठ निवासी रमेश राम बोलेरो लेकर गाड़ी चलाना सीखने के लिए सड़क पर निकला था। इसी दौरान कोईलाहरा मठ आंगनबाड़ी केंद्र के समीप सड़क किनारे खेल रहे ब्रिजनंदन राम के सात वर्षीय पुत्र चंचल कुमार को बोलेरो से ठोकर मार दी। हादसे में चंचल की दादी छठिया देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है।

केंद्रीय कारा में 137 बंदी कर रहे छठ वत, डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

मोतिहारी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर केंद्रीय कारा, मोतिहारी में बंदियों द्वारा पूरे भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ छठ पूजा की जा रही है। बंदियों की धार्मिक आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कारा प्रशासन की ओर से परिसर के भीतर ही त्रिम छठ घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही पूजा-अर्चना और अर्घ्य देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।इस वर्ष केंद्रीय कारा में कुल 137 बंदी छठ वत कर रहे हैं। इनमें 75 महिलाएं और 62 पुरुष बंदी शामिल हैं। कारा प्रशासन द्वारा वतियों के लिए स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया गया है।छठ पर्व की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक केंद्रीय कारा पहुंचे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कारा परिसर में बनाए गए त्रिम छठ घाट, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा वती बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन कियास निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारा अधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों को पर्व के दौरान स्वच्छता, पेयजल, पर्याप्त प्रकाश और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि वतियों को पूजा-अर्चना और अर्घ्य देने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।अधिकारियों ने कारा प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जेल परिसर में धार्मिक एवं सांसतिक आयोजनों से बंदियों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। ऐसे आयोजन उनके मानसिक एवं सामाजिक सुधार तथा पुनर्वास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पकड़ी दयाल नगर पंचायत स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

मोतिहारी (एन एस बी)। महापर्व छठ को जिले में शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने को लेकर आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से पकड़ीदयाल नगर पंचायत के छठ घाटों का निरीक्षण कर वहां चल रही तैयारी का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत पकड़ी दयाल उपस्थित रहे।

निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5, 6,7 एवं खाकी बाबा छठ घाट पर जाकर वहां की तैयारियों के देखा गया और इसकी जानकारी प्राप्त की गई। यहां पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि छठ घाटों पर छठ वतियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी जरूर तैयारी मुकम्मल रूप से कराई जा रही है। यहां पर प्रकाश की व्यवस्था कराई गई है, सुरक्षा की ष्टिकोण से पानी की गहराई को देखते हुए बैरिकेडिंग कराया गया है। घाटों पर सुरक्षा के अन्य पहलुओं के अंतर्गत गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। घाट पर चेंजिंग रूम भी बने हुए हैं। वच टावर भी लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा घाटों के मुकम्मल व्यवस्था के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छठ पर्व लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। घाटों पर उनको पूरी सहूलियत मिले इसका ध्यान रखा जाए कि किसी भी वती को घाट पर आने, घाट पर पूजा करने एवं वापस घर लौटने में कोई असुविधा नहीं हो।निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य सहित ग्रामीण उपस्थित थे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि शांतिपूर्ण तरीके से सद्भावपूर्ण वातावरण में छठ को संपन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करें, घाटों पर स्वच्छता को बनाए रखें। इस अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों को महापर्व छठ की शुभकामनाएं भी दी गई।

दादाबाड़ी जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी। ज्ञान पंचमी के मौके पर बेगमपुर स्थित प्राचीन दादाबाड़ी जैन मंदिर मे भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गुरु गौतम गनधर स्वामी की उपासना की गयी।इसके बाद विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गयी। आयोजन में शामिल प्रदीप जैन ने बताया कि ज्ञान पंचमी पर पांच ज्ञान की पूजा अर्चना की जाती है पूजा अर्चना व मंगल आरती के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। आयोजन में महिला व पुरुष भक्त उपस्थित थे।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

बिहार शरीफ। अल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोशिएशन (एआईएमसीईए) की केंद्रीय कमिटी द्वारा बिहार प्रदेश कार्यकारिणी का पुर्न गठन किया गया है । संगठन के राष्ट्रीय महासचिव गोवा निवासी लाडू सुर्लकर ने बिहार प्रदेश की 22 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन संबंधी पत्र जारी कर दिया है । भारत के नंद समाज का सबसे बड़ा संगठन एआईएमसीईए की केंद्रीय नेतृत्व ने नालंदा निवासी तथा संगठन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक कुमार के अद्भुत नेतृत्व क्षमता ,संगठन के प्रति समर्पण एवं त्याग को देखते हुए ड़दीपक कुमार को बिहार का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामशील शर्मा संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवध राज नंद ने आशा व्यक्त किया है कि ड़दीपक कुमार के नेतृत्व में संपूर्ण बिहार में संगठन के उद्देश्य एवं कार्यो का प्रसार तेजी से होगा । ड़दीपक कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके गृह क्षेत्र नालंदा में खुशी की लहर है । इसी क्रम में महानंदपुर गांव में नंद समाज के लोगों ने नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष ड़दीपक कुमार का ड़अशोक ,आत्मानंद शर्मा ,श्रवण शर्मा,अमरजीत शर्मा ,वीरेश शर्मा ,राजन शर्मा ,आशा देवी ,राधा देवी ,पूजा कुमारी ,सोनी कुमारी ,बच्ची देवी ,विमला देवी सहित दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया ।मौके पर लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया ।संगठन के वरिष्ठ संरक्षक बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य ड़ शिवजतन ठाकुर ने युवा नेतृत्व को बिहार का कमान मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए दीपक कुमार को बधाई दी है ।उन्हें बधाई देने वालों में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी हरिद्वारी लाल आर्य , राष्ट्रीय संगठन सचिव आदित्य नारायण सेन ,संगठन के पूर्व अध्यक्ष तथा संरक्षक ड़ण्ण मुरारी ठाकुर ,संगठन के प्रदेश महासचिव ड़ ओमेंद्र शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष आभा ठाकुर , अपर महासचिव सुजीत कुमार ,संगठन सचिव दिलीप कुमार ,उमेश कुमार प्रभात विधि परामर्शी संजीव शर्मा ,अडिटर चंद्रमौली प्रसाद ,कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार शर्मा ,सहित संगठन से जुड़े प्रदेश एवं देश भर के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।

छठ महापर्व पर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश कर रहे ओपी प्रभारी संतोष कुमार

खुद घाटों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का ले रहे जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर दिखे सक्रिय

बैकुंठनाथ धाम। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। छठ वतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए बैकुंठनाथ धाम ओपी प्रभारी संतोष कुमार पूरी तत्परता के साथ घाटों की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। वे स्वयं विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। छठ महापर्व के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। ओपी प्रभारी संतोष कुमार खुद मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग कर रहे हैं, ताकि वतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उनकी सक्रियता और कार्यशैली क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक पुलिस पदाधिकारी का स्वयं जमीन पर उतरकर व्यवस्था में जुटना सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश कर रहा है। ख1ध14, 9रू13ध्व्ड, ैनईंउ ज्ञीनेंतनचनतरू कौन हैं ओपी प्रभारी संतोष कुमार, जिनकी चर्चा छठ घाट की सफाई को लेकर हो रही है खुशरूपुर (पटना)। पुलिस की वर्दी पहनकर कानून-व्यवस्था संभालना और जनता की सुरक्षा करना पुलिस पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है, लेकिन जब कोई पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए भी आगे आता है तो उसकी चर्चा होना स्वाभाविक है। इन दिनों ऐसे ही एक पुलिस पदाधिकारी हैं बैकुंठनाथ धाम ओपी प्रभारी संतोष कुमार, जिनकी कार्यशैली और सेवा भावना की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। संतोष कुमार सब-इंस्पेक्टर सह बैकुंठनाथ धाम ओपी प्रभारी हैं। वे 2020 बैच के सब-इंस्पेक्टर बताए जाते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा अपराध पर अंकुश लगाना है। छठ घाट की सफाई करते हुए आए चर्चा में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जब पूरे बिहार में तैयारियां चल रही थीं, उसी दौरान संतोष कुमार बैकठपुर गंगा घाट पहुंचे। उन्होंने छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लेकिन उनकी चर्चा तब खास तौर पर होने लगी, जब वे निरीक्षण के दौरान खुद सफाई में जुट गए। शरीर पर पुलिस की वर्दी, दिल में जनता की सेवा का जज्बा और मन में छठ महापर्व के प्रति श्रद्धा लिए संतोष कुमार घाट की सफाई करते नजर आए। उन्होंने अपने इस कार्य से यह संदेश दिया कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भागीदारी भी जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पुलिस-पब्लिक संबंध मजबूत करना है लक्ष्य संतोष कुमार की इस पहल को स्थानीय लोग पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देख रहे हैं। उनका मानना है कि जब पुलिस जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझती है और सामाजिक कार्यो में भागीदारी निभाती है, तो आपसी विश्वास और सहयोग मजबूत होता है।

खरना संपन्न, पड़ेगा आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

पटना सिटी। सूर्योपासना पर्व छठ का अनुष्ठान में शनिवार को वतियों ने दिनभर उपवास रह शाम को खरना किया। खीर व रोटी का प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निराहर उपवास आरंभ हुआ। वतियों की ओर से रविवार को को संडिया अर्घ्य व सोमवार को प्रातकालीन अर्घ्य अर्पित की जायेगी। खरना के लिए वतियों की भीड़ गंगा घाटों पर। न के लिए जुटी थी। महावीर घाट पर पुष्पांजलि कला मंदिर के सदस्यों ने वतियों की सेवा की। इसी प्रकार से केशव राय घाट पर प्रभात जायसवाल, नन्हकी मिश्र की देखरेख में, भद्र घाट पर पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा,मिथिलेश कुमार शर्मा, शशि शर्मा की देखरेख में वतियों के लिए तैयारी की गयी है इसके अलावा अन्य गंगा घाटों पर भी पूजा समिति के सदस्यों की ओर से तैयारी की गयी है इस दौरान वतियों की सेवा में संगठनों से जुड़े लोग भी जुटे थे ।

गंगा घाटों पर तैनात रहेंगे गोताखोर, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ

पटना सिटी। अनुमंडल प्रशासन की ओर से छठ को लेकर की गयी तैयारियों के बीच गंगा घाटों पर गोतखोर, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती की गयी है भद्र घाट पर एनडीआरएफ की टीम सहायक कमांडेड व गायघाट में एसडीआरएफ टीम के इंचार्ज की देखरेख में टीम की तैनाती की गयी है।एसडीओ कशिश बक्शी ने गंगा घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां पर कमी दिखी उसे दूर करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती के साथ गोतखोर की टीम को लगाया गया है पांच घाट ल कलेज घाट, गायघाट, भद्र घाट, महावीर घाट व कंगन घाट पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना त्योहार के दौरान वतियों को नहीं करना पड़े। इस दौरान एसडीओ ने एक दर्जन से अधिक गंगा घाटों का निरीक्षण किया। नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा ने भी गंगा घाटों का निरीक्षण किया और व्यवस्था को देखा। दूसरी ओर नालंदा मेडिकल कलेज अस्पताल में इमरजेंसी में बेड दस आरक्षित किये गये है। अधीक्षक ड राजीव रंजन व उपाधीक्षक ड पीडी वर्मा ने बताया कि इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक व कर्मियों की तैनाती की गयी है ।

पूजन सामग्री का वितरण किया गया

पटना सिटी। छठ पर संगठनों की ओर से भी पूजन सामग्री का वितरण किया गया। महापौर सीता साहू ने बड़ी पटनदेवी महाराजगंज आवास पर पूजन सामग्री बांटी,आयोजन में पार्षद श्वेता कुमारी व महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार व शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरि शामिल थे।युवा जागृति मंच बजरंगपुरी में पूजन सामग्री अध्यक्ष जय प्रकाश,सुजीत चौधरी,मनी भूषण शर्मा,सर्वेश्वर कुमार सिन्हा,रजनीश,मंटू मयंक,अंजनी कुमार,,राकेश श्रीवास्तव,अभय नारायण,पुनीत,रानी ,मीनाक्षी कुमारी,शिवम कुमार,श्रवण,अनूप व हरेराम राय ने बांटी. केशव राय घाट स्थित चौधरी भवन में नव युवक विकास सेवा समिति ने पूजन सामग्री बांटी। आयोजन में पूर्व मुख्य सफाई निरीक्षण ष्ण नारायण शुक्ला,वीरेंद्रनाथ विभावसु,पत्रकार अनिल कुमार,रवि कांत शुक्ला के हाथों सामग्री वितरण हुई. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभात जायसवाल व अतिथियों का स्वागत ड विकास गुप्ता ने की। आयोजन में मनोज स्वर्णकार, अशोक झुनझुनवाला, संजय स्वर्णकार, अजय कुमार पप्पू, जितेंद्र जायसवाल, गौरीशंकर मिश्र ननकी, रेणु जायसवाल, अशोक जायसवाल, भरत प्रसाद, शुभम कुमार, नवल यादव, सतीश सिन्हा, प्रद्युम्न मोनू, जितेंद्र यादव, उमाशंकर यादव, संजय गुप्ता, रकी समेत अन्य थे। रोटरी क्लब अफ पटना सिटी सम्राट ने कबूतरी गली, त्रिपोलिया, के निकट छठवतियों के बीच सामग्री बांटी। आयोजन में अतिथि किरण अटो मोबाइल्स निदेशक नितिन कुमार रिंकु, चार्टर प्रेसिडेंट विजय कुमार यादव, अभिषेक राज, विनय कुमार लांबा, देवराज बल्लभ, देवेश नवाडिया, राजेश कुमार, गोविंद चौधरी समेत अन्य शामिल थे ।

महागठबंधन के नेताओं ने लिया गंगा घाटों का जायजा,कमियों से कराया अवगत

पटना सिटी। छठ वतियों की सुविधा के लिए गंगा घाटों पर की गयी तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को महागठबंधन के नेताओं का दल निकला। महावीर घाट से लेकर कंगन घाट के बीच पूर्व पार्षद सह राजद नेता बलराम चौधरी,पार्षद शोभा देवी,मो जावेद व देवरतन प्रसाद के नेतृत्व में निकले नेताओं ने नौजर घाट मुख्य मार्ग पर नमामि गंगा के चौंबर से नाला का पानी सड़कों बहने पर नाराजगी जतायी। नेताओं ने इसकी जानकारी निगमायुक्त को दी। छठ पूजा समिति के राजा कुमार, संतोष कुमार, सन्नी कुमार, सुनीता देवी, पुष्पा देवी, राजेश यादव, सुबोध सिंह ने बताया कि निगम अजीमाबाद को इसकी जानकारी दी गयी थी। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। निरीक्षण के दौरान दुली घाट पर बैरिकेडिंग व घाट पर फैले दलदल की समस्या से एडीएम शशांक कुमार को अवगत करया गया। इसके बाद संवेदक के माध्यम से व्यवस्था दुरुस्त कराया गया। निरीक्षण में कांग्रेस के शारीफ अहमद रंगरेज, शत्रुघ यादव, साबिर अली, हिदायत अहमद, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, पंकज रजक, कुमार बल्लभ, बबलू जायसवाल, सुरेश यादव, मो फिरोज समेत अन्य थे।

पूर्व मुखिया डॉ. बेबी आलम ने जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच बांटी साड़ी व पूजन सामग्री

करीब दस दर्जन महादलित एवं असहाय महिला वतियों को किया सहयोग, बोलीं- मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं

तुरकौलिया (एनएसबी)। छठ महापर्व के अवसर पर सेवा और सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए तुरकौलिया पूर्वी पंचायत की पूर्व मुखिया ड़ बेबी आलम ने करीब दस दर्जन जरूरतमंद, असहाय एवं महादलित महिला छठवतियों के बीच वस्त्र एवं पूजन सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने वतियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ड़ बेबी आलम ने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से छठ महापर्व के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के बीच वस्त्र वितरण करती आ रही हैं। प्रत्येक वर्ष इस पुनीत कार्य को करने से उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिलती है। उनके लिए साड़ी वितरण केवल जरूरतमंदों की सहायता भर नहीं, बल्कि आस्था, मानवता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, ताकि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लोग भी छठ पर्व की खुशियों में शामिल हो सकें। धर्म हमें आपस में जोड़ना सिखाता है, बांटना नहीं। सभी धर्मो और समुदायों के प्रति उनके मन में समान सम्मान है। ड़ बेबी आलम ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं और जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। आस्था और पूजा-पद्धति अलग-अलग हो सकती है, लेकिन इंसानियत, प्रेम और भाईचारे का रिश्ता सबसे ऊपर है। यही कौमी एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की असली पहचान है।

संक्षिप्त खबरें

इनर व्हील क्लब ऑफ पटना द्वारा छठ महापर्व पर साड़ी, सूप, नारियल एवं पूजन सामग्री का वितरण

पटना (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब अफ पटना द्वारा कदमकुआँ स्थित बुद्ध मूर्ति, शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के समीप सेवा एवं सहयोग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छठ वत करने वाली महिलाओं के बीच साड़ी, सूप, नारियल एवं छठ पूजा की अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। क्लब की सदस्यों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य छठ वत करने वाली महिलाओं को पूजा की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना तथा उनके पर्व की खुशियों में सहभागी बनना था। क्लब की ओर से इस नेक पहल में आर्थिक एवं अन्य प्रकार से सहयोग देने वाले सभी सदस्यों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। क्लब की सदस्यों ने कहा कि छठ महापर्व हमें आस्था, पवित्रता, त्याग, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश देता है। जरूरतमंदों के साथ खुशियाँ बाँटना और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना ही इनर व्हील की सेवा भावना का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन छठी मैया एवं भगवान सूर्य से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना के साथ हुआ।

ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने आरक़े सिन्हा के निधन पर जताया शोक, ऋतुराज सिन्हा से मिलकर दी सांत्वना

पटना (एनएसबी)। ग्लोबल कायस्थ कन्फ्रेंस (जीकेसी) के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (एसआईएस) ग्रुप के संस्थापक ड़ रविन्द्र किशोर सिन्हा (आरक़े सिन्हा) के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक, कला-संसति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार और राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान ने पाटलिपुत्र स्थित स्वआरक़े सिन्हा के आवास श्अन्नपूर्णा भवनश पहुंचकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके पुत्र एवं भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा से मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर श्री अभिषेक ने कहा कि आरक़े सिन्हा का निधन कायस्थ समाज के साथ-साथ राजनीतिक, सामाजिक और औद्योगिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के बल पर देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि ढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प के साथ कोई भी व्यक्ति बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। श्री अभिषेक ने कहा कि आरक़े सिन्हा समाज के लिए अभिभावक और प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने कायस्थ समाज को संगठित करने, उसकी पहचान मजबूत करने और सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से समाज ने एक अनुभवी मार्गदर्शक खो दिया है। उन्होंने ऋतुराज सिन्हा के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा जीकेसी परिवार उनके और उनके परिवार के साथ खड़ा है। कला-संसति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि आरक़े सिन्हा का व्यक्तित्व बहुआयामी था। पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन, राजनीति, उद्योग और समाजसेवा तक उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अपनी प्रतिभा और कर्मठता से कायस्थ समाज को गौरवान्वित किया। उनका संघर्षपूर्ण जीवन और समाज के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। जीकेसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान ने कहा कि आरक़े सिन्हा का जीवन कर्मठता, अनुशासन और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने अपनी कार्यक्षमता और दूरदर्शी सोच से न केवल उद्योग जगत में पहचान बनाई, बल्कि समाज के लोगों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनके विचार, आदर्श और योगदान हमेशा स्मरणीय रहेंगे। मुकेश महान ने कहा कि श्री सिन्हा समाज में जरूरतमंदो को मदद करने के लिए भी विशेष तौर पर जाने जाते हैं।वे जात-पात और पार्टी से ऊपर उठ कर हर जरूरतमंद की मदद करते थे। आज कई इंजीनियर,डक्टर और कई प्रोफेशनल ऐसे हैं जो उनकी आर्थिक मदद से अपनी पढाई पूरी की है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की। गौरतलब है कि ड़ रविन्द्र किशोर सिन्हा देश के जाने-माने उद्यमी, वरिष्ठ पत्रकार, भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक और पूर्व राज्यसभा सांसद थे। उन्होंने पत्रकारिता से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन के दौरान भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। बाद में उन्होंने निजी सुरक्षा सेवा के क्षेत्र में एसआईएस ग्रुप की स्थापना की और उसे राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। रोजगार सृजन, उद्यमिता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। ड़ आरक़े सिन्हा का जन्म 22 सितंबर 1951 को हुआ था। उनका निधन 30 अक्टूबर 2026 की सुबह नोएडा स्थित आवास पर हुआ। वह 75 वर्ष के थे। उनके निधन से बिहार सहित देशभर के राजनीतिक, सामाजिक, पत्रकारिता और कारोबारी जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पटना के दीघा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके पुत्र ऋतुराज सिन्हा ने मुखाग्नि दी।

प्रशांत किशोर ने खरना पर बांकीपुर का किया दौरा, छठ वतियों के बीच वितरित किए सूप और ग्रहण किया प्रसाद'

'पीएम मोदी बताएं कि छठ के लिए घोषित 1800 स्पेशल ट्रेनें कहां गईं : प्रशांत किशोर'

'पटना।' जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर ने शनिवार को लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन यानी श्खरनाश के पावन अवसर पर बांकीपुर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सुबह 9रू30 बजे वार्ड संख्या 25 स्थित पंचमुखी मंदिर से छठ वतियों के बीच सूप वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद वार्ड संख्या 28 के आरक़े भट्टाचार्य रोड, वार्ड संख्या 36 के पीर मोहानी और लोहानीपुर, वार्ड संख्या 37, 38 और 39, वार्ड संख्या 35, 42 और 41 सहित विभिन्न इलाकों में पहुंचकर स्थानीय लोगों एवं छठ वतियों से मुलाकात की। दोपहर बाद उन्होंने दरियापुर गोला, नाला रोड, मारुति नगर, खासमहल और चिरैयाटांड़ में छठ वतियों के बीच खरना का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को जय प्रकाश नगर, पुराना जक्कनपुर, पुरंदरपुर, हनुमान पथ, यारपुर डोमखाना, मीठापुर और मंदिरी स्थित विभिन्न छठ पूजा पंडालों एवं घाटों से जुड़े आयोजनों में शामिल होकर लोगों से मुलाकात की और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रशांत किशोर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह बिहार की आस्था का सबसे बड़ा महापर्व है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर मेरी जिम्मेदारी भी है और लोगों की अपेक्षा भी है कि मैं उनके इलाके, मोहल्ले और घरों पर जाऊं, उनसे मिलूं और देखूं कि उन्हें कोई तकलीफ न हो। साथ ही, मिलने-जुलने का भी कार्यक्रम है।

'राज ठाकरे को जब कोई नहीं पूछता है, तब हिंदी भाषी लोगों को गाली देकर मीडिया में जगह बनाते हैंरू पीके'

पीके ने राज ठाकरे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा आप लोग राज ठाकरे जैसे लोगों को अननेसेसरी जगह देते हैं। राज ठाकरे जैसे लोगों को जब कोई नहीं पूछता है, तब यूपी-बिहार के लोगों को गाली देकर मीडिया में जगह बनाते हैं। राज ठाकरे कहां खड़े हैं, उन्हें खुद नहीं पता है। कभी मोदी का गुणगान करने लगते हैं, तो कभी शिकायत करने लगते हैं। कभी इधर हो जाएंगे, कभी उधर हो जाएंगे। अगर महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों के साथ कुछ गलत होगा, तो वहां पर सरकार बीजेपी की है। हिंदी भाषी लोग बीजेपी से सवाल पूछेंगे और उत्तर देना पड़ेगा।

'पीएम मोदी बताएं कि छठ के लिए घोषित 1800 स्पेशल ट्

संक्षिप्त खबरें

छठ घाटों पर साफ सफाई कर ब्लिचिंग की छिड़काव

महेशखूंट। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर गोगरी प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर स्वच्छता कर्मी के द्वारा साफ-सफाई कर ब्लिचिंग पाउडर की छिड़काव किया जा रहा है। पकरैल पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार ने बताया कि सभी स्वच्छता कर्मी को ब्लिचिंग पाउडर उपलब्ध कर दिया गया है। स्वच्छता कर्मी को कहा गया की सभी नदी या धार में बने छठ घाट तथा घाट तक जाने बाली सड़कें की साफ सफाई कर ब्लिचिंग पाउडर की छिड़काव करना सुनिश्चित करें। स्वच्छता कर्मी ने बिन्दटोली, घनश्याम नगर, दुःखहरण धार,मिरमाधार,लेवा धार,पटेलनगर आदि छठ घाटों पर सफाई कर ब्लिचिंग पाउडर छिड़काव की बात बताया। उल्लेखनीय है कि सुविधा तथा सुरक्षा की कारण कई जगहों पर खेत में छठ घाट का निर्माण किया जा रहा है। वहीं समसपुर, बन्नी, महेशखूंट, मदारपुर,बलतारा,गोछारी, झिटकिया ,पौरा ,मैया आदि पंचायत में भी स्वच्छता कर्मी के द्वारा छठ घाटों साफ-सफाई कर ब्लिचिंग पाउडर की छिड़काव किया जा रहा है।

छठ को लेकर बाजारों में फलो के दामों में बेतहाशा वृद्धि

बेलदौर। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बाजारों में इन दिनों भारी चहल-पहल देखी जा रही है। बाजार में वत से जुड़ी सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ ही इसके दामों में भी भारी उछाल आ गया है, जिससे आम जनता और छठवतियों की जेब पर अतिरिक्तबोझ पड़ रहा है। बाजार में छठ पूजा के मुख्य फलों में शामिल टाभ की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। बेलदौर बाजार में टाभ वर्तमान में दो सौ रुपये से लेकर ढ़ाई सौ रुपये प्रति जोड़ा तक बिक रहा है। अचानक बढ़े इन दामों को सुनकर खरीदारी करने पहुंची छठवती महिलाएं अचंभित रह जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के दौरान अचानक मांग में भारी वृद्धि होने और उस अनुपात में स्थानीय स्तर पर आपूर्ति सीमित होने के कारण कीमतों में यह उछाल आया है। केवल टाभ ही नहीं, बल्कि अन्य पारंपरिक फलों और पूजन सामग्रियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं।बाजार में सबसे अधिक महंगी दरों पर नारियल बिक रहा है, जबकि पूजा में विशेष महत्व रखने वाला गन्ना भी पचास रुपये से लेकर सौ रुपये जोड़ा तक बिक रहा है। इसके अलावा सेब, केला, अनानास और अन्य मौसमी फलों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। महंगाई के बावजूद लोक आस्था के इस महान पर्व को लेकर लोगों की श्रद्धा और उत्साह में कोई कमी नहीं है, और वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार महंगे दामों पर भी खरीदारी करने को विवश हैं।

निरीक्षण में अनुपस्थित मिले परबत्ता थानाध्यक्ष निलंबित

परबत्ता। आगामी छठ पूजा को लेकर 13 नवंबर को अगुवानी छठ घाट के निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान परबत्ता थानाध्यक्ष पुनि प्रमोद कुमार अनुपस्थित पाए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक षैलेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार थाना से अनुपस्थित मिले। इस संबंध में जब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोगरी से जानकारी ली तो बताया गया कि थानाध्यक्ष तीन दिनों की छुट्टी स्वीत होने की बात कहकर थाना से चले गए हैं। जबकि पुलिस अधीक्षक स्तर से उन्हें किसी प्रकार की छुट्टी स्वीत नहीं की गई थी। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि आगामी छठ पर्व 2026 को लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा विधि-व्यवस्था के मद्देनजर सभी प्रकार के अवकाश बंद कर दिए गए थे। इसके बावजूद बिना सूचना एवं अनुमति के थाना से अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और वरीय पदाधिकारी के आदेशों की अवहेलना को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक के अनुशंसा प्रतिवेदन के आधार पर बेगूसराय रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने परबत्ता थानाध्यक्ष पुनि प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

मृतक के पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेलदौर। बेलदौर पुलिस ने हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पति आशीष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मधेपुरा जिले के रटवारा थाना क्षेत्र के तिलकपुर भोर काठ निवासी मनोज मंडल कि पत्नी अनीता देवी ने बेलदौर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने दामाद आशीष कुमार समेत कुल 11 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। शिकायत के अनुसार, आरोपी पति आए दिन नीतू के साथ मारपीट करता था। मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि आशीष का किसी अन्य युवती के साथ अवैध संबंध था, जिसका नीतू विरोध करती थी। इसी विवाद के चलते पति और उसके परिजनों ने मिलकर नीतू के गले में फंदा कसकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने की नीयत से घटना की सूचना मायके वालों को तक नहीं दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए बेलदौर पुलिस ने त्वरित छापामारी कर मुख्य आरोपी पति आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

छठ महापर्व को लेकर घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

खगड़िया (एनएसबी)। महापर्व छठ के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को 343 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति 13 से 16 नवंबर तक के लिए की गई है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रमुख छठ घाटों एवं संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस बल तथा अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा छठ महापर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन को लेकर को लेकर सख्त निर्देश जारी किया गया है । सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी घाटों पर बैरिकेटिंग, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, सीसीटीवी का अधिष्ठापन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम से माइकिंग की व्यवस्था, मिनी कंट्रोल रूम, चिकित्सा शिविर एवं नाव, नाविक, गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति समय से पूर्व सुनिश्चित की जाए। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि खतरनाक घाटों को चिन्हित कर वहां लाल कपड़े से घेराबंदी किया जाए और वतियों से सुरक्षित घाटों पर ही अर्घ्य देने का अनुरोध किया जाए। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल का गठन किया गया है । अफवाहों को रोकने एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है । महत्वपूर्ण स्थानों पर चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, आवश्यक दवाइयों एवं अगिशमन वाहन की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया है । घाटों के समीप 16 नवंबर तक पटाखों की बिक्री एवं चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। निजी नावों के परिचालन एवं तैराकी पर भी पर भी रोक लगाई गई है। जिलाधिकारी द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा है । उन्होंने कहा है किसी कि परिस्थिति में भीषण जाम कि समस्या उत्पन्न ना हो सभी इस बात पर निगरानी रखेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचलाधिकारी एव थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत भ्रमणशील रहकर पूरे विधि व्यस्था पर कंट्रोल रखना सुनुष्चित करेंगे । जिला नियंत्रण कक्ष 13 नवंबर सुबह से ही संचालित है जो 17 नवंबर तक 24 घंटे कार्यरत रहेगा। किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06244-222384 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन सभी छठवतियों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अपील करता है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें तथा छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं एसपी।

छठवतियों के बीच पूजन सामग्रियों का वितरण

पसराहा(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सतीशनगर में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व परवक्ता विधानसभा प्रत्याशी सुशील चंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा 75 छठवतियों के बीच सूप, नारियल, डाभ, गन्ना और फलों आदि का वितरण किया गया। उनकी इस सराहनीय पहल से क्षेत्र के जरूरतमंद और निष्ठावान वतियों को पर्व की पूजन सामग्री प्राप्त करने में काफी सुविधा मिली। श्री कुषवाहा ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्ति का एक ऐसा अनूठा पर्व है जिसमें उगते और डूबते सूर्य की उपासना की जाती है और शुद्धता, पवित्रता तथा अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाता है। कठिन उपवास रखकर भगवान सूर्य और छठी मईया की आराधना किए जाने वाले इस पवित्र अनुष्ठान में समाज के हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाते हैं और एक-दूसरे की सहायता करते हैं। इस वितरण से यह प्रतीक मिलता है कि हमारे समाज में आज भी आपसी सहयोग, भाईचारा और पर्व के प्रति समर्पण की भावना जीवित है। इस मौके पर उपस्थित जदयू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया पृथ्वी चंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यो से न केवल जरूरतमंदों को संबल मिलता है, बल्कि पूरे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित होता है। पर्व के इस पावन अवसर पर सीमा सिंह कुशवाहा, सुशांत सिंह कुशवाहा, शुभम कुमार, शिवम कुमार, बिरचंद्र सिंह, राज कुमार पटेल, अखिलेश सिंह, अजीत कुमार और विकास कुमार सहित अन्य सभी ने मिलकर छठी मईया से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।



पूजन सामाग्री वितरण करते श्रद्धालु।

नीतीश सेतु नामकरण उनके उत्कृष्ट कार्यो के प्रति सम्मानरू बबलू मंडल

खगड़िया (एनएसबी)। कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर छह लेन पुल का नामकरण बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के सम्मान में 'नीतीश सेतु' किए जाने की घोषणा पर जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर सदर विधायक सह जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल के नेतृत्व में शहर के कचहरी रोड स्थित विधायक कार्यालय के कर्पूरी सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार सरकार एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं साधुवाद दिया गया।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के गौरव, स्वाभिमान और विकास के सच्चे शिल्पकार हैं। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, संघर्ष और जनसेवा के माध्यम से बिहार को नई पहचान दिलाई तथा राज्य के प्रत्येक नागरिक के आत्मसम्मान को नई ऊंचाई प्रदान की। 'नीतीश सेतु' नामकरण उनके उत्ष्ट कार्यो, ऐतिहासिक योगदान और संघर्षमय सार्वजनिक जीवन के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह छह लेन पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को सुगम बनाने के साथ व्यापार, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। इसके चालू होने से आम लोगों, व्यापारियों एवं मालवाहक वाहनों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही पटना और उत्तर बिहार के बीच संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी तथा विकसित बिहार के निर्माण को नई मजबूती मिलेगी। विधायक ने कहा कि आगामी 21 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सेतु का उद्घाटन किया जाना बिहार के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला नागरिक परिषद सदस्य आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी सहित अन्य नेताओं ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति कोटि-कोटि आभार प्रकट किया और हार्दिक बधाई एवं साधुवाद दिया।



जानकारी देते विधायक व अन्य।

खगड़िया के 5 श्रमिकों की मृत्यु पर जिला प्रशासन ने दिखाई तत्परता

प्रत्येक आश्रित परिवार को 4 लाख अनुदान राशि उपलब्ध

खगड़िया(एनएसबी)। दिल्ली के दरियागंज स्थित अजमेरी गेट-चावड़ी बाजार क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पाँच मंजिला इमारत में छत ढ़लाई के दौरान हुए हादसे में खगड़िया जिले के बेलदौर प्रखंड अंतर्गत बोबिल पंचायत के पाँच श्रमिकों की असामयिक मृत्यु हो गई। मृतकों में हनुमाननगर वार्ड संख्या 4 निवासी संजीत राम (35 वर्ष), संटुन मुखिया (22 वर्ष), बिपिन राम (40 वर्ष), दिनेश साह (50 वर्ष) एवं बेसी बासा वार्ड संख्या 2 निवासी पंकज शर्मा (43 वर्ष) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, खगड़िया एवं बिहार सरकार ने तत्परता से कार्रवाई शुरू की। दिल्ली पुलिस, दिल्ली की संबंधित एजेंसियों तथा बिहार भवन, नई दिल्ली के स्थानीय आयुक्त से लगातार समन्वय स्थापित किया गया। इसके फलस्वरूप मलबे से शवों को शीघ्र निकाला गया और प्राथमिकीएवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया त्वरित रूप से पूर्ण कराई गई। नियोजक के माध्यम से वाहन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई, ताकि परिजन दिल्ली पहुँच सकें और पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक पैतृक गाँव लाया जा सके। गाँव में मृतकों का दाह संस्कार भी प्रशासन की देखरेख में सुनिश्चित कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अंतर्गत आवेदन से स्वीति तक की प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर तेजी से पूरा किया गया। इसके तहत प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 4 लाख की अनुदान राशि उपलब्ध करा दी गई है। जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर ने कहा है कि दुःख की इस घड़ी में जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता से साथ खड़ा है।



एसडीओ व अन्य।

महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना प्रसाद के साथ, 36घंटे का निर्जला निराहार व्रत शुरू

सहरसा शहर (एनएसबी)। सूर्योपासना का महापर्व छठ के मद्देनजर आस्था, श्र)ा व नियम निष्ठा के साथ दूसरे दिन शनिवार को खरना की तैयारी में वती परिवार जुटी हुई है। परम्परा अनुसार खरना का प्रसाद खीर मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जला कर ही बनाने की परंपरा है। लेकिन अब शहरों में आुनिकीकरा के कारा लो अल अलैस व चुल्हा का प्रयो ड़ल्ले से उपयो कर रहे है। खरना के मौके पर खीर के अलावे छठी मईया को चढ़ने वाले चपाती की भी तैयारी अंतिम चरा में है।पर्व के निमित्त खरीदे येंहू को वती महिलाओं ने नहाय-खाय के दिन शुक्रवार को ही ो कर सूखा लिया या है। ूले हु, आटा चक्की मिलों परेंहू की पिसाई पवित्ता के साथ कराया या है।इसके अलावे खरना के प्रसाद में चढ़ाये जाने वाले केले की भी बिक्री जमकर हो रही है।ाी पथ निवासी सुशील ुप्ता की माँ ने बताया कि शनिवार की रात खरना का प्रसाद खाने के साथ ही वतियों के लातार 36 ंटे का निर्जल निराहार वत शुरू हो जायेा। वती सोमवार को उते सूर्य को अर्य देने के बाद पहले पूजा अर्चना करेंी।फिर प्रसाद हा कर वत तोड़ेंी।उन्होने बताया कि नियम-निष्ठा वाले इस पर्व में वती परिवार को पल-पल खास यान रखना होता है। शु)ता व साफ-सफाई पर्व की पहचान होती है। सूर्योपासना के इस महान पर्व के प्रति लोों की मनोकामना पूा होने की बात कही जाती है। कहते हैं कि श्र)ा व अंतरात्मा से किये जाने वाले हर कार्य में सि) मिलती है। यही कारा है कि नियम निष्ठा का खास ख्याल लोों को आस्था व श्र)ा के अत्यंत करीब ले जाता है।



खरना की तैयारी में व्रती।

छुट्टी पर घर आए बिहार पुलिस के जवान ने पत्नी के सीने में दागी गोली, इलाज के दौरान मौत

परबत्ता (एनएसबी)। भरतखंड थाना क्षेत्र के मथुरापुर नौनियाचक गांव में शुक्रवार देर शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। छुट्टी पर घर आए बिहार पुलिस के जवान ने कथित तौर पर अपनी ही पत्नी को सीने में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल पत्नी को इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान श्वेता कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मथुरापुर निवासी वेदानंद चौधरी के पुत्र गौतम कुमार बिहार पुलिस के गया जिला बल में पदस्थापित हैं। करीब 15 वर्ष पूर्व उनकी शादी परबत्ता प्रखंड की कबेला पंचायत निवासी नागेश्वर ठाकुर की पुत्री श्वेता कुमारी से हुई थी। दंपती के एक बेटा और एक बेटी हैं। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच शुक्रवार की देर शाम गौतम कुमार ने कथित तौर पर अपनी पत्नी के सीने में गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायल श्वेता को इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद देर रात तक वारदात की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हो पाई थीं। शनिवार को खगड़िया एसपी शैलेन्द्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी ली। एसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात भरतखंड थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मथुरापुर नौनियाचक गांव में बिहार पुलिस के एक जवान ने अपनी पत्नी को गोली मार दी है। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी जवान अपनी घायल पत्नी को इलाज के लिए बेगूसराय लेकर जा चुका था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी ने स्पष्ट किया कि बिहार पुलिस के जवान गौतम कुमार ने ही अपनी पत्नी श्वेता कुमारी के सीने में गोली मारी थी। जवान छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि वारदात में अवैध हथियार का इस्तेमाल किया गया है। आरोपी गौतम कुमार गया जिला बल में कार्यरत है।इस घटना से जहां एक परिवार उजड़ गया, वहीं दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है।इस मौके पर गोगरी एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर, भरतखंड थानाध्यक्ष सावित्री कुमारी आदि उपस्थित थे।




जानकारी देते एसपी शैलेन्द्र सिंह।

संक्षिप्त खबरें

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव में पार्थो घोष, मोनालिसा, सपना अवस्थी और सयाली कांबले की प्रस्तुति

19 से 21 नवंबर तक महिषी में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन

सहरसा शहर (एनएसबी)। मिथिला की सांसतिक, आयात्मिक और बौ)िक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से पर्यटन विभा, बिहार सरकार ,वं जिला प्रशासन, सहरसा के संयुक्त तत्वावाान में श्री उतारा सांसतिक महोत्सव का भव्य आयोजन 19 से 21 नवंबर 2026 तक महिषी के राजकमल क्रीड़ा मैदान में किया जा,ा। तीन दिवसीय इस महोत्सव में सीत, हास्य, लोककला और साहित्य-संस्ति का अनूठा संम देखने को मिलेा।महोत्सव के पहले दिन इंडियन आइडल फेम पार्थो ाोष ,वं मोनालिसा अपनी शानदार सीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंमुग करें। दूसरे दिन बलीवुड की चर्चित पार्श्वायिका सपना अवस्थी अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरेंी। इसी दिन इंडियन लाफ्टर शो के लोकप्रिय हास्य कलाकार सुनील पाल अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब ुदुदों,। वहीं, महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन इंडियन आइडल की चर्चित ायिका सयाली कांबले की सुरीली आवाज से महिषी का सांसतिक मंचुंजायमान हो।। महोत्सव की खास बात यह होी कि तीनों दिनों स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेा। जिले के लोक कलाकार, सीतकार ,वं सांसतिक प्रतिभा, अपनी प्रस्तुतियों के मायम से ो की समृ) लोक परंपरा और सांसतिक पहचान को मंच प्रदान करें। इससे स्थानीय कला ,वं कलाकारों को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को भी अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेा। सांसतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ महोत्सव के अंतत 20 ,वं 21 नवंबर को प्रसि) मंडन ाम में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया जा,ा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से ख्यातिप्राप्त विान, शिाविद् ,वं विषय विशेषज्ञ जुटें। सेमिनार में भारतीय दर्शन, मिथिला की ज्ञान परंपरा, मंडन मिश्र की दार्शनिक विरासत तथा शासर्थ की ैरवशाली परंपरा पर ंभीर विमर्श हो। विानों के बीच वैचारिक संवाद ,वं शासर्थ के मायम से मिथिला की बौ)िक विरासत को पुनः रेखांकित किया जा,ा। इस प्रकार श्री उतारा सांसतिक महोत्सव केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि मिथिला की सांसतिक चेतना, लोक परंपरा, आयात्मिक विरासत और ज्ञान-विज्ञान की परंपरा को ,क मंच पर लाने का महत्वर्पू प्रयास साबित हो। तीन दिनों तक महिषी सीत, कला, हास्य और वित् विमर्श की जीवंत ारा से सराबोर रहे। इस आयोजन से सहरसा जिले को पर्यटन ,वं सांसतिक मानचि पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है।जिलाकिारी दीपेश कुमार के आदेश पर सभी संब) विभों को श्री उतारा सांसतिक महोत्सव के विराट सफलता के लि, निर्देशित कर दिया या है।



.कार्यक्रम में उपस्थित कलाकार।

नशा मुक्त कोशी अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में 1367-435 लीटर शराब, 1296 लीटर कोडिनयुक्त सिरप बरामद व 92 व्यक्ति गिरफ्तार

सहरसा ाहर (एनएसबी)। कोशी ान्तत सहरसा, सुपौल ,वं मोपुरा जिला में चलाये जा रहे ष्नशा मुक्त कोशीष् अभियान को लातार सफलता मिल रही है। इस अभियान में आम जनों का भी अप्रतिम सहयो प्राप्त हो रहा है। पुलिस उप-महानिरीाक, कोशी ो, सहरसा के ारा इस अभियान के तहत जारी किये ये हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर आम जनता ारा बढ़-चढ़कर सूचना दी जा रही है। सूचना देने वाले व्यक्ति का मोबाइल नं ,वं उनकी पहचान ोपनीय रखी जाती है। इस हेल्पलाईन से प्राप्त सूचना पर सी पुलिस उप-महानिरीाक, कोशी ो, सहरसा के अनुश्रवा में कार्रवाई की जाती है। इस अभियान के तहत वित सप्ताह (दिनांक-07-11-2026 से 13-11-2026) में कुल 1367-435 लीटर अवै शराब, ँजा-16-425 किलोाम, स्मैक 51-12 ाम, कोडिन सिरप-1296 लीटर, नशीला इंजेक्शन-18 ,म,ल, मोटरसाइकिल-15, तीन पहिया-02, चार पहिया वाहन-02, साइकिल-01, मोबाइल-02, डिजिटल तराजू-02, र्केची-01, ैस सिलेंडर-01, ैस चुल्हा-01, ैस रेगुलेटर पाईप सहित-01, डेकची-02 ,वं नकद 1,04,210 रूपया बरामद किया या है। अवै शराब के मामले में 81 ,वं सूखा नशा के मामले में 11 व्यक्तियों को रिफ्तार कर जेल भेजा या है तथा इनलोों के विरू) कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के प्रारम्भ होने (फरवरी-2026) से अबतक कुल 87417- 733 लीटर अवै शराब, अवै कफ सिरप 5762-491 लीटर, ँजा-8271-219 किलोाम, स्मैक-9443- 102 ाम, नशीला इंजेक्शन-13220 ,म,ल, नशीला टैबलेट-325 अद्द, सिरिंज-01 पैकेट, विदेश निर्मित पिस्टल-02, पिस्टल-02, देशी कट्टा-09, देशी मस्केट-01, मैजीन-03, कारतूस-47, मोबाइल-112, चार चक्का-45, नाव-02, भारतीय मुद्रा-6696202 रूपया, नेपाली मुद्रा-27570 रूपया, ट्रक-02, हाईवा-01, पासबुक-03, कार्ड-01, लोहा का भट्ठी-01, इलेक्ट्रीक तराजू-06 बरामद किया या है। इस मामले में कुल 2809 तस्करों को रिफ्तार कर जेल भेजा या है। इस संबा में ड कुमार आशीष, पुलिस उप-महानिरीाक, कोशी ो, सहरसा ारा लातार नशामुक्ति से संबांित जारूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस जारूकता अभियान के तहत कल दिनांक-13-11-2026 को सहरसा सदर थाना अंतत सहरसा बस्ती में अवस्थित ठळचै स्कूल में आमजनों को जारूक किया या, जिसमें ो के कई जन प्रतिनिाि, प्रबु) नारिक, आम जनता ,वं महिला, उपस्थित थीं।

भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर किसानों की बैठक

सहरसा शहर (एनएसबी)। सौर बाजार प्रखंड अंतत रौता महंत स्थान में शनिवार को दिन के 11 बजे इलाके के किसानों की ,क महत्वर्पू बैठक आयोजित की ई। बैठक में जन स्वराज के प्रदेश नेता सह पूर्व विाायक किशोर कुमार मुन्ना भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तावित सिक्स लेन सड़क के अलाइनमेंट से किसानों की बसावट ,वं कीमती जमीन पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर विस्तार से चर्चा की ई। बैठक में किसानों ने चिंता जताई कि प्रस्तावित सड़क के अलाइनमेंट से कई किसानों की आवासीय बसावट और उपजाऊ जमीन प्रभावित हो सकती है। वहीं, जमीन के वास्तविक बाजार मूल्य से कम मुआवजा मिलने की आशंका को लेकर भी किसानों ने अपनी बातें रखीं। इस दौरान पूर्व विाायक किशोर कुमार मुन्ना सहित उपस्थित किसानों ने किसान हितों की रा, उचित मुआवजा सुनिश्चित करने और भूमि आिा से जुड़ी समस्याओं के समाान के लि, विचार-विमर्श किया। किसानों को संठित करने, प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सामने लाने तथा संबांित आिकारियों के समा अपनी मां रखने पर जोर दिया या। बैठक में किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर सांर्ष समिति के ठन, प्रभावित किसानों के साथ समन्वय स्थापित करने और ओ की ानीति तय करने के लि, कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई। किसानों का कहना था कि वे विकास कार्यों के विरोाी नहीं हैं, लेकिन सड़क निर्मा के नाम पर किसानों की जमीन और बसावट प्रभावित होने की स्थिति में उन्हें जमीन का उचित बाजार मूल्य और न्यायसंत मुआवजा मिलना चाहि,।



किसानों के बीच चर्चा करते पूर्व विधायक।

संक्षिप्त खबरें

यात्रियों की सुविधा वाली फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 17 घंटे लेट

जमालपुर (मुंगेर)छठ पूजा में यात्रियों को विशेष सुविधा देने के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है परंतु स्पेशल ट्रेनों का परिचालन समय पर संभव नहीं हो पा रहा हैं। इस वजह से अन्य प्रांत में काम कर रहे लोगों को छठ पूजा में अपने घर आने में यात्री परेशान हो रहे हैं। मालदा डिवीजन अंतर्गत जमालपुर भागलपुर रेलखंड पर चलने वाली कई स्पेशल ट्रेन जिसे गुरुवार को जमालपुर पहुंचना था वह स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को जमालपुर स्टेशन पहुंची। शकूरबस्ती से मालदा टाउन को जाने वाली 03440 डाउन स्पेशल फेयर फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से लगभग 17 घंटे से अधिक विलंब से चल रही है ट्रेन के जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय गुरुवार की संध्या 7रू 15 बजे है परंतु यह ट्रेन शुक्रवार पूर्वाहन 11रू 35बजे के बाद जमालपुर पहुंचने वाली है। लगभग सभी स्पेशल ट्रेन 5 घंटे से अधिक समय से लेट से चल रही है।बताया गया है कि आनंद विहार टर्मिनल से चलकर सबौर को जाने वाली 04066 डाउन स्पेशल फेयर फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से 5 घंटे से अधिक लेट है।इस ट्रेन का जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 4रू50 बजे था परंतु यह ट्रेन 10रू01 बजे जमालपुर पहुंची।यही स्थिति आनंद विहार से चलकर भागलपुर आ रही है ट्रेन संख्या 04062 डाउन आनंद विहार भागलपुर स्पेशल फेयर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से साढे चार घटे लेट चल रही है इस ट्रेन के जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय पूर्वाहन 11रू02 बजे है लेकिन यह ट्रेन अपरा 03रू00 बजे जमालपुर पहुंचेगी।कई ट्रेन विलंब से चल रही है 04065 अप 90 मिनट बिलंब से चल रही है इसका 12रू25 बजे जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय ह लेकिन 90 मिनट बिलंब से चल कर 1रू55 बजे पहुंची 04062 डाउन आनंद विहार से भागलपुर जाने वाली स्पेशल ट्रेन जिसका 11रू02 जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय।है लेकिन 4 घंटे बिलंब से चलकर 03 बजे पहुंची।

मधुश्रवा छठ घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बीडीओ ने किया निरीक्षण

मेहंदिया (एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मधुश्रवा छठ घाट पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को खरना के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मधुश्रवा में ान-ध्यान कर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की तथा अर्घ्य अर्पित किया। घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। कई छठवती आज से ही मधुश्रवा में रहकर छठ वत का अनुष्ठान कर रहे हैं। वहीं कुछ श्रद्धालु आज से लेकर छठ पूजा की समाप्ति तक मधुश्रवा में ही प्रवास करेंगे। छठ महापर्व के चार दिनों तक मधुश्रवा में बड़ी संख्या में छठवती एवं श्रद्धालु रहकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस दौरान यहां भव्य मेले का भी आयोजन होगा, जहां विभिन्न प्रकार की दुकानें एवं जरूरत के सामान उपलब्ध रहेंगे। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए कुछ लोग तंबू लगाकर रहेंगे, तो कुछ मधुश्रवा स्थित धर्मशाला एवं आसपास के विद्यालयों में ठहरकर पूजा-अर्चना करेंगे। इन चार दिनों तक पूरा मधुश्रवा क्षेत्र छठ की आस्था और भक्ति के माहौल में सराबोर रहेगा। इधर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने मधुश्रवा छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। वर्तमान में घाट की साफ-सफाई बेहतर तरीके से कराई गई है। घाट की सीढ़ियों का रंग-रोगन किया गया है, वहीं मंदिर परिसर की भी विशेष साफ-सफाई कराई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट पर बेहतर व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सुशील कुमार ने बताया कि मधुश्रवा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। छठवतियों को अर्घ्य देने, पूजा-पाठ करने और ठहरने सहित अन्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। घाट पर पर्याप्त प्रकाश, पानी की व्यवस्था के साथ स्थानीय वलंटियर और पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर विशेष स्तर पर व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया मुंदरिक सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पैतृक गांव में छठ मनाएंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, तीन घाटों पर देंगे अर्घ्य

15 नवंबर की देर शाम लखनपुर पहुंचने की संभावना, सोमवार सुबह स्वजन के साथ करेंगे सूर्योपासना

जन्मदिन पर घर में नहीं होगा आयोजन, 16 नवंबर को असरगंज में भाजपा कार्यकर्ता करेंगे स्वैच्छिक रक्तदान

मुंगेर (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस बार लोक आस्था के महापर्व छठ पर अपने पैतृक गांव तारापुर के लखनपुर में स्वजन के बीच रहेंगे। मुख्यमंत्री 15 नवंबर की देर शाम सड़क मार्ग से लखनपुर पहुंच सकते हैं। इसके बाद सोमवार की सुबह स्वजन के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। हालांकि, उनके आगमन की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। स्वजन से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री लखनपुर के अलावा तारापुर और असरगंज के तीन छठ घाटों पर भी अर्घ्य अर्पित करने जा सकते हैं।

'आवास से घाट पर करेंगे सूर्योपासना'

मुख्यमंत्री की छोटी बहन और भाभी छठ वत कर रही हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री परिवार के साथ छठ का महापर्व मनाएंगे। 15 नवंबर की देर शाम पहुंचने के कारण वह अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य नहीं दे पाएंगे। सोमवार की सुबह लखनपुर स्थित पैतृक आवास से करीब 500 मीटर दूर उत्तर टोला लखनपुर छठ घाट पर स्वजन के साथ अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके बाद वह बड़ी दुर्गा मंदिर छठ घाट, रणगांव मंदिर शिवगंगा छठ घाट और धोबई छठ घाट भी जा सकते हैं। इन घाटों पर भी अर्घ्य अर्पित करने की संभावना है।

'अर्घ्य के बाद हेलीकाप्टर से जाएंगे पटना'

स्वजन से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह अर्घ्य अर्पित करने और प्रसाद ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री करीब 10 बजे हेलीकाप्टर से पटना के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को डीएम निखिल धनराज निप्पाणीकर और एसपी सैयद इमरान मसूद ने अधिकारियों के साथ तारापुर में संभावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन वाले घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

'जन्मदिन पर रक्तदान से सेवा का संदेश'

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का जन्मदिन 16 नवंबर को है। हालांकि, सरकारी कार्यो की व्यस्तता के कारण इस बार स्वजन के साथ जन्मदिन मनाने का कोई कार्यक्रम नहीं है। दूसरी ओर, उनके जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है। सरस्वती सेवा समिति, असरगंज की ओर से 16 नवंबर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसमें भाजपा कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। इस तरह मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ने की पहल की गई है।

पांडवों से जुड़ी पौराणिक तीर्थ स्थल पंचतीर्थ में छठ वतियों का उमड़ता है हुजूम

कुर्था (एनएसबी) पुनपुन नदी के पावन तट पर अवस्थित कुर्था प्रखंड का ऐतिहासिक पंचतीर्थ धाम धार्मिक आस्था, पौराणिक मान्यताओं और गौरवशाली इतिहास का ऐसा संगम है, जिसकी महत्ता सदियों पुरानी है। पांडवों से जुड़ी पौराणिक गाथाओं से लेकर अंग्रेजी शासनकाल के ऐतिहासिक दस्तावेजों तक इस धाम की अपनी विशिष्ट पहचान रही है। यहां भगवान शिव का प्राचीन मंदिर, भगवान विष्णु के पाषाणयुक्त चरणचि और भव्य सूर्य मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के केंद्र हैं। इसके बावजूद विडंबना है कि इतनी समृद्ध धार्मिक व ऐतिहासिक विरासत होने के बाद भी पंचतीर्थ धाम आज तक सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। इस धाम में सालोंभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। विशेषकर कार्तिक पूर्णिमा, चौती छठ और कार्तिक छठ के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी वती और श्रद्धालु पुनपुन नदी में आस्था की डुबकी लगाने तथा पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। छठ महापर्व के दौरान हजारों सूर्योपासक घाट पर डेरा-डंडा डालकर पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं। स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पंचतीर्थ धाम का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि यहां स्थापित प्राचीन शिवलिंग की स्थापना पांडवों ने अपने हाथों से की थी। धार्मिक ग्रंथों में भी इस स्थल का उल्लेख होने की बात स्थानीय विद्वानों द्वारा बताई जाती है। भगवान विष्णु के पाषाणयुक्त चरणचि भी इस धाम की धार्मिक महत्ता को विशेष बनाते हैं। यही कारण है कि पंचतीर्थ धाम को लेकर स्थानीय लोगों के बीच गहरी श्रद्धा और अटूट विश्वास कायम है। पंचतीर्थ धाम में सूर्योपासना की परंपरा काफी पुरानी रही है। कर्मकांडी विद्वान पंडित प्रभाकर शर्मा के अनुसार, सूर्य मंदिर के निर्माण से पहले भी श्रद्धालु यहां पुनपुन नदी के तट पर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते थे। बताया जाता है कि इस धाम का उल्लेख गोरखपुर से प्रकाशित धार्मिक पत्रिका श्कल्याणश में भी मिलता है। पंचतीर्थ धाम की ऐतिहासिक महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 1793 में तत्कालीन गवर्नर जनरल लर्ड कर्नवालिस भी यहां पहुंचे थे। जिन्होंने तत्कालीन राजा जसवंत सिंह को इस धार्मिक स्थल के विकास और यहां लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने का सुझाव दिया था। यह प्रसंग पंचतीर्थ धाम के ऐतिहासिक महत्व को और भी खास बनाता है। सदियों से यहां लगने वाले धार्मिक मेले में श्रद्धालुओं की भागीदारी इसकी लोकप्रियता और आस्था का प्रमाण है। पंचतीर्थ धाम की पहचान सूर्य उपासना के प्रमुख केंद्र के रूप में भी है। कार्तिक और चौती छठ के अवसर पर यहां हजारों वती और श्रद्धालु पहुंचते हैं। पुनपुन नदी के तट पर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए वतियों की लंबी कतारें लगती हैं। इसके अलावा कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में ान, दान-पुण्य और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। पुनपुन नदी का तट पितरों के तर्पण और श्राद्ध कर्म के लिए भी धार्मिक ष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। कहते हैं कि विरासत अतीत का आईना होती है और उसका संरक्षण अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखने के समान है।लेकिन पंचतीर्थ धाम की स्थिति इस कहावत के विपरीत नजर आती है। पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण होने के बावजूद यह स्थल अब तक अपेक्षित विकास और संरक्षण से वंचित है। न तो इसे पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई देती है और न ही इसकी ऐतिहासिक पहचान को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जा सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पंचतीर्थ धाम का समुचित विकास किया जाए तो यह न केवल जिले की धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई दे सकता है, बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ा सकता है। इसके लिए घाट का पक्कीकरण और सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था तथा मंदिर परिसर के संरक्षण की जरूरत है। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी घाट की व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर सक्रिय रहता है। विगत 10 नवंबर को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पंचतीर्थ छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया था। हालांकि स्थानीय लोगों की अपेक्षा है कि पर्व विशेष की तैयारियों से आगे बढ़कर इस प्राचीन धरोहर के स्थायी विकास और संरक्षण की दिशा में भी ठोस पहल हो। अब सवाल यह है कि जिस पंचतीर्थ धाम की पौराणिक गाथाएं पांडवों से जुड़ी हों, जहां भगवान शिव, विष्णु और सूर्य की आराधना की परंपरा सदियों से चली आ रही हो और जहां कभी लर्ड कर्नवालिस तक पहुंचे हों, वह स्थल आज भी उपेक्षा का शिकार क्यों है जरूरत है पंचतीर्थ धाम को उसकी वास्तविक पहचान और गौरव वापस दिलवाने की।

कांग्रेस नेता व पूर्व मुखिया के निधन से प्रखण्ड क्षेत्र में शोक की लहर

कुर्था (एनएसबी) पूर्व मुखिया सह कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष व उतरामा निवासी बागेश शर्मा के आकस्मिक निधन से पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक एवं पंचायत प्रतिनिधियों के बीच शोक की लहर फैल गई। वे अपने लंबे राजनीतिक और सामाजिक जीवन में क्षेत्र की जनता के बीच काफी लोकप्रिय रहे। जानकारी के अनुसार बागेश शर्मा ने वर्ष 1978 से 2002 तक कुर्था प्रखंड की सहोपुर पंचायत के मुखिया के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके बाद वर्ष 2002 से 2007 तक अहमदपुर हरना पंचायत के मुखिया रहे। इस प्रकार उन्होंने लगातार कई दशकों तक पंचायत की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके थे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस नेता।

उनके निधन को राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके कार्यकाल और सामाजिक योगदान को लोग याद कर रहे हैं। उनके आकस्मिक निधन पर कुर्था विधानसभा क्षेत्र के विधायक पप्पू वर्मा, अहमदपुर हरना पंचायत के पैक्स अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मो. कैफ, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की है।

प्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री स्वाति किशोरी मिश्रा का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

मेहंदिया (एनएसबी) कलेर प्रखंड के ग्राम नाथ खरसा में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है स्वर्गीय राजदुलारी देवी की स्मृति में 14 नवंबर से 18 नवंबर तक आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में कथा वाचन के लिए मध्य प्रदेश से पधारीं प्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री स्वाति किशोरी मिश्रा जी का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कथा वाचिका के गांव पहुंचते ही महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया महिलाओं ने फूल-मालाएं पहनाकर, आरती उतारकर उनका स्वागत किया इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और हर-हर महादेव एवं राधे-राधे के जयकारों से गांव गूंज उठा आयोजन समिती के प्रमुख अमरेन्द्र शर्मा के अनुसार, स्वर्गीय राजदुलारी देवी की स्मृति में आयोजित इस भागवत कथा का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक, सांस्तिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना है पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन भक्तों को भगवान श्रीष्ण की लीलाओं का श्रवण करने का अवसर मिलेगा. कथा के साथ-साथ भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित हैं आयोजन समिति ने कथा स्थल पर भव्य पंडाल, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश एवं सुरक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कथा वाचन प्रतिदिन निर्धारित समय पर होगा। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं संस्कार की भावना मजबूत होती है।

हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी एसआईटी जल्द गिरफ्त में होंगे अपराधी : आईजी

कुर्था (एनएसबी) स्वर्ण व्यवसायी मनोज स्वर्णकार हत्याकांड को लेकर पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। हत्याकांड के उद्भेदन को लेकर पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित एसआईटी की टीम लगातार विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस का दावा है कि अनुसंधान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। यह भरोसा शनिवार को कुर्था पहुंचीं मगध रेंज की आईजी विकास वैभव ने दिया। आईजी विकास वैभव हत्याकांड की जांच की प्रगति का जायजा लेने और मृतक के परिजनों से मुलाकात करने कुर्था पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से बातचीत कर घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। परिजनों ने उनके समक्ष अपनी बातें रखीं। आईजी ने उन्हें आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



परिजनों से मिलते आईजी।

परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए आईजी ने कहा कि मनोज स्वर्णकार हत्याकांड पुलिस के लिए गंभीर मामला है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली गई हैं। इसके साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से भी अब तक की गई कार्रवाई और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनोज स्वर्णकार की हत्या लूटपाट की घटना नहीं थी, बल्कि उन्हें गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया था। मामले की तह तक पहुंचने और अपराधियों की पहचान करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी की टीम सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए लगातार अनुसंधान कर रही है। आईजी ने कहा कि पुलिस इस मामले को लेकर गंभीर है और अनुसंधान में किसी भी बिंदु को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली जाएगी और इसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि स्वर्ण व्यवसायी मनोज स्वर्णकार की हत्या के बाद से ही इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है। घटना को लेकर स्थानीय व्यवसायियों और आम लोगों के बीच भी पुलिस की कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मगध रेंज की आईजी के कुर्था पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करने और जल्द उद्भेदन का भरोसा देने से लोगों में न्याय की उम्मीद जगी है। अब सभी की निगाहें एसआईटी की जांच और पुलिस के अगले कदम पर टिकी हैं।

संक्षिप्त खबरें

छठ महापर्व को लेकर जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न छठ घाटों का किया संयुक्त निरीक्षण

सोनपुर (एन एसबी) लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी सारण श्री वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सारण श्री रौशन कुमार द्वारा आज दिनांक 14 नवंबर, 2026 को जिले के विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त रूप से भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में दोनों वरीय अधिकारियों ने सर्वप्रथम दिघवारा प्रखंड अंतर्गत आमी तथा शीतलपुर के छठ घाट का जायजा लिया। इसके उपरांत दरियापुर प्रखंड अंतर्गत पट्टी पुल क्षेत्र का निरीक्षण किया। तत्पश्चात सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत सबलपुर,काली घाट एवं पहलेजा घाट सहित विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर वहां की तैयारियों का जायजा लिया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने घाटों की साफ-सफाई, छठ वतियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था, सुरक्षा के ष्टिकोण से बैरिकेडिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा घाटों तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गो की स्थिति का विशेष रूप से निरीक्षण किया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए प्रमुख निर्देश रू 1 घाटों की समुचित साफ-सफाई रू सभी छठ घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। घाटों तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गो की भी नियमित सफाई कराई जाए। 2 चेंजिंग रूम की व्यवस्था रू छठ वतियों, विशेषकर महिला श्रद्धालुओं की सुविधा एवं निजता को ध्यान में रखते हुए घाटों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षित एवं सुविधाजनक चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 3 बैरिकेडिंग की व्यवस्था रू श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नदी एवं जलाशयों में निर्धारित सुरक्षित सीमा तक मजबूत बैरिकेडिंग कराई जाए। खतरनाक एवं गहरे जल वाले स्थानों को चिति करते हुए वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। 4 समुचित प्रकाश व्यवस्था रू सभी छठ घाटों, संपर्क मार्गो एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संध्या एवं प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान विशेष रूप से रोशनी की समुचित व्यवस्था रहे। 5 आवागमन की सुगम व्यवस्था रू छठ घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को साफ, सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। 6 विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा रू घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। भीड़ प्रबंधन तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। 7 समयबद्ध तैयारी रू सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी किया जाए। जिला पदाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री रौशन कुमार ने निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं छठ वतियों की सुविधा और सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक आस्था के इस महापर्व को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताहै।



जिलाधिकारी की अध्यक्षता छठ घाटों का निरीक्षण।

सेवा, सहयोग एवं समर्पण के साथ यात्रियों की सुरक्षा में जुटे स्काउट्स एवं गाइड्स

सोनपुर (एन एसबी) यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन एवं स्टेशन परिसर में सुचारू भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ सोनपुर द्वारा हाजीपुर जंक्शन पर विशेष भीड़ नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 14 नवंबर से 18 नवंबर, 2026 तक संचालित इस विशेष अभियान के तहत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्वयंसेवक पूरी तत्परता, अनुशासन एवं सेवाभाव के साथ यात्रियों की सहायता में जुटे हुए हैं। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से आवागमन करने, भीड़ को नियंत्रित एवं व्यवस्थित रखने, यात्रियों को उचित मार्गदर्शन देने तथा स्टेशन परिसर में सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। विशेषकर त्योहारों एवं ान पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्काउट्स एवं गाइड्स का यह प्रयास रेलवे प्रशासन के यात्री सुविधा एवं सुरक्षा संबंधी कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सेवा, सहयोग और समर्पण के मूल मंत्र के साथ स्काउट्स एवं गाइड्स का यह प्रयास सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं यात्री हितैषी रेल यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में सराहनीय पहल है।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जवान भीड़ नियंत्रण में शामिल।

खरना के भक्ति भाव में सराबोर हुआ कुर्था छठी मैया के जयकारों से गूंजा चप्पा-चप्पा

कुर्था (एनएसबी) लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र में खरना का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और पवित्रता के साथ मनाया गया। नहाय-खाय के साथ शुरू हुए इस महापर्व को लेकर सुबह से ही वतियों के घरों में विशेष उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिला। दिनभर वतियों ने पूरी निष्ठा और पवित्रता के साथ खरना की तैयारी की। शाम होते ही वतियों ने ान कर नए वस्त्र धारण किए और विधि-विधान के साथ भगवान सूर्यदेव एवं छठी मैया की पूजा-अर्चना की। इसके बाद गुड़ से बनी खीर, रोटी और फल आदि का प्रसाद तैयार कर भगवान सूर्य को भोग लगाया गया। पूजा-अर्चना के बाद वतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया तथा परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। खरना के साथ ही छठ वतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। वती पूरी आस्था और निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित करने की तैयारी में जुट गए हैं। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बाजारों में छठी मैया के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। चारों ओर छठी मैया की महिमा और सूर्यदेव की आराधना की गूंज सुनाई दे रही है। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। पूरे प्रखंड क्षेत्र में छठ को लेकर श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का माहौल कायम है।



खरना का प्रसाद ग्रहण करती वती।

केंद्रीय मंत्री व सांसद चिराग पासवान ने हाजीपुर के ऐतिहासिक कौनहारा घाट का किया निरीक्षण

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद चिराग पासवान ने लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन हाजीपुर के ऐतिहासिक कौनहारा घाट पहुंचकर छठ घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया और वहां उपस्थित जिला पदाधिकारी से अब तक की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मंत्री ने महापर्व में शामिल होने वाले वतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आस्था को सर्वोपरि रखते हुए घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और विधि-व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं कड़े दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि छठ वतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी मुस्तैदी से सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी वर्षा सिंह सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



डीएम के साथ छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा।

प्रेस मीडिया को सम्बोधित करते हुए श्री चिराग ने कहा की स्थानीय सांसद होने के नाते ये प्रयास है मेरा कि आस्था का सबसे बड़ा महापर्व जहां श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव के साथ सूर्य देवता को अर्घ्य देकर छठी मईया से अपनी मनोकामना पूरी करने की आस के साथ आते हैं। ऐसे में जितनी सुविधाएं उनको दी जा सके व्यवस्था के तौर पर वो देने का प्रयास है। प्रशासन के साथ मिलकर हम लोग कर रहे हैं।

पूरी लोकसभा में यह प्रयास है मेरा की कोई गांव कोई कोना ऐसा ना रहे जहां पर व्यवस्था के अभाव में स्थानीयो को किसी तरीके की कोई कठिनाई हो।उन्होंने कहा कि छठ वतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी मुस्तैदी से सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, एमएलसी अशरफ अंसारी , प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

खबरें

खास-खास

समाजसेवी ने किया साड़ी का वितरण

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। आस्था का महापर्व छठ पर्व के पावन अवसर पर कई समाजसेवियों के द्वारा साड़ी एवं पूजन सामग्री का वितरण क्षेत्र के गरीब असहाय परिवार के लोगों के बीच किया जा रहा है। इसी कड़ी में महुआ प्रखंड अंतर्गत रूसूलपुर मोबारक पंचायत के हरपुर गंगाराम स्थित अपने आवास पर अमित कुमार उर्फ निक्कू श्रीवास्तव (मारुति इंटरप्राइजेज) द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर छठ वतियों के बीच साड़ियों का वितरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने करीब पांच सौ ज्यादा महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया।साड़ी पाकर गरीब, एवं असहाय महिलाएं काफी खुश नजर आ रही थी।इस अवसर पर पूर्व मुखिया दिनेश पासवान, शिक्षक रविन्द्र पासवान, समाजसेवी उपेन्द्र पासवान, राजबालम पासवान,राजकुमार ठाकुर,मुकेश यादव,शेखर सिंह सहित परिवार के सदस्य एवं क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस पुनीत पहल के माध्यम से छठ वतियों के प्रति सम्मान, सहयोग और सेवा-भावना का सुंदर संदेश दिया गया। इस मौके पर समाजसेवी अमित कुमार उर्फ निक्कू श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ा पुण्य है। हमारी यही कामना है कि छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली प्रदान करें।



अमित कुमार उर्फ निक्कू श्रीवास्तव (मारुति इंटरप्राइजेज) द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर छठ वतियों के बीच साड़ियों का वितरण किया गया।

एक नजर

गोलीकांड में लापता युवक का शव पोखर से बरामद



सराय (दैनिक नवसंदेश)। सराय थाना क्षेत्र में युवक को गोली मारकर लापता करने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान मझौली मोहम्मदपुर बुजुर्ग निवासी स्व. कुशेश्वर राय के पुत्र टिंकू कुमार उर्फ विवेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शव को सराय थाना क्षेत्र के मझौली मोहम्मदपुर बुजुर्ग पंचायत स्थित पोखर से बरामद किया गया है। आशंका है कि गोली मारने के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए शव को पोखर में फेंक दिया गया था। घटनास्थल से पूर्व में 3 खोखा बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है।परिजनों ने पुलिस से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

सांसद परिवार की ओर से वतियों के बीच साड़ी एवं पूजा चढ़ावे की सामग्री वितरण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। लोकआस्था, पवित्रता और सामाजिक समरसता के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर सांसद सह जद (यू) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा. आलोक कुमार सुमन के आवास पर सांसद एवं पत्नी सविता



लोगो को छठ का सामाना देते सांसद व परिवार के सदस्य।

सुमन उनके छोटे भाई डा. अमर कुमार और सांसद महोदय के ज्येष्ठ पुत्र डा. अभीक सुमन, पुत्रवधू डा. सगोलसेम सिंडी, छोटे पुत्र डा. अदितेय सुमन द्वारा छठ वतियों के बीच सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रामाशीष सिंह, योगेन्द्र राम, मो. अब्दुल कैस मौजुद थे। उन्होने छठ वतियों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्हें महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। छठ महापर्व केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, लोकपरंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। छठ वतियों की श्रद्धा, तपस्या और कठिन साना हम सभी के लिए सम्मान और प्रेरणा का विषय है। सांसद परिवार की ओर से इस पहल के मायम से पर्व की खुशियों को साझा करने तथा समाज के बीच अपनत्व, सहयोग और सद्भाव का संदेश दिया गया। छठी मैया से कामना है कि सभी वतियों की मनोकामनाएँ पूर्ण हों तथा समस्त गोपालगंजवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।

गोपालगंज में गैस सिलेंडर चोरी मामले में एक आरोपी गिरतार, चोरी का सिलेंडर बरामद

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरतार किया है। पुलिस ने इस मामले में चोरी का एक रसोई गैस सिलेंडर भी बरामद किया है। गिरतार आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गैस सिलेंडर चोरी करने और उसे विभिन्न दुकानों में बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस अीक्षक विनय तिवारी के कार्यालय से शनिवार को जारी सूचना के अनुसार, 13 नवंबर को थावे थाना क्षेत्र के ग्राम भुसाव में एक घर के सामने गेट के पास रखा गैस सिलेंडर चोरी होने की सूचना मिली थी। इस संबा में थावे थाना कांड संख्या 265/26 दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अनुसंान शुरू किया गया। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए थानायक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। अनुसंान के दौरान पता चला कि वादी की ाबवलिया बाजार में खाद की दुकान है। उनके घर से 17 अक्टूबर को भी एक गैस सिलेंडर चोरी हुआ था और 13 नवंबर को एक अन्य सिलेंडर चोरी कर लिया गया। 13 नवंबर को चोरी किया गया सिलेंडर लेकर एक युवक वादी की खाद दुकान के बगल में स्थित गैस दुकान पर उसे बेचने के लिए पहुंचा था। इस दौरान वादी ने सिलेंडर की पहचान कर ली। इसके बाद आसपास के दुकानदारों के सहयोग से युवक को पकड़ लिया गया और पुलिस को सूचना देकर उसे सौंप दिया गया। पूछताछ में गिरतार युवक ने अपना नाम ढीलू उर्फ निहित, पिता रमेश बासफोर, निवासी गोविंदापुर, थाना मांझागढ़, जिला गोपालगंज बताया। पुलिस की पूछताछ में उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गैस सिलेंडर चोरी करने और उसे विभिन्न दुकानों में बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने चोरी के गैस सिलेंडर को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी को गिरतार कर लिया।

बाल दिवस के अवसर पर श्रद्धा भाव से याद किए गए चाचा नेहरू



बाल दिवस के अवसर पर श्रद्धा भाव से याद किए गए चाचा नेहरू।

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती बाल दिवस के रूप में महुआ प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर में मनाई गई।

इस मौके पर उपस्थित छात्राओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू उर्फ चाचा नेहरू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा भाव से याद किया।

इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भारत का निर्माण करेंगे। बच्चे वह फूल हैं जिन्हें हर परिस्थिति में संभालना और संवारना चाहिए।

उन्होंने कहा-आजादी की लड़ाई में या फिर आजादी के बाद भारत निर्माण के नव भूमिका में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता। पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम था कि 530 से अधिक रियासतें एक हुई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल संसद के प्रधानमंत्री अंशिका कुमारी ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानमंत्री मुस्कान कुमारी, काजल कुमारी, गुंजन कुमारी प्रिया कुमारी, सौम्या रानी, हिमांशु कुमार के अलावा दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

राजीव रंजन ग्राम उत्थान ट्रस्ट अजमतपुर ने छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित किए

बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)। राजीव रंजन ग्राम उत्थान ट्रस्ट अजमतपुर के तत्वावधान में बिदुपुर स्टेशन पर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित की गई । ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी बृजनंदन शर्मा एवं ट्रस्टी श्री नारायण शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर ट्रस्टी श्री शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों के बीच छठ वत की महत्ता का वर्णन किया। छठ पूजा आपसी सौहार्द एवं सात्विकता के साथ मनाए जाने वाला पर्व है। लोक आस्था के इस महान पर्व पर लोगों को प्रति के महत्व की चर्चा की गई।इस अवसर पर मृत्युंजय कुमार , संजीव कुमार, राजीव रंजन , मनीष कुमार, अविनाश कुमार ,रवि भूषण कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि द्वारा वतियों के बीच पूजन सामग्री वितरण में सहयोग किया गया।इस अवसर लर मैनेजिंग ट्रस्टी श्री शर्मा ने कहा कि दिन दुखियो की सेवा करना सच्ची मानव की सेवा करने के समान है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के बीच पठन पाठ न सामग्री, निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाते है। वे समाज के असहाय,निर्धन व्यक्तियों को हमेशा मदद करते है।



व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरण ।

चार दिवसीय छठ महापर्व का दूसरा दिन खरना के साथ संपन्न

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ का दूसरा दिन खरना श्रद्धा और पवित्रता के साथ संपन्न हो गया। नहाय-खाय के बाद वतियों ने खरना कर 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरुआत की। शुभ मुहूर्त में वतियों ने नए चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़ की खीर, घी लगी रोटी और केले का महाप्रसाद बनाया। सबसे पहले छठी मइया को भोग अर्पित किया गया, उसके बाद वतियों ने स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद परिवार, पड़ोस और रिश्तेदारों में खीर-रोटी का प्रसाद वितरित किया गया। मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही छठ वत की शुद्धता पूर्ण होती है। हाजीपुर के ऐतिहासिक कोनहारा घाट, जहां गंगा और गंडक का संगम होता है, वहां आज सुबह से ही वतियों की भीड़ देखी गई। वतियों ने घाट पर ान कर महाप्रसाद के लिए जल भरा। इसके अलावा अन्य घाटों पर भी वतियों ने विधि-विधान से महाप्रसाद बनाया। वैशाली जिला



लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ का दूसरा दिन खरना श्रद्धा और पवित्रता के साथ संपन्न हो गया।

प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।घाटों पर कचरा नहीं दिखा और सफाई व्यवस्था बेहतर होने से वतियों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। जिलाधिकारी और एसपी ने स्वयं घाटों का निरीक्षण किया। छठ को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक है। हाजीपुर के बाजार में सूप, टोकरी, नारियल, सेब, संतरा, गन्ना और ठेकुआ के सामानों की दुकानों पर भीड़ लगी है। फल और पूजन सामग्री के दाम पिछले साल की तुलना में 20 से 30 प्रतिशत बढ़े हैं, लेकिन महंगाई पर आस्था भारी पड़ गई है। लोग बिना मोलभाव के सामान खरीद रहे हैं। कल तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए घाटों को फूलों और लाइटों से सजाया जा रहा है।

छठव्रतियों को पूजन सामग्री के साथ भेंट किए गए पौधे

व्रतियों ने लिया 'पर्यावरण सुरक्षा, जीवन रक्षा' का संकल्प

हथुआ (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था, पवित्रता एवं सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हो चुका है। इस पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा छठवतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड के बरवां स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को 101 जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री के साथ-साथ एक-एक पौधा भी भेंट किया गया। समिति की इस पर्यावरणोन्मुखी एवं अभिनव पहल के तहत जरूरतमंद व्रतियों ने श्रद्धापूर्वक पूजन सामग्री ग्रहण की तथा परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पूजन सामग्री के साथ पौधा भेंट करने की इस अनूठी पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र डा. सत्य प्रकाश ने प्रत्येक छठवती को पूजन सामग्री एवं पौधा प्रदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण और जीवन सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व में प्रयुक्त होने वाली अकिांश पूजन सामग्रियां प्रकृति प्रदत्त हैं, जिन्हें हम धरती माता से प्राप्त करते हैं। प्रकृति के इस अमूल्य उपकार का ऋण तो हम कभी नहीं चुका सकते, लेकिन पौधरोपण एवं उनके संरक्षण के मायम से प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य अवश्य निभा सकते हैं। इसी भावना के साथ सभी व्रतियों को पूजन सामग्री के साथ पौधा भेंट किया गया है तथा उनसे पौधे को रोपित कर उसकी समुचित देखभाल करने का आग्रह किया गया है। पूजन सामग्री एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे समिति के अध्यक्ष डा. राम विष्णु प्रसाद ने कहा कि समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया जाता है। यह सेवा-परंपरा वर्षों से अनवरत जारी है और भविष्य में भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जारी रहेगी। इस अवसर पर दिवाकर प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, अली मियां, बिंदु देवी, शोभा देवी, आरती देवी, जय प्रकाश, दीप्ति दीपांजलि, वेद प्रकाश, मधु श्रीवास्तव, ज्योति कुमारी, डा. अनन्या श्रीवास्तव, आदित्य कुमार, आशीष कुमार, आराया कुमारी, अक्षिता, अनिकेत, अद्वित, अनिका, अनवित, पुष्प राज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



छठ व्रतियों को पौधा देते।

समाजिक सदभाव का प्रतिक है छठ पुजा : राहुल कुमार

गोपालगंज (एनएसबी)। समाज सेवी राहुल कुमार ने कहा कि छठ पूजा समाजिक सदभाव का प्रतिक है। उन्होने कहा कि छठ सूर्योपासना का महापर्व है। जिसे सभी को मिलकर सौहार्द पूर्वक मनाना चाहिए। इस परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिशीय महत्व भी छिपा हुआ है। इस सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का वत रखा जाता है। उन्होने सूर्योपासना के महापर्व छठ के अवसर पर छठ वर्तियो को शुभकामना देते हुए कहा कि चार दिन और चार विधि से इस पर्व को मनाया जाता है। पहले दिन आत्म सुधी के लिए नहाय खाय छठवति करते है। जबकि दुसरे दिन उपवास आरम्भ कर खिर पुडी बनाकर भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं। तीसरे दिन सुर्य की अराधना करते हुए संध्या अर्ध्य देते है और चौथे दिन नदी या तलाब के किनारे खडा होकर उगते सुर्य को दुध मिला हुआ पानी को अर्पण करते है। बिहार में इस सांस्कृति का बहुत बडा महत्व है।



राहुल कुमार का फाईल फोटो।

आस्था की अनूठी मिसाल : 25 वर्षों से छठ व्रत कर रही हैं नजमा खातून, पति और देवरानी ने भी निभाई परंपर

आलोक कुमार

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा धर्म और मजहब की सीमाओं से ऊपर उठकर आपसी प्रेम, विश्वास और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देता है। इसकी एक अनूठी मिसाल गोपालगंज जिले के थावे प्रखंड के विशंभरपुर गांव में देखने को मिल रही है। यहां दो मुस्लिम महिलाएं 36 घंटे का निर्जला वत रखकर पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ छठी मइया की आराधना कर रही हैं। मुस्लिम मियां की पत्नी नजमा खातून पिछले 25 वर्षों से लगातार छठ व्रत कर रही हैं, जबकि उनकी देवरानी और हनीफ मियां की पत्नी सैरुन खातून भी पांच वर्षों से इस परंपरा को निभा रही हैं। दोनों महिलाओं की आस्था गांव में सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल बन गई है।दरअसल, नजमा खातून के छठ वत करने की कहानी करीब 25 वर्ष पुरानी है। उस समय उनके घर बेटे का जन्म हुआ था, लेकिन जन्म के समय बच्चे का एक पैर टेढ़ा था। बेटे की स्थिति देखकर मां नजमा काफी चिंतित रहने लगीं। इसी दौरान उन्होंने लोक आस्था के महापर्व छठ और छठी मइया की महिमा के बारे में सुना। नजमा के अनुसार, उन्हें सपने में छठ पूजा करने का संदेश मिला था। इसके बाद उन्होंने मन ही मन संकल्प लिया कि यदि उनका बेटा स्वस्थ हो जाता है और उसका पैर ठीक हो जाता है, तो वह जीवनभर छठ वत करेंगी। नजमा खातून बताती हैं कि छठी मइया की कृपा से उनका बेटा धीरे-धीरे स्वस्थ हो गया और उसका पैर भी सामान्य हो गया। बेटे की सलामती की मन्नत पूरी होने के बाद उन्होंने छठ वत करना शुरू कर दिया। शुरुआत में उनके पति मुस्लिम मियां ने भी पांच वर्षों तक उनके साथ छठ वत रखा। हालांकि, बाद में उन्होंने वत करना छोड़ दिया, लेकिन नजमा की आस्था और विश्वास लगातार कायम रहा। वह पिछले 25 वर्षों से पूरे विधि-विधान के साथ छठ महापर्व करती आ रही हैं। नजमा के इस फैसले का शुरुआत में मुस्लिम समाज के कुछ रूढ़िवादी लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन उन्होंने किसी की परवाह नहीं की। उनका कहना है कि आस्था का कोई धर्म नहीं होता। वह गर्व से कहती हैं, मैं आधी हिंदू और आधी मुस्लिम हूं। यदि मेरे समाज के लोग मुझे छोड़ भी देंगे, तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। जब तक मेरे शरीर में प्राण हैं और मुझमें वत करने की शक्ति है, तब तक मैं छठ महापर्व करती रहूंगी। नजमा खातून की आस्था से प्रेरित होकर उनकी देवरानी सैरुन खातून ने भी छठ वत करना शुरू किया। करीब पांच वर्ष पहले उनके पति हनीफ मियां गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे। परिवार पर संकट की घड़ी आई तो सैरुन ने छठी मइया से अपने पति के जल्द स्वस्थ होने की मन्नत मांगी। पति के स्वस्थ होने के बाद उन्होंने भी छठ वत करने का संकल्प पूरा किया। पिछले पांच वर्षों से वह लगातार पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ छठ महापर्व कर रही हैं। विशंभरपुर गांव की नजमा खातून और सैरुन खातून की कहानी यह बताती है कि सच्ची आस्था और विश्वास किसी एक धर्म या मजहब की सीमा में बाधा नहीं होते। दोनों मुस्लिम महिलाएं हिंदू परंपरा के इस कठिन महापर्व को पूरी श्रद्धा के साथ मनाकर समाज को आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दे रही हैं। छठ के अवसर पर उनकी यह अनूठी पहल सांप्रदायिक सौहार्द की ऐसी मिसाल बन गई है, जो समाज में धार्मिक सद्भाव और इंसानियत के रिश्तों को और मजबूत करती है।



नजमा खातुन।

छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

छठ व्रतियों में देखा जा रहा उत्साह व जज्बा, छठ घाट सजधज कर नई नवेली दूल्हन की तरह तैयार

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जिले में चार दिवसीय महाउपसना का महापर्व छठ की शुरूआत नहाय खाय के साथ शुरू हो चुका है। रविवार को छठ व्रतियों द्वारा छठ मईया की पूजा अर्चना की जाएगी तथा अस्ताचलगामी सूर्य का अर्घ्य देकर शाम होते ही छठ वती अपने-अपने घरों के लिए छठ मईयों की पारंपरिक गीतों को गाते हुए रवाना होंगी। वहां अपनी मन्नतों के अनुसार एक चौबीस या दो चौबीस कोसी भरेंगी। इसके लिए पूर्व से ही छठ वतियों द्वारा गन्ने, दीपक, अरवी, मूली, पान का पत्ता, कसैली, सूथनी, सिंघाड़ा, अरता के पत्ते, लवंग-लायची व कलश सहित अन्य पूजा सामग्रियों की व्यवस्था की है। शनिवार से ही छठ वतियों के द्वारा पारंपरिक छठ मईया की गीतों से शहर से लेकर गांव गुंजयामन हो रहे है। इससे लोगों की आस्था छठ वत को लेकर काफी बढ़ गई है। छठ वत को लेकर वतियों में जो उत्साह व जज्बा बढ़ा है उसे देखते बन रहा है। गांवों व शहर के कई मोहल्लों में छठ घाटों की साफ-सफाई कर इस प्रकार सजाया-धजाया गया है कि छठ घाट नई नवेली दूल्हन की तरह दिख रहे हैं। यहां लाईटिंग व ध्वनि विस्तारक यंत्रों की व्यवस्था पूजा समितियों के द्वारा की गई है। वहीं कई संवेदनशील छठ घाटों को चिह्नित कर वहां जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। साथ ही भ्रामक अफवाह फैलाने वाले लोगों पर भी पुलिस बल द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। उधर, परदेसियों के घर आ जाने से सभी घरों की रौनक बढ़ गई है। छठ घाटों पर पूजा अर्चना करने के लिए प्रसाद के रूप में पकवान बनाये गए हैं साथ ही पूजा के लिए फलों की भी व्यवस्था की गई है। वहीं रविवार को छठ पूजा करने को लेकर वतियों द्वारा पूजा सामग्रियों की खरीददारी करने लिए शनिवार की संध्या शहर में पहुंचने के कारण पूरा शहर जाम की स्थिति से जूझ रहा था। इस कारण शहर में आने-जाने वाले लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं बढ़ महंगाई की भी मार छठ वतियों को झेलनी पड़ी तथा उनकी जेबें ढीली करने पड़ी। महंगाई के बावजूद वतियों की शहर में उमड़ी भीड़ को देखकर ऐसा लग रहा था कि महंगाई पर लोगों का आस्था भारी पड़ रहा है।



छठ घाट को सजाते बच्चे।



बजारों में खरीदारों की भीड़।